On the west view of the temple the figure of Viṣṇu in his boar incarnation is fixed in the same tier. Here the Boar is uplifting the earth personified by his left hand, while his right is placed akimbo. The figure is wearing Vaijayantī-mālā made of lotus flowers and leaves. Making garland of lotus flowers along with the lotus leaves is a characteristic of Kuṣāṇa art which continued to be in practice during the Gupta period also. The Boar is wearing a girdle which is visible only in part on his right hip. He has a loin cloth and a full blown stalked lotus is seen just in the upper left corner of the panel as if serving an umbrella over the deity. It was perhaps being held by an attendant traceable near the right knee of the deity.

(3) EIGHT-ARMED VIṢṆU

In the same tier on the north face of the temple, the figure of Viṣṇu is depicted standing with two attendants or Āyudha Puruṣas. The figure is eight-handed. Upper hands to the right hold arrow and club; while one of the remaining two rests on the shoulder of a female figure. The normal right touches the right thigh. Hands on the left have bow, disc and conch; while the remaining one is seen resting on the shoulders of the corresponding attendant. Viṣṇu is seen with knee reaching Vaijayantīmālā made of lotus flowers and leaves. He is wearing a girdle, a crude torque and armlets. A crown is seen over his head and the hair arranged in spiral locks.

(4) KṚṢṆA-BALARĀMA

This is a very interesting panel divided into two compartments. In the upper compartment a four-handed figure is sitting with his right leg suspended below. His upper raised right hand is turned towards the head, while the normal one rests on the knee. The left upper hand has suffered badly. The normal left is seen over the left knee.

Another figure on the right of the panel in the same compartment has only two arms and bears a canopy of seven-hooded snake, not very well preserved. In between these two stands a badly injured male figure. Because of its bad state of preservation, identification of the panel is not very easy. Four-handed figure on the left side and the right one bearing snake hoods suggest the identification as Viṣṇu with his ever associated attendant, the cosmic serpent Śeṣa—corresponding to Kṛṣṇa and Balarāma. The suggestion, though tempting, cannot be accepted as very convincing unless it is possible to account for the standing figure seen in between the two.

The lower compartment of the panel contains some human figures which are now beyond recognition.

(5) VIṢṆU KILLING MADHU-KAITABHA

Southern view of the temple contains a row of small panels designed on semi-circular window (gavakṣa) pattern.

One of these panels presents a very interesting scene, perhaps unique of its own type in whole realm of Gupta and pre-Gupta art. Here we find a two-handed powerful male figure subdueing two other persons simultaneously by means of catching hold of their necks against his own bent knees. The subdued figures have their hair made in top-knot and put on half-sleeved tunics. One of them carried a heavy mace, which can be seen lying near his head.

The scene can be well identified as Viṣṇu successfully winning over the twin demons Madhu and Kaitabha, who were once enjoying immense power, as Mahābhārata tells us, due to the boons from Brahmā. None, but Viṣṇu could stand against them. He too ultimately put them down after a continuous wrestling for hundred years. In the end both of them met their death on the thighs of Viṣṇu.

(6) KṚṢṆA-LĪLĀ-SCENE

This panel of the same tier depicts a wrestling scene. Due to the disc-shaped pendant in neck-ornament of the overpowering wrestler, one is inclined to identify the panel as Kṛṣṇa administering blows to a demon.

(7) On the western view of the same tier Kṛsna is seen overpowering the elephant Kuvaliyāpīḍa.

जैन साहित्य और कला में श्रीकृष्ण

ज्योति प्रसाद जैन

जैन परम्परा में वासुदेव कृष्ण का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। वह त्रिषष्टिशलाका पुरुषों के नाम से प्रसिद्ध सर्वोपरि महत्व के पुराणपुरुषों में परिणित नारायण पदधारी, भरतार्द्ध के एकछत्रस्वामि, त्रिखण्डी अर्धचक्री, प्रबल प्रतापी, महापराक्रमी, परम तेजस्वी सम्राट, विलक्षण राजनीतिज्ञ एवं कूटनीतिज्ञ, महाबली, अप्रतिहत, अपराजित, ओजस्वी, वर्चस्वी, यशस्वी युगपुरुष थे। साथ ही वह बड़े सानुक्रोश-दयालु, मत्सर-विहीन, मृदुप्रकृति, मंजुल-मुकुलमुख, शरणागतवत्सल एवं शरणयोग्य थे।

विभिन्न भाषाओं, विधाओं एवं शैलियों में रचित अधुना ज्ञात छोटी-बड़ी शताधिक जैन साहित्यिक कृतियों में इस महापुरुष का व्यक्तित्व एवं कृतित्व उजागर हुआ है। इतना ही नहीं उनके कई पूर्वजन्मों तथा अवशिष्ट आगामी दो जन्मों का वृतान्त भी प्राप्त होता है—उक्त द्वितीय जन्म में वह तीर्थंकर के रूप से जन्म लेंगे और लोक कल्याण करके अन्ततः निर्वाण लाभ करेंगे, अर्थात् अक्षय अविनाशी सिद्धत्व, शिवत्व या परमात्मपद प्राप्त करेंगे।

जैन साहित्य में उनके स्वयं के अतिरिक्त, उनके वंश, कुल, परिवार के सदस्यों-पितामह, पिता ताऊ-चाचा, भाई-बहिन, बन्धु-बान्धव, माता, मातामह, मातुल आदि, पद्मावती, सत्यभामा, रुक्मिणी, जाम्बवती आदि सोलह हजार पत्नियों, प्रद्युम्न, शाम्ब, प्रभृति यशस्वी पुत्रों, पौत्र अनिरूद्ध, कौरव, पाण्डव आदि मित्रों, कंस, जरासन्ध, शिशुपाल प्रभूति शत्रुओं के भी इतिवृत प्राप्त होते हैं। कृष्ण कथा से सम्बद्ध शौरीपुर, मथुरा, द्वारिका, जूनागढ़, गिरिनगर, हस्तिनापुर, काम्पिलत्यपुरी, राजगृह पाण्ड्य मथुरा आदि नगरों के वर्णन भी हैं।

इस विषय में सन्देह के लिये कोई अवकाश नहीं है कि जैन अनुश्रुति के यह वासुदेव नारायण कृष्ण, जो (बलभद्र) पदधारी शलाकापुरुष हलधर बलराम के अनुज और बाइसवें तीर्थंकर अरिष्टनेमि (नेमिनाथ) के चचेरे भाई, अभिभावक, भक्त एवं श्रावकोत्तम हैं, श्रीमद्भागवत, महाभारत एवं भगवद्गीता की प्रसिद्धि

डा० ज्योति प्रसाद जैन, ज्योति निकुञ्ज, चारबाग, लखनऊ।

के यदुवंशी भगवान कृष्ण से अभिन्न हैं। जैन परम्परा को अवतारवाद मान्य नहीं हैं, अतएव यहाँ यह भगवान विष्णु के अवतार नहीं है, वरन् एक विशिष्ट शलाकापुरुष, नारायण एवं भावी तीर्थंकर हैं। कतिपय गौण यद्यपि मौलिक अंतरों को छोड़कर उनका सम्पूर्ण जीवनवृत्त, जन्म से मृत्यु पर्यन्त, प्रायः ब्राह्मणीय कृष्ण कथा जैसा ही है। वसुदेव-पत्नी देवकी द्वारा अपने भाई कंस के घर मथुरा में उन्हें जन्म देना, वसुदेव द्वारा उन्हें तत्काल गुप्तरूप से गोकुल में नंदगोप एवं यशोदा के यहाँ पहुंचाना, वहाँ उनका लालन-पालन, बाल-लीला आदि सब वर्णन हैं। किन्तु गोपियों के साथ रासलीला व राधा-प्रसंग नहीं है। कंस द्वारा बालकृष्ण की हत्या के विफल प्रयत्न, अन्ततः कृष्ण द्वारा कंसबध, जरासंध से प्रतिद्वन्दता, भीषण युद्ध, द्वारिका पलायन, जरासंध का पराभव, सुभद्राहरण, द्रोपदी स्वयंवर, रुक्मिणीहरण, पाण्डव-कौरव प्रसंग एवं भारत-युद्ध, द्वारिका विध्वंस और जरत्कुमार के बाण से वन में मृत्यु को प्राप्त होना आदि सभी घटनाओं का वर्णन हैं। जैन कथा की विशेषताओं में से एक रोचक विशेषता यह है कि जब कि ब्राह्मणीय कृष्ण साहित्य में वसुदेव एक प्रायः उपेक्षित पात्र हैं, केवल दो बार एक जन्म के समय और दूसरे कंसबध के अवसर पर ही उनका उल्लेख हुआ है--जैन साहित्य में (कामदेव) वसुदेव के जीवनवृत्त, भ्रमण वृत्तान्तों, साहसिक कार्यो एवं अनेक प्रेमविजयों का बिस्तार के साथ विशद वर्णन हुआ है। दूसरे, जैन परम्परा में कृष्ण की अपेक्षा उनके चचेरे भाई नेमि जिन (आरिष्टनेमि) का तीर्थंकर होने के नाते अधिक महत्व है। किन्तु नेमिचरित के साथ भी कृष्णचरित गुथा हुआ है। अन्य सम्बन्धित व्यक्तियों के जीवनवृत्तों में भी प्रसंगतः कृष्ण के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के अनेक पक्ष मुखर हो उठते हैं।

कृष्ण विषयक जैन साहित्य की वर्गीकृत सूची निम्नवत है :--

(क) यतिवृषभाचार्य (२ री शती ई०) कृत प्राचीन प्राकृत ग्रंथ (तिलोयपण्णति) तथा आशाधरीय त्रिषष्टिस्मृतिशास्त्र (१२वीं शती) जैसे ग्रंथों में नारायण कृष्ण के संक्षिप्त उल्लेख हैं।

(ख) श्वेताम्बर परम्परासम्मत कई एक आगम सूत्रों, यथा स्थानांग, समवायांग, ज्ञाताधर्मकथांग, प्रश्नव्यारणांग, सूयप्गडांग, अन्तकृतदशांग, उत्तराध्ययनसूत्र तथा निरयावलिका में कृष्ण चरित सम्बन्धी फुटकर सूचनायें यत्रतत्र प्राप्त हैं, जिन्हें एकत्र एवं व्यवस्थित करने से जैन कृष्ण कथा का एक अच्छा अंश उपलब्ध हो जाता है।

(ग) जिनसेनीय हरिवंशपुराण (७८३ ई०) में हरिवंश की उत्पत्ति, विस्तार, यदु, शूर, अन्धक-वृष्णि आदि कृष्ण के पूर्वपुरुषों, समुद्रविजय आदि दश भ्राताओं, जो दशार्ह कहलाते थे और जिनमें कृष्ण के पिता वसुदेव सबसे छोटे थे, वसुदेव का विस्तृत जीवनवृत, कृष्ण का पूर्ण जीवनवृत, अरिष्टनेमि चरित्र, प्रद्युम्न आदि कई वंशजों के चरित्र, पांडव-कौरव प्रसंग आदि का वर्णन है। कालान्तर में अन्य अनेक हरिवंशपुराण लिखे गये यथा—गुणवर्म (८८६ ई०) कन्नण में, धवल कवि (ल० १००० ई०) कृत अप्रभ्रंश में, बंधुवर्म (ल० १२०० ई०) कन्नड़, ब्रह्मजिनदास (१४२०-७० ई०) कृत संस्कृत एवं हिन्दी पद्य में रइघू (१४२३-५८ ई०) कृत अपभ्रंश, यशः कीर्ति (१४३०-५० ई० कृत अपभ्रंश, रामचन्द्र पण्डित (ल० १४५० ई०) संस्कृत, श्रुतकीर्ति (९४९५ ई०) अप०, ब्रह्मनेमिदत्त (१५००-३५ ई०) संस्कृत, श्रीभूषण (१६१८ ई०) सं०। धर्मकीर्ति (१६१४ ई०) सं०, सालिवाहन (१६३८ ई०) हि०, खुशालचन्द काला (१७१७-४८

ई०) हि०, दौलतराम कालसीवाल (१७२०-४२ ई०) हि०, लखमीदास (१७७२ ई०) हि०, इत्यादि । इन सबका प्रधान आधार पूर्वोक्त जिनसेनीय हरिवंशपुराण ही है, भाषा, शैली, संक्षेप-विस्तार, रुचि आदि के ही अन्तर मुख्यतया हैं ।

(घ) २४ तीर्थंकर, १२ चक्रवर्ती, ९ नारायण, ९ बलभद्र, और ९ प्रतिनारायण नामक ६३ शलाका पुरुषों का पुराण महापुराण कहलाता है, जिसमें इन सब महापुरुषों तथा कामदेव, नारद आदि अन्य कई प्रसिद्ध विशिष्ट पुरुषों एवं १६ शतियों आदि के चरित्रों आदि का क्रमशः वर्णन होता है । सर्वप्रसिद्ध एवं प्राचीनतम उपलब्ध महापुराण जिनसेन-गुणभद्र कृत (ल० ८५० ई०) है । इसके पूर्व भी ३री से ५वीं शती के बीच, कवि परमेष्ठि, नन्दिमुनि. कूचभट्टारक आदि के महापुराण रचे वताये जाते हैं किन्तु वे उपलब्ध नहीं हैं । उपरोक्त महापुराण का आधभाग जिनसेन स्वामी द्वारा रचित है, उसका शेष भाग (उत्तर पुराण) के नाम से प्रसिद्ध है और गुणभद्र द्वारा निबद्ध है । इस उत्तर पुराण के अन्तर्गत २२वें तीर्थंकर नेमिनाथ के पुराण में उक्त तीर्थंकर बलभद्र पदधारी बलराम, नारायण कृष्ण, प्रतिनारायण जरासंध, कामदेव पदधारी वसुदेव एवं प्रद्युम्न, तथा अन्य सम्बन्धित व्यक्तियों का चरित्र वर्णित है । इसके उपरान्त कई अन्य महापुराण लिखे गये हैं, यथा—

पुष्पदंत (९५९-७४ ई०) कृत०, तिसदि महापुरूष गुणालंकास (महापुराण), चामुण्डराय (९५५-८५ ई०) कृत कन्नड़ त्रिषाष्टिलक्षण महापुराण ।

मल्लिसेन (१०४७ ई०) कृत संस्कृत महापुराण, हेमचन्द्राचार्य (१००९-७२ ई०) कृत त्रिषऽष्टि शलाका पुरुष चरिन्त, शीलांकदेव (८६० ई०) प्राकृत चौपनपुरुषचिरियं ।

श्रीचन्द्र (१०२०-३५ ई०) कृत संस्कृत पुराणसार, दामनन्दि (ल० १२०० ई०) कृत संस्कृत पुराणसार, महासेन (ल० १२५० ई०) कृत संस्कृत महापुराण, सकलकीर्ति (१३९५-१४४२ ई०) कृत संस्कृत पुराणसार, रैघू (१४२३-५८ ई०) कृत अप० महापुराण, ब्र० कामराज (१५९८ ई०) कृत संस्कृत जयपुराण, म० जिनेन्द्रभूषण (१७७०-१८२५ ई०) कृत हिन्दी महापुराण, दौलतराम कासिलीवाल (१७२०-४२ ई०) कृत उत्तर पुराण वचनिका हिन्दी गद्य आदि ।

(ङ) तीर्थंकर नेमिनाथ के चारित्रातमक पौराणिक काव्य उपलब्ध हैं, यथा—स्वयम्भू, (७८०-०५ ई०) कृत अप० अरिष्टनेमि चारिउ, हरिभद्र सूरि (७३०-८२० ई०) कृत प्राकृत नेमिनाथ चारिउ, सूराचार्य, (१०५३ ई०) कृत संस्कृत नेमिचारित्र, गुणवीर पण्डित (११०० ई०) कृत तमिल नेमिनाथम्, हेमचन्द्र मलधारी (११०७-२३ ई०) कृत प्राकृत नेमिनाथ चरित, कर्णपार्य (११४० ई०) कृत कन्नड़ नेमिनाथ पुराण, हरिभद्र (११५९ ई०) कृत प्राकृत नेमिचारिउ, रत्नप्रभ (११६६ ई०) कृत प्राकृत नेमिनाथ चरित्र, नेमिचन्द्र (११७० ई०) कृत कन्नड़ अद्वनिमिपुराण, अमर कीर्ति (११८५-१२१७ ई०) कृत अपभ्रंश नेमिनाथ चरित, आमन कवि (१२०० ई०) कृत संस्कृत नेमिचरित महाकाव्य, उद्धव प्रभ (१२४२ ई०) कृत संस्कृत नेमिनाथ चरित हरिभद्र (ल० १२५० ई०) कृत प्राकृत नेमिनाथ चरित्र, महाबल (१२५४ ई०) कन्नड़ नेमिनाथ पुराण, जिनप्रभुसूरि (१२९५-१३३० ई०) कृत अपभ्रंश नेमिनाथरास, लक्ष्मण (१४०० ई०) अपभ्रंश नेमिनाथ चरित्र,

माणिकयदीप (१४०० ई०) कन्नड़ नेमिनाथ पुराण, दामोदर (१४२५ ई०) कृत अपभ्रंशणमिणहचरिउ कीर्तिराज उपाध्याय (९४६८ ई०) संस्कृत नेमिनाथ महाकाव्य, ब्रह्मचारी नरसिंह (१४६८ ई०) संस्कृत नेमिनाथ चरित्र, हेमचन्द्र (१४९४ ई०) संस्कृत नेमिनाथ पुराण, ब्र० रायमल्ल (१५५९-७६ ई०) हिन्दी नेमिश्वरास, रूपचन्द्र (१६३५ ई०) हिन्दी नेमिनाथरास, लखदेव (१६५० ई०) हिन्दी नेमिनाथ चारित्र, झांझषा (१७७० ई०) संस्कृत नेमिनाथ चारित्र काव्य, नेमिचन्द्र पण्डित (१७१२ ई०) हिन्दी नेमिश्वररास, बखतावर रतनलाल (१८५२ ई०) हिन्दी पद्य नेमिनाथ पुराण आदि।

(च) तत्कालीन एवं तत्सम्बन्धी अन्य व्यक्तियों के चरित्र—प्राचीन प्राकृत ग्रंथ, धर्मदास गणी, कृत वसुदेव हिन्दी (छठी शती) में वसुदेव के भ्रमणवृतान्त एवं साहित्यिक कार्यो आदि का रोचक वर्णन है। अपभ्रंश कवि चतुर्मुख (सातवीं शती) नें एक:हरिपाण्डव कथा: लिखी बताई जाती है किन्तु वह अनुपलब्ध है। महासेन (दसवी शती) कृत संस्कृत प्रद्युम्न चारित्र, कनकामर (१०६० ई०) अप० यदुचरिउ, सिंह कवि (११७३-१२३०) अप० प्रद्युम्न चरित्र, अमरचन्द्रसूरि (१२५० ई०) संस्कृत बालभारत, देवप्रभ (१२५० ई०) संस्कृत पाण्डव चारित्र, देवेन्द्रसूरि (१२७० ई०) प्राकृत कृष्ण चरित्र, साधारू (१३५४ ई०) हिन्दी प्रद्युम्न चौपाई, भ० जिनचन्द्र (१३७१ ई०) प्राकृत प्रद्युम्न चरित्र, अज्ञात कर्तक कन्नड़ :कृष्ण चरित्र: (१४०० ई०), ब्र० जिनदास (१४२०-७० ई०) हिन्दी प्रद्युम्नरास, जिनसेन कोलापुरीय (१४३८ ई०) संस्कृत द्रोपदी प्रबन्ध, रल्हण (१४५० ई०) प्राकृत प्रद्युम्न चरित्र सोमकीर्ति (१४६५-८५ ई०) संस्कृत प्रद्युम्न काव्य, शुभचन्द्र (१५५१ ई०) संस्कृत पाण्डवपुराण, ब्र० रायमल्ल (१५५९-७६ ई०) हिन्दी प्रद्युम्नरास, वादिचन्द्र (१५९७ ई०) और श्रीभूषण (१६०० ई०) कृत संस्कृत पाण्डव पुराण, (अलग-अलग), रविसागर (१६०० ई०) संस्कृत प्रद्युम्न चरित्र, रत्नचन्द्र (१६१४ ई०) संस्कृत प्रद्युम्न चरित्र महाकाव्य, देवेन्द्रकीर्ति (१६६५ ई०) प्रद्युम्न प्रबन्ध, ब्र० जयसार (१६६०-८८ ई०) हिन्दी अनिरुद्ध हरणरास, छत्रसेन (१६९७ ई०) हिन्दी रुक्मिणी चरित्र विधान कथा, बुलाकीदास (१६९७ ई०) हिन्दी भारतभाषा, (पाण्डव पुराण), भागचन्द्र (१८४३-८० ई०) अनिरुद्धकुमार चरित्र, आदि।

(छ) प्रकीर्णक स्फुट रचनायें भी अनेक हैं जिनमें अधिक महत्वपूर्ण हैं धनन्जय कृत: द्विसंधान काव्य: संस्कृत (८वीं शती) कन्नड़ में पम्पभारत या विक्रमार्जुन विजय (९०२ ई०) वाणभट्ट कवि कृत सं० नेमिनिर्वाण काव्य (ल० १००० ई०) रत्न कवि, (९६०-९५ ई०) कृत क० साहसभीष्म विजय, श्रुतिकीर्ति (१०८५-११२५ ई०) कृत संस्कृत राघवपाण्डवीय, आशाधर (९२००-५० ई०) कृत संस्कृत राजीमिती विप्रलम्भ काव्य, हस्तिमल्ल (११७५-१२०० ई०) के संस्कृत नाटक विक्रान्त कौरव, सुभद्राहरण, अर्जुनराज, रामचन्द्रसूरि (११७५-१२०० ई०) के संस्कृत नाटक निर्भय भीम व्यायोग एवं यदुविलास, रुक्मिणी यशोविजय काव्य, विजयपाल (१२५० ई०) संस्कृत द्रौपदी स्वयंवर, विक्रमकवि (१४२५-५० ई०) संस्कृत में नेमिदूत काव्य, जिनसेन कोल्लापुरीय (१४३८ ई०) संस्कृत नेमिनाथ दण्डक, रत्नभूषण (१५७० ई०) संस्कृत रुक्मिणी हरण काव्य, नरेन्द्र कीर्ति (१५७५-७५ ई०) संस्कृत नेमिश्वरचन्द्रायण, विनोदीलाल (१६५०-९५ ई०) हिन्दी नेमिनाथ व्याहला, राजुल पच्चीसी, राजुल नेमि बारहमासा।

उपरोक्त शताधिक ग्रंथों के अतिरिक्त कितनी ही छोटी-मोटी रचनायें गुजराती, राजस्थानी, मराठी,

हिन्दी आदि भाषाओं में हैं। संस्कृत प्राकृत अपभ्रंश, कन्नड़ तमिल आदि में भी कई एक अन्य रचनाओं के होने की सम्भावना है जो जैनशास्त्र भण्डारों में दबी पड़ी हैं।

कृष्ण विषयक समस्त ज्ञात एवं उपलब्ध जैन साहित्य का तुलनात्मक सम्यक् अध्ययन अभी तक नहीं हुआ है। वैसा होने पर जैन परम्परा सम्मत कृष्ण चरित्र को व्यवस्थित रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। कतिपय घटनाओं, नामों स्थानों आदि से सम्बन्धित अनेक पारस्परिक अन्तर या मतभेद भी हैं किन्तु वे प्राय: गौड़ हैं और उनका भी परीक्षण एवं मूल्याँकन किया जा सकता है।

अत: जैन साहित्य में कृष्ण चरित्र इतनी विविधता एवं बिस्तार से देशकाल एवं भाषाओं की सीमा को उल्लंघन करता हुआ प्राप्त होता है तो जैन कला में कृष्ण की कोई अभिव्यक्ति नहीं होती यह असम्भव था। शक कुषाण कालीन मथुरा कला से तीर्थंकर अरिष्टनेमि की ऐसी कई प्रतिमायें प्राप्त हैं जिनमें तीर्थंकर के एक ओर हलधर बलराम खड़े हैं और दूसरी ओर मुकुट एवं चक्रधर नारायण कृष्ण तत्कालीन मथुरा की प्रसिद्ध हरिनेगनेशी मूर्तियों का सम्बन्ध भी कृष्ण कथा से है, न कि जैसा प्रायः समझा जाता है, महावीर जन्म से। खजुराहों, आबू आदि के जिन मन्दिरों के प्रस्तरांकनों में भी कृष्ण कथा के प्रसंग प्राप्त हैं। अनेक साहित्यिक रचनाओं की जो मध्यकालीन सचित्र पाण्डुलिपियां उपलब्ध हैं उनमें भी कृष्ण कथा के कतिपय प्रसंग चित्रित हैं। ऐसी एक पाण्डुलिपि के कुछ सचित्र पत्र राज्य संग्रहालय, लखनऊ में भी हैं। वस्तुतः इस दिशा में अभी तक कोई गम्भीर शोध खोज नहीं हुयी है। वैसा होने पर अन्य अनेक कलाकृतियां चित्रों आदि के प्राप्त होने और नये सिरे से चीन्हें जाने की सम्भावना है।

आचार्य जिनसेन के हरिवंश पुराण में कृष्णचरित्र

अध्याय एक—

उत्पत्ति वासुदेवस्य गोकुले बाल चेष्टितं ।
ग्रहणं सर्व शास्त्राणां बलदेवोपदेशतः ॥ ९१ ॥

चापरत्न समारोपं कालिंद्यां नागनाथनम् ।
वाजिवारण चाणूर मल्लकंस वधं ततः ॥ ९२ ॥

उग्रसेनस्य राज्यं च सत्यभामा करग्रहं ।
सर्वज्ञाति समेतस्य प्रीतिं च परमां हरेः ॥ ९३ ॥

रामकेशवयोः प्लुष्टबंधुपुत्रकलत्रयोः ।
निर्गमं दुर्गमं शोकं कौशांबवनसेवनं ॥ ११९ ॥

शीरिरक्षणमुक्तस्य प्रमादाद्दैवयोगतः ।
जरत्कुमार मुक्तेन शरेण हननं हरेः ॥ १२० ॥

ततो घातकशोकं च शोकं रामस्यदुस्तरं ।
सिद्धार्थ बोधितस्यास्य निर्विण्णस्य तपस्यनं ॥ १२१ ॥

ब्रह्मलोकोपपादं च कौंतियानां तपोवनं ।
उर्जयंतगिरावंते नेमिनाथस्य निर्वृत्ति ॥ १२२ ॥

उपसर्गजयं पंचपांडवानां महात्मनां ।
दीक्षां जरत्कुमारस्य संतानं तस्य चायतं ॥ १२३ ॥

हरिवंश प्रदीपस्य जितशत्रोश्च केवलं ।
पुरप्रवेशमंते च श्रेणिकस्यपृथुश्रियः ॥ १२४ ॥

वर्धमानजिनेशस्य निर्वाणं गणिनां तथा ।
देवलोक कृतं वक्ष्ये प्रदीपमहिमोदयं ॥ १२५ ॥

हरिवशंपुराणस्य विभागोयं ससंग्रहः ।
श्रूयतां विस्तरः सिद्धयै भव्यैः सम्यैरतः परं ॥ १२६ ॥

प्रतीहार मन्दिरों में श्रीकृष्ण का चित्रण और भागवतपुराण

राकेश दत्त त्रिवेदी

विष्णु के दशावतारों में कृष्णावतार का एक महत्वपूर्ण स्थान है। यदि कहा जाय कि दशावतारों में से सर्वाधिक महत्व और ख्याति श्रीकृष्ण को प्राप्त हुई तो अतिशयोक्ति न होगी। परम्परागत अवतार मूल्यांकन की प्रणाली में श्रीकृष्ण को पूर्णावतार माना गया है जिनमें सम्पूर्ण सोलह कलायें विद्यमान थीं जबकि अन्य अवतारों में यह पूर्णतया नहीं दिखाई गई। दूसरे शब्दों में, मानवजीवन के विविध कार्यकलापों के जितने पक्ष सम्भव हैं उन सभी का समावेश कृष्ण के जीवन दर्शन में परिलक्षित होता है। जीवन का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं हैं जिसमें श्रीकृष्ण का अपूर्व योगदान न रहा हो। अपने समय में श्रीकृष्ण ने जिस शौर्य, चातुर्य और अद्‌भुत दार्शनिक विवेक का परिचय दिया उससे उनके शत्रु-मित्र सभी अत्यधिक प्रभावित हुये।

जिस समय श्रीकृष्ण का आविर्भाव हुआ उस समय चारों और विघटन, अन्याय और पारस्परिक कलह की भावनायें पनप रहीं थीं। वहीं एक ओर कंस जैसे शासक अपने पिता उग्रसेन को बन्दीगृह में डाल कर मनमानी नीति से मथुरा में राज्य कर रहे थे, जरासंध और शिशुपाल जैसे राजा क्रमशः मगध और चेदि भूभागों में अन्यायपूर्ण शासन चला रहे थे, वहीं दूसरी ओर कौरव जैसे राजवंश अन्याय का आश्रय लेकर हस्तिनापुर में गृह-कलह तथा भ्रातृ-वैर को बढ़ावा दे रहे थे। ऐसी जटिल राजनैतिक तथा सामाजिक परिस्थि-तियों में श्रीकृष्ण का आगमन हुआ। कंस की बहिन देवकी के गर्भ से वसुदेव के पुत्र के रूप में कंस के ही कारागार में श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, वसुदेव ने उन्हें गोकुल ले जाकर नन्द और यशोदा से उत्पन्न पुत्री से बदल लिया। इस प्रकार एक बड़े नाटकीय ढंग से नन्द और यशोदा के पुत्र के रूप में श्रीकृष्ण ने अपनी शैशव अवस्था बितायी। कृष्ण को मारने के लिये कंस के भेजे हुये तमाम दैत्य गोकुल और वृन्दावन आते रहे किन्तु वे सभी श्रीकृष्ण के हाथों नष्ट होते गये। कृष्ण के उदीयमान पराक्रम से सभी दुर्जन और दैत्य भय-भीत हुये। सशंकित कंस ने बलराम तथा कृष्ण को मथुरा की रंगशाला में नष्ट करने की योजना बनाई। कृष्ण ने उसी अवसर पर कंस को मारकर मथुरा के राजसिंहासन पर उग्रसेन को प्रतिष्ठापित किया। इसके

श्री राकेश दत्त त्रिवेदी, अधीक्षक पुरातत्वविद, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, मन्दिर सर्वेक्षण योजना, भोपाल।

पश्चात् मथुरा में ही श्रीकृष्ण की शिक्षा-दीक्षा हुई और वे तत्कालीन गतिविधियों के केन्द्र बने। द्वारकापुरी को अपनी राजधानी बनाकर यादववंश के अधिपति के रूप में श्रीकृष्ण ने राज्य सम्भाला। महाभारत युद्ध में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही और इसी युद्धस्थल में उन्होंने गीता जैसा महान् दार्शनिक तत्व दिया। एक ही कृष्ण क्या क्या थे, इसका निश्चय कर पाना कठिन है। उनके समकालीन व्यक्ति भी उनका वास्तविक सामर्थ्य और स्वरूप नहीं समझ पाये। वे एक सुन्दर बालक, वीर पुरुष, परमयोगी और राजनीतिज्ञ सभी कुछ थे। श्रीकृष्ण की मान्यता की पराकाष्ठा वहाँ देखने को मिलती है जहां उन्हें धर्म और पूर्ण सफलता का पर्याय मान लिया गया है। कहा गया है कि जिस कार्य या स्थान में श्रीकृष्ण हैं वहीं धर्म है और जहां धर्म है वहीं सब प्रकार की सफलता और विजय अवश्यम्भावी है—"यतः कृष्णः ततो धर्मः यतो धर्मः ततो जयः"।

स्वाभाविक है कि ऐसे लोकव्यापी चरित्र को ईश्वर का पूर्णावतार माना जाता और भारतीय धर्म-ग्रंथ, साहित्यकार एवं कलाकार अपनी अपनी सामर्थ्य के अनुसार उनका चित्रण करते। यों तो कृष्ण-कथा से सम्बन्धित अनेक ग्रंथों की रचना हुई है किन्तु उनमें से महाभारत और भागवतपुराण का विशेष स्थान है। कृष्ण कथा के उन्नयन में भागवतपुराण का अत्यधिक प्रभावशाली योगदान रहा है जिसकी रचना लगभग ८वीं शताब्दी ई० में हुई। भागवतपुराण की रचना के पूर्वकाल में ही कृष्ण कथा का शिल्प कला में प्रतिरूपण होने लगा था। पहली शताब्दी ई० के मथुरा से प्राप्त एक शिल्प उदाहरण से विदित होता है कि उस समय कृष्ण लीला के दृश्यों का अंकन प्रारम्भ हो चुका था। चौथी-पाँचवीं शताब्दी ई० के देवगढ़ (जिला ललितपुर) तथा मण्डोर (जिला जोधपुर) से प्राप्त कृष्णलीला के दृश्य इस विषय की लोकप्रियता को समझने में और अधिक सहायक सिद्ध होते हैं। भीतरी अभिलेख (जिला गाजीपुर) तथा कालीदास के ग्रंथों में कृष्ण के उल्लेख, हरिवंशपुराण तथा विष्णुपुराण में श्रीकृष्ण के विशद वर्णन, कृष्ण चरित्र की व्यापक लोकप्रियता के साहित्यिक प्रमाण हैं। कला और साहित्य के ये उदाहरण भागवतपुराण की कलात्मक तथा साहित्यिक पृष्ठभूमि के रूप में देखे जा जा सकते हैं। इस प्रकार भागवतपुराण के लोकरंजक कृष्ण का आविर्भाव कोई आकस्मिक घटना नहीं थी किन्तु उसकी रचना से पहले कृष्ण काव्य तथा कृष्ण कला की एक अनवरत धारा प्रवाहित थी जो पूर्वमध्यकाल में और अधिक स्पष्ट तथा मुखरित हो उठी।

कृष्णलीला की दृष्टि से भागवतपुराण जहां एक अद्वितीय ग्रन्थ है वहाँ काव्य की दृष्टि से एक अति सरस रचना। इसलिये इसको उचित ही "रसमालयम्" कहा गया है—पिबत भागवतं रसमालयं मुहुरहो रसिका भुवि भावुकाः (पद्मपुराण, भागवत माहात्म्य, ६, ८०)। भागवतपुराण की लोकप्रियता से तत्कालीन शिल्पकार और स्थापत्यकार भी प्रभावित हुये जिनके शिल्प उदाहरण अनेक स्थानों पर देखे जा सकते हैं। आठवीं शताब्दी ई० में जब भागवतपुराण की रचना हुई उस समय और उसके तुरन्त बाद उत्तरी भारत का अधिकांश भाग प्रतीहार नरेशों के आधिपत्य में था। इनका संघर्ष समय समय पर दक्षिण पठार के राष्ट्रकूटों तथा बंगाल के पाल राजाओं से चलता रहा। किन्तु इस त्रिकोणीय संघर्ष के बाद अन्ततः उत्तरी भारत पर अपना प्रभुत्व जमाने में प्रतीहार नरेश ही सफल हुये। प्रतीहारों का प्रारम्भिक केन्द्र उज्जैन था। जहाँ के शासकों में नागभट प्रथम और वत्सराज मुख्य हैं। बाद में नागभट द्वितीय (लगभग ८०५–८३३ ई०) के काल में कन्नौज विजय के उपरान्त वहीं उनकी राजधानी बनी जहां से मिहिरभोज (लगभग ८३६–८८५ ई०)

और महेन्द्रपाल प्रथम (लगभग ८८५–९१० ई०) जैसे यशस्वी राजाओं ने राज्य किया। उत्तरी भारत की तत्कालीन राजनीति में सशक्त भूमिका निभाने के लिये यह आवश्यक था कि उज्जैन से राजधानी हटाकर कन्नौज जैसे केन्द्रस्थ स्थान पर लाई जाय जो पहले से ही अपने राजनैतिक और सांस्कृतिक प्रभुत्व के लिये विख्यात था और जहां से उत्तर–पश्चिम भारत में आने वाले अरब आक्रमणों का सफलतापूर्वक सामना किया जा सकता था। मिहिरभोज ने अरब आक्रमणों का न केवल सफलतापूर्वक सामना किया वरन् उत्तर भारत में एक सांस्कृतिक नवचेतना भर दी जिससे उनके बाद कुछ समय तक उत्तरी भारत सशक्त बना रहा। भोज की इस अपूर्व देन के कारण उन्हें 'आदिवराह'[1] कहा गया है जिसका अर्थ यह है कि जैसे विष्णु ने वराह अवतार धारण करके पृथ्वी का उद्धार किया उसी प्रकार इस महान नरेश ने भी अपने राज्य की रक्षा की। भोज का यह विरुद उसके वैष्णव होने की ओर संकेत करता है। ऐसी स्थिति में यह स्वाभाविक है कि प्रतीहार कालीन अनेक मन्दिरों में कृष्ण लीला का चित्रण अधिक मात्रा में हो।

ओसियां (जिला जोधपुर, राजस्थान) के प्रारम्भिक मन्दिरों का निर्माण ८०० ई० के आसपास हुआ, यह उनकी स्थापत्य विशेषताओं और स्थानीय अभिलेखीय प्रमाणों से विदित होता है।[2] स्थानीय महावीर मन्दिर के एक लेख से विदित होता है कि उस मन्दिर का निर्माण प्रतीहार नरेश वत्सराज (लगभग ७७०-८०५ ई०) के शासन काल में हुआ होगा और बाद में उसके कुछ भाग का जीर्णोद्धार जिन्दक नाम के एक श्रेष्ठी ने करवाया। ओसियां के प्रारम्भिक काल के सभी मन्दिर लगभग इसी समय में बनवाये गये जिसका प्रमाण उनकी स्थापत्य और शिल्प विशेषताओं से मिलता है। प्रारम्भिक काल के मन्दिरों में से पांच मन्दिरों में कृष्णलीला के दृश्यों का अंकन बड़ी मात्रा में किया गया है जिनमें से तीन हरिहर मन्दिर, एक विष्णु मन्दिर और एक सूर्य मन्दिर कहे जाते हैं। प्रथम चार मन्दिरों में कृष्णलीला का अंकन उनके वरण्डिका भाग में स्थित एक चौड़ी पट्टिका में किया गया है। जिसके ऊपर और नीचे दोनों ओर उभरी हुई कपोतिका पट्टिकायें विद्यमान हैं। इन चारों मन्दिरों में कृष्णलीला के प्रधान दृश्य लगभग एक ही क्रम से दिखाये गये हैं जिनका प्रारम्भ मन्दिर के दाहिने भाग से होता है और परिक्रमा क्रम से चलकर यह चित्रण मन्दिर के बायें भाग तक पहुंचकर समाप्त होता है। सूर्य मन्दिर में कृष्णलीला के दृश्य मुख मण्डप के भीतर सिरदलों (लिन्टल) पर दिखाये गये हैं।

कृष्णलीला के इस क्रमबद्ध प्रतिरूपण में सबसे पहले मथुरा के कंस के कारागार में कृष्ण का जन्म दिखाया गया है। एक शय्या पर देवकी के साथ नवजात कृष्ण अंकित हैं जिन्हें वसुदेव अपने हाथों में उठाकर खुलते हुये बन्दीगृह के द्वार से बाहर जा रहे हैं। उस समय योगमाया के प्रभाव से रक्षक द्वारपाल बिल्कुल अचेत हो गये हैं, जिन्हें निद्रावश ऊंघते हुये दिखाया गया है। द्वारपाल के पीछे श्रीकृष्ण को लिये वसुदेव पुनः निरूपित किये गये हैं। भागवतपुराण में यह विषय इस प्रकार वर्णित है। जिस समय वसुदेव श्रीकृष्ण को लेकर बन्दीगृह से बाहर निकलने लगे उस समय समस्त रक्षक द्वारपाल और पुरवासी अचेत होकर सो गये तथा लोहे की जंजीरों से बन्द कपाट स्वतः खुल गये जैसे सूर्य के निकलते ही अन्धकार दूर हो जाता है—

तया हृतप्रत्ययसर्ववृतिषु द्वाःस्थेषु पौरेष्वपि शायितेष्वथ।
द्वारस्तु सर्वाः पिहिता दुरत्यया बृहत्कपाटायसकीलश्रृङ् खलैः॥
ताः कृष्णवाहे वसुदेव आगते स्वयं व्यवर्यन्त यथा तमो रवेः। (भागवत, १०,३,४८-९)

इसके बाद के शिल्पांकन में एक आसन पर बैठे हुये सम्भवतः नन्द को दिखाया गया है जिनके बांयीं ओर खड़ी यशोदा दही मथ रहीं हैं और उन्हीं के पैरों के समीप शिशु कृष्ण मथानी के निचले भाग को पकड़ते हुये प्रदर्शित किये गये हैं। वास्तव में दधिमंथन का दृश्य गोकुल तथा सारी ब्रजभूमि की अपनी विशेषता है जो लाक्षणिक रूप से ब्रजमण्डल की संस्कृति का प्रतिनिधित्व करता है। भागवत का उल्लेख है कि यशोदा एक बार जब दही मथ रहीं थीं और साथ ही साथ श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का स्मरण करती हुई गाती जाती थीं (दधिनिर्मन्थने काले स्मरन्ती तान्यगायत। १०,९,२) उस समय श्रीकृष्ण स्तनपान के लिये यशोदा के समीप आये और उनकी मथानी पकड़कर उन्हें दही मथने से रोक दिया—

तां स्तन्यकाम आसाद्य मथ्नन्तीं जननीं हरिः।
गृहीत्वा दधिमन्थानं न्यषेधत् प्रीतिमावहन्॥ (भागवत १०, ९, ४)

उस समय के यशोदा के रूप का चित्रण बड़े सुन्दर ढंग से किया गया है। उनकी कमर में रेशमी वस्त्र मेखला-सूत्र से बंधा था, पुत्रस्नेह के कारण कांपते हुये स्तनों से दूध टपक रहा था, मथानी की रस्सी खींचने से उनकी भुजायें, हाथों के कंपन और कान के कुण्डल हिल रहे थे, मुंह पर पसीना था और बालों से मालती के फूल रह रह कर गिर रहे थे। इस प्रकार यशोदा दही मथने में व्यस्त थीं—

क्षौमं वासः पृथुकटिलटे बिभ्रती सूचनद्धं
पुत्रस्नेहस्नुतकुचयुगं जातकम्पं च सुभ्रूः।
रज्वाकर्षश्रमभुजचलत्कङ्कणौकुण्डले च
स्विन्नं वक्त्रं कबरविगलन्मालती निर्ममन्थ॥ (भागवत १०,९,३)

यशोदा का यह प्रतिरूपण उसी अवसर का मालूम पड़ता है। भागवतपुराण में दधिमन्थन का उल्लेख बहुधा ब्रजभूमि के वर्णन में किया गया है। एक बार श्रीकृष्ण ने अपने प्रिय सखा और मंत्री ऊधव को ब्रज में संदेश वाहक के रूप में भेजा। वहां प्रातः काल उठते ही ऊधव ने देखा कि ब्रज की गोपियां अपने घरों को साफ करके दही मथने में व्यस्त हो गई हैं। दधि मन्थन के समय वे श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का यशोगान करती जाती थीं और गाने का वह स्वर दही मथने के स्वर से मिलकर एक सुन्दर ध्वनि पैदा करता था जिससे सारी दिशायें पवित्र हो रहीं थीं—

गोप्यः समुत्थाय निरूप्य दीपान् वास्तून् समभ्यचर्य दधीन्यमन्थन्॥
उद्गायतीनामरविन्दलोचनं ब्रजाङ्गनानांदिवमस्पृशद् ध्वनिः।
दध्नश्च निर्मन्थनशब्दमिश्रितो निरस्यते येन दिशाममङ्गलम्॥

(भागवत १०,४६,४४ तथा ४६)

इसके बाद के फलक में तीन घटनाओं का चित्रण किया गया है। सबसे पहले (दाहिने से बाईं ओर के क्रम में) कंस को दिखाया गया है जो वसुदेव द्वारा गोकुल से लाई गई कन्या (योगमाया) को देवकी की आठवीं सन्तान समझकर शिला पर पटक रहा है। उसने अपने दाहिने हाथ से योगमाया के पैरों को पकड़कर ऊपर उठा लिया है और बड़े वेग से उसकी हत्या के लिये उद्यत है। भागवत का उल्लेख है कि कंस ने

अपनी बहिन की कन्या को उसके पैर पकड़कर एक शिला पर निर्दयता से पटक दिया क्योंकि स्वार्थभावना के कारण उसमें सहृदयता शेष नहीं रह गई थी—

तां गृहीत्वा चरणयोर्जातमात्रां स्वसुः सुताम् ।
अपोथयच्छिलापृष्ठे स्वार्थोन्मूलितः सौहृदः ।। (भागवत, १०,४,८)

फलक के मध्य में पूतनावध का चित्रण हुआ है जिसमें पूतना एक आसन पर बैठी हुई प्रदर्शित है तथा आसन के नीचे खड़े बालक कृष्ण उसके स्तनों को प्राण घातक पीड़ा पहुंचा रहे हैं। प्राण निकलते समय पूतना ने कृष्ण को हाथों से छोड़ दिया है और हाथ पैर पटकते हुये अपने राक्षसी रूप में प्रकट हो गई है। उसका राक्षसी रूप, भयानक मुखमुद्रा तथा हाथों पैरों की अस्थियों से स्पष्ट किया गया है। मर्मान्तक पीड़ा के कारण मुखमुद्रा विकृत हो गई, शरीर मरणासन्न हो गया और अपने को छुड़ाने के लिये वह चिल्लाने लगी। भागवत का वर्णन भी ऐसा ही है—

सामुंच मुंचालमिति प्रभाषिणी निष्पीड्यमाना खिलजीवमर्मणि ।
विवृत्य नेत्रे चरणौ भुजौ मुहुः प्रस्विन्नगात्रा क्षिपती रूरोदह ।।
(भागवत, १०,६,११)

श्रीकृष्ण की बाल सुलभ शरारतों के कारण एक बार यशोदा ने उन्हें ओखली (उलूखल) से बाँध दिया (गोपिकोलूखले दाम्ना बबन्ध प्राकृतं यथा। १०, ९, १४)। बांई ओर दिखाये गये अन्तिम दृश्य में ओखली से बंधे हुये श्रीकृष्ण प्रदर्शित हैं। ओखली दोनों यमलार्जुन वृक्षों के बीच में फंस गई है और कृष्ण उसको दूसरी ओर से खींच रहे हैं। यह अंकन कृष्ण का उलूखलबन्धन और यमलार्जुन उद्धार दोनों प्रदर्शित करता है। दोनों यमलार्जुन वृक्ष पूर्वजन्म में कुवेर के पुत्र नलकूबर और मणिग्रीव थे जो नारद के शाप से वृक्ष हो गये थे और श्रीकृष्ण द्वारा गिराये जाने के बाद इनका पुनरूद्धार हुआ। कृष्ण दोनों वृक्षों के बीच से निकल गये किन्तु उनसे बंधी हुई ओखली पेड़ों के बीच में फंस गई—

इत्यन्तरेणार्जुनयोः कृणस्तु यमयोर्ययौ ।
आत्मनिर्वेषमात्रेण तिर्यग्गमुलूखलम् ।। (भागवत, १०, १०, २६)

आगे के फलक में शकटभंग का दृश्य अंकित है। बालक कृष्ण एक आसन के ऊपर लेटे हैं और दाहिने पैर से एक बैलगाड़ी उलट रहे हैं जिससे ऊपर दो भाण्ड रखे हुये हैं। गाड़ी पीछे की ओर उलट रही है जिसके ऊपर रखे हुये बर्तन गिर रहे हैं। एक बार कृष्ण को भूख लगने पर माता के स्तनपान की इच्छा हुई तब वह रोते हुये अपने पैरों को बालस्वाभाविक गति से ऊपर उछालने लगे—

रुदन स्तनार्थी चरणावुदेक्षिपत् ।। (भागवत १०,७,६)

उनके अलौकिक प्रभाव के कारण उनका नन्हा सा पैर लगते ही एक बैलगाड़ी, जिसके नीचे वह सो रहे थे उलट गई और उस पर लदे गोरस से भरे वर्तन भाण्ड सब गिरकर टूट गये साथ ही गाड़ी के पहिये, उसका जुआ और धुरे टूट कर अस्त व्यस्त हो गये।

अधः शयानस्य शिशोरनोल्पक—प्रवालपृद्वङ् घ्रिहतं व्यवर्तत ।
विध्वस्तानानारसकुप्यभाजनं व्यत्यस्तचक्राक्षविभिन्नकूबरम् ।। (भागवत १०, ७, ७)

एक अन्य दृश्य में बलराम और कृष्ण को ग्वालबालों के साथ बालक्रीड़ा में रत दिखाया गया है। एक बालक दूसरे बालक की पीठ पर बैठा है तथा उसके पीछे एक अन्य बालक दूसरे की पीठ पर बैठने के लिये सचेष्ट हैं। उनके पीछे दो बालक एक दूसरे के सम्मुख किसी अन्य खेल में व्यस्त हैं। कुछ बड़े होने पर कृष्ण बलराम यमुना-तट पर गायें चराने जाने लगे जहां तरह तरह के खेल अन्य बालकों के साथ वे दोनों खेलते थे। भागवत में वर्णित है कि एक बार सब ग्वालबालों ने ऐसा निश्चय किया कि हारने वाले बालक जीतने वाले बालकों को अपनी पीठ पर बिठाकर कुछ दूर तक ले जाय। हारे हुये श्रीकृष्ण ने श्रीदामा नाम के बालक को अपनी पीठ पर बिठाया और इसी प्रकार अन्य बालकों ने किया—

यत्रारोहन्ति जेतारो वहन्ति च पराजिताः ।।
वहन्तो बाह्यमानाश्च चारयन्तश्च गोधनम् ।
उवाह कृष्णो भगवान् श्रीदामानं पराजितः ।। (भागवत, १०,१८,२१,२२ तथा २४)

प्रस्तुत चित्रण में कृष्ण-बलराम के इसी खेल का प्रतिरूपण हुआ है। इसी खेल के समय प्रलम्ब नामक दैत्य बलराम को पीठ पर चढ़ाकर मारने के लिये भागा किन्तु बलराम ने अपनी शक्ति से प्रलम्ब का वध कर दिया।

कृष्ण की बाललीला के आगे के क्रम अरिष्टासुर अथवा वृषासुर (बैल के रूप में) और केशी (घोड़े के रूप में) का विनाश दिखाया गया है। यहां कृष्ण बड़े उग्र रूप में दोनों असुरों का विनाश करते हुये प्रदर्शित किये गये हैं। कृष्ण के निर्माण में यहां विशेष शक्ति और गति का प्रदर्शन किया गया जो प्रतीहार कालीन मूर्तिकला का सक्षम उदाहरण है। कृष्ण किस प्रकार अरिष्टासुर को उठाकर पटकते हैं और फिर उसके सिर को मसल उसका बध करते हैं यह विशेष प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया है। भागवत में अरिष्टासुर के मारे जाने का विवरण इसी प्रकार दिया गया है। कृष्ण ने अरिष्टासुर के सींग पकड़कर पृथ्वी पर गिरा दिया और फिर पैर से मसल कर उसका अन्त किया—

तमापतन्तं स निगृह्यश्रृङ्गयोः पदा समाक्रम्य निपात्य भूतले । (भागवत १०,३६,१३)

शिल्प में बांई ओर अपने दोनों अगले पैरों को उछालकर पिछले पैरों पर टिका हुआ घोड़े के रूप में केशी कृष्ण पर आक्रमण कर रहा है। केशी अपना मुंह फैलाकर कृष्ण की ओर दौड़ा तब उन्होंने अपना हाथ उसके मुंह में डाल दिया है जिससे उसका प्राणान्त हो गया। भागवत में भी ऐसा ही वर्णन है कि कृष्ण ने बायां हाथ केशी के मुंह में डालकर उसका वध किया क्योंकि केशी अपना मुंह फैलकर कृष्ण पर झपटा था—

स लब्धसंज्ञः पुनरूत्थितो रूषा व्यादाय केशी तरसाऽऽपतद्धरिम् ।
सोऽप्यस्य वक्त्रे भुजमुत्तरं स्मयन् प्रवेशयामास यथोरगं बिले ।।
(भागवत १०,३७,६)

इसके बाद गोवर्धनधारण का दृश्य अंकित हैं जिसके नीचे कृष्ण के साथ व्रज के पशु और निवासी खड़े हैं।

हरिहर मन्दिर नं० १ में प्रदर्शित धेनुकवध (गधे के रूप में) का दृश्य अपनी सजीवता, प्रभाव और सशक्त शिल्पाँकन के लिये विशेष प्रशंसनीय है। धेनुक का वध बलराम के हाथों हुआ और इस शिल्प में उन्हें धेनुक को पिछले पैरों से पकड़कर तालवृक्षों पर पटकते हुये दर्शाया गया है। भारी दैत्य को उठाकर फेंकने में बलराम को जिस शारीरिक बल और गति का प्रयोग करना पड़ा उसका संक्षेप प्रदर्शन शिल्पकार ने बड़ी कुशलता से किया है। बलराम के बड़े प्रयास से आगे बढ़ते हुये पैर, उभरा हुआ वक्षस्थल, पीठ की ओर झुका हुआ सिर और धेनुक को दाहिने हाथ से उठाने के लिये किये गये प्रयास में बायें हाथ की सहायता के अंकन इस शिल्प में एक अनोखी शक्ति तथा ओज भर देते हैं। यथार्थता और गति से परिपूर्ण ऐसे चित्रण भारतीय कला में बहुत कम उपलब्ध हैं। तालवृक्ष पर धेनुक का मृतप्राय रूप तथा पृथ्वी पर उलटा पड़े हुये धेनुक का प्रदर्शन बड़े प्रभावशाली ढंग से किया गया है। उसके शरीर से टूटे हुये तालवृक्ष भी दृष्टव्य हैं। फलक में दाहिनी ओर दण्डधारी दो बालकों को दिखाया गया है जो उन ग्वालबालों में से हैं जिनके आग्रह पर बलराम और कृष्ण तालवन में फल खाने के लिये गये थे। धेनुक उसी तालवन का रक्षक था जिसने बलराम पर अक्रमण किया था। यह चित्रण भी भागवत के वर्णन से बड़ा साम्य रखता है जिसमें कहा गया है कि बलराम ने एक हाथ से धेनुक के पैर पकड़ लिया और उसे उठाकर एक तालवृक्ष पर पटक दिया जिससे उसके प्राण निकल गये। धेनुक के गिरने से ताल का विशाल वृक्ष टूट गया और साथ ही समीप के अन्य वृक्षों को भी उसने गिरा दिया जैसा कि प्रस्तुत शिल्प में प्रदर्शित है।

स तं गृहीत्वा प्रपदोर्भ्रामयित्वैकपाणिना।
चिक्षेप तृणराजाग्रे भ्रामणत्यक्त जीवितम्॥
तेनाहतो महातालो वेपमानो बृहच्छिराः।
पार्श्वस्थं कम्पयन् भग्नः स चान्यं सोऽपि चापरम्॥ (भागवत १०,१५,३२-३३)

श्रीकृष्ण का कालियामर्दन रूप भी बड़ी सफलता से प्रदर्शित हुआ है। दाहिनी ओर के चित्रण में श्रीकृष्ण को कदम्ब वृक्ष पर चढ़ते हुये और फिर यमुना में कूदकर कालियनाग के शरीर को पैरों से कुचलते हुये दिखाया गया है। कालिय ने अपने शरीर के निचले भाग से उनको लपेट रखा है लेकिन इस बन्धन से श्रीकृष्ण की गति बिलकुल अप्रभावित है और वे उस भीषण सर्प पर नृत्य कर रहे हैं। जब कालियानाग परास्त हो गया तो उसकी पत्नियों ने नाग के प्राण बचाने के लिये श्रीकृष्ण की बड़ी अनुनय विनय की, साथ ही कालियानाग अपने कृत्यों के लिये क्षमा याचना करने लगा। इस दृश्य का चित्रण बांई ओर किया गया है। भागवतपुराण में यह आख्यान विस्तार से वर्णित है जहां नाग के फनों पर नाचते हुये श्रीकृष्ण को नृत्यगीत आदि समस्त कलाओं का आदि गुरू कहा गया है—

तन्मूर्धरत्ननिकरस्पर्शातिताम्र पादाम्बुजो खिलकलादिगुरूर्ननर्त॥ (भागवत १०,१६,२६)

मथुरा में कंस की रंगशाला के मुख्य द्वार पर श्रीकृष्ण ने कुवलयापीड़ हाथी का वध किया और

नृत्यगान के बीच रंगशाला में प्रवेश करके बलराम और कृष्ण ने कंस के बलवान पहलवानों को परास्त किया। चित्र में (दहिनी ओर से बांई ओर) श्रीकृष्ण क्रोधित हाथी से भिड़े हुये हैं, उन्होंने बांयें हाथ से हाथी का दांत पकड़ रखा है और दाहिने हाथ से उस पर प्रहार कर रहे हैं। हाथी के पीछे सम्भवतः बलराम दिखाये गये हैं जबकि पृष्ठभूमि में महावत का ऊपरी भाग प्रदर्शित है जो हाथी को आक्रमण के लिये प्रेरित कर रहा है। इसके बाद ढोल झांझ से सुसज्जित वाद्यवृन्द का चित्रण है। अन्त में बलराम और कृष्ण का मुष्टिक और चाणूर से मल्लयुद्ध दिखाया गया है। बांई ओर कोने में कृष्ण–बलराम के पराक्रम से चिन्तित कंस एक आसन पर बैठा है। सेवक के साथ कंस का प्रतिरूप प्रभावशाली ढंग से किया गया है जो अपने बांयें हाथ से सिर को थामे हुये विषादपूर्ण ढंग से बैठा है। बलराम–कृष्ण को नष्ट करने के उसके सारे प्रयत्न विफल हो चुके हैं। इसी स्थिति में श्रीकृष्ण ने कंस का भी अंत कर दिया।

कृष्णलीला का ऊपर वर्णित क्रम से अंकन ओसियां (जिला जोधपुर) के चार मन्दिरों–तीन हरिहर मन्दिरों तथा एक विष्णु मन्दिर–में शिर तथा जंघा भागों के मध्य में स्थित वरण्डिका की चौड़ी पट्टिका में किया गया है। ओसियां के ही एक अन्य सूर्य मन्दिर के मण्डप में सिरदलों (लिन्टल) पर भी कृष्णलीला के दृश्य उत्कीर्ण किये गये हैं। यह सूर्य मन्दिर स्थानीय सचिया माता मन्दिर के बांये पार्श्व में स्थित है तथा ऊपर वर्णित मन्दिरों का समकालीन है। इसमें अंकित दृश्य पूर्ववर्णित कृष्णलीला के दृश्यों के ही समान है यद्यपि इनका आकार उनसे छोटा है। इनमें से एक शिल्पांकन का विषय विशेषरूप से विचारणीय है जो मण्डप वितान के मध्य एक वृक्ष में उत्कीर्ण किया गया है। इसमें एक वेणुवादक युगल को उड़ते हुये दिखाया गया है जिसके चारों और हाथ जोड़े हुये नागवृन्द प्रदर्शित किये गये हैं। डा० भण्डारकर ने इस वेणुवादक युगल के राधाकृष्ण का प्रतिरूपण होने की सम्भावना व्यक्त की है।[5] यदि ऐसा है तो यह शिल्पांकन अपने आप में अपूर्व महत्व का हो जाता है क्योंकि भागवतपुराण या अन्य समकालीन स्त्रोतों में राधा का नाम अज्ञात है। इस शिल्प में वेणुवादक पुरुष का आकार बड़ा है और उसके मुड़े हुये पैर पीछे की ओर इस प्रकार निर्मित किये गये हैं जैसे वह आकाश में वेग के साथ उड़ रहा है। वेणुवादक के बांई ओर छोटे आकार में एक स्त्री नृत्य मुद्रा में प्रदर्शित की गई है। अधिक सम्भव यह प्रतीत होता है कि प्रस्तुत शिलपांकन कृष्ण की रासलीला के प्रतिरूपण का प्रारम्भिक रूप है जिसमें नृत्यमुद्रा में एक गोपी के साथ कृष्ण निरूपित हुये हैं। सम्भव है भागवत में वर्णित यह वह गोपी हो जिसका आदर रासलीला से पूर्व श्रीकृष्ण ने अन्य गोपियों को छोड़कर किया था और जिसे अपनी श्रेष्ठता का गर्व हो गया था—

या गोपीमनयत् कृष्णो विहायान्याः स्त्रियो वने ।
सा च मेने तदाऽऽत्मानं वरिष्ठं सर्वयोषिताम् । (भावगत १०,३०,३७)

ग्वालियर किले (मध्य प्रदेश) पर स्थित चतुर्भुज मन्दिर के मुख मण्डप के सिरदलों पर भी कृष्ण लीला का चित्रण किया गया है। इस मन्दिर का निर्माण प्रतीहार नरेश परमेश्वर भोजदेव, जिसे श्रीमदादिव-राह भी कहा गया है, के शासन काल में हुआ जैसाकि इसमें उत्कीर्ण दो शिलालेखों (तिथि ८७५-७६ ई०) से विदित होता है।[4] कृष्णलीला का अंकन मन्दिर द्वार के बांई ओर के पार्श्व सिरदल (लिन्टल) से आरम्भ होकर द्वार के दाहिनी ओर समाप्त होता है। इसमें अंकित दृश्य हैं–कृष्ण का बन्दीगृह से निकलना, पूतना-

हरिहर मंदिर I, ओसियां, जि० जोधपुर (राजस्थान)

कालियमर्दन, हरिहर मंदिर I, ओसियां, जि० जोधपुर (राजस्थान)

धेनुकावध, हरिहर मंदिर I, ओसियां, जि० जोधपुर (राजस्थान)

शकटभंग, हरिहर मंदिर, ओसियां, जि० जोधपुर (राजस्थान)

वध, शकटभंग, यमलार्जुन-उद्धार, केशीवध, अरिष्टासुर बध, दधिमन्थन, गोवर्धनधारण नृत्यबाद्य वृन्द, कुवलया-पीड़ वध, और मल्लयुद्ध आदि । जैसा कि दो अभिलेखों और मन्दिरों के स्थापत्य की विशेषताओं से विदित होता है यह मन्दिर ओसिया के कृष्णलीला अंकित मन्दिरों से लगभग ७५ वर्ष बाद का है ।

उपर्युक्त कृष्णलीला के दृश्यों और भागवतपुराण के तत्सबंधी वर्णन के तुलनात्मक अध्ययन से यह प्रतीत होता है कि भागवत के वर्णन के आधार पर ही प्रतीहार कालीन मन्दिरों में कृष्णलीला का शिल्पांकन हुआ होगा क्योंकि भागवत के वर्णन और शिल्पांकन में न केवल विषयगत समता है किन्तु दोनों के वर्णन प्रणाली में बड़ा साम्य है । इस निष्कर्ष से जहां एक ओर प्रतीहारकालीन कृष्णलीला के अंकन का आधार सामने आता है वहां दूसरी ओर भागवतपुराण के रचना काल के विषय में भी संकेत मिलता है ।

यहां एक विषय और विचारणीय है । वर्णित कृष्णलीला शिल्पों को देखने से स्पष्ट होता है कि श्रीकृष्ण के जीवन का केवल बाल्यकाल ही शिल्पकला में प्रदर्शित हुआ है, अर्थात् उनके जन्म से लेकर कंस वध तक का वृत्तान्त । द्वारकावासी और महाभारत युद्ध के निर्णायक कृष्ण हमको यहां देखने को नहीं मिलते जिनका वर्णन महाभारत में बहुत विस्तार से हुआ है । महाभारत युद्ध के विषय में कोई विशद वर्णन भागवत में नहीं मिलता जिसमें कृष्ण का निर्णायक योगदान रहा । इसका कारण सम्भवतः यह था कि कृष्ण की बाल-लीला ही तत्कालीन जनमानस को अधिक प्रभावित कर सकी फलस्वरूप समकालीन साहित्यकार तथा शिल्प-कार उसी का गायन और चित्रण करने के लिये प्रेरित हुये। इस सम्बन्ध में एक तथ्य और स्मरणीय है कि प्रतीहारकालीन कृष्णलीला के इतने अधिक दृश्यों में चीरहरण और रासलीला के दृश्य कहीं नहीं दिखाये गये जो कि कृष्ण के बाल्यकाल से ही सम्बन्धित हैं । चीरहरण, रासलीला और राधाकृष्ण की लीलाओं का प्रति-रूपण उत्तर मध्यकाल तथा उसके बाद की कला में बड़ी मात्रा में किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि इन दृश्यों की लोकप्रियता बाद में बढ़ी जिसके परिणामस्वरूप परवर्ती कला में इनका अंकन अधिक देखने को मिलता है ।

REFERENCES

(1) *Epigraphia Indica*, Vol. I, p. 156.

(3) Dhakey, M. A., The Genesis and Development of Maru-Gurjara Temple Architecture, *Studies in Indian Temple Architecture.* (Ed. Pramod Chandra), AIIS, Varanasi, 1975, p. 145.

(4) Bhandarkar, D. R., The Temples of Osia, Archaeological Survey of India—Annual Report, 1908-9, p. 114.

(4) The Two Inscriptions of the Vallabhattaswamin Temple at Gwalior, *Epigraphia Indica*, Vol. I, pp. 154-162,

भागवत में कृष्णावतार

तमद्भुतं बालकमम्बुजेक्षणं

चतुर्भुजं शंखगदार्युदायुधम् ।

श्रीवत्स लक्ष्मं गलशोभिकौस्तुभं

पीताम्बरं सान्द्र पयोद सौभगम् ॥

९.३.९

महार्हवैदूर्य किरीट कुण्डल

त्विषा परिष्वक्त सहस्र कुन्तलम् ।

उद्दाम काञ्चयंगद कंकणदिभि—

विरोचमानं वसुदेव ऐक्षत ॥

९.३.१०

स विस्मयोत्फुल्ल विलोचनो हरिं

सुतं विलोक्यानक दुन्दुभिस्तदा ।

कृष्णावतारोत्सव सम्भ्रमोऽस्पृशन्

मुदा द्विजेभ्योऽयुतमाप्लुतो गवाम् ॥

९.३.११

श्रीकृष्ण का वीर रूप

कृष्णदत्त बाजपेयी

प्राचीन साहित्य, कला और लोकवार्ता से श्रीकृष्ण के विविध रूपों का परिचय प्राप्त होता है। उनके इन रूपों तथा उनके कार्यक्षेत्र के विस्तृत आयाम का अनुशीलन करने वाले अनेक विद्वानों ने इसी कारण यह मान्यता स्थापित की थी कि श्रीकृष्ण एक न होकर तीन थे—एक ब्रज के, दूसरे द्वारिका के और तीसरे गीता के उपदेशक कृष्ण। परन्तु इस बात पर सन्देह करने वाले अब बहुत कम लोग हैं कि ये तीनों एक ही थे।

प्रारम्भिक वैदिक साहित्य के मुख्य देवता इन्द्र, अग्नि, वरूण आदि थे। कालांतर में विष्णु और शिव को प्रमुख स्थान मिला। सृष्टि-कर्त्ता ब्रह्मा को उनके साथ जोड़कर त्रिदेव की कल्पना हुई। लोक की रक्षा का भार विष्णु पर था, अत: उनका स्थान विशेष महत्त्व का हुआ। ऋत और तप के देवता नारायण के साथ उनका तादात्म्य स्थापित किया गया। वासुदेव कृष्ण को विष्णु का प्रतिनिधि रूप माना गया।

ई० पूर्व पांचवी शती के प्रसिद्ध वैयाकरण पाणिनि की अष्टाध्यायी (४, ३, ९८) में वासुदेव पूजा का संकेत मिलता है। पाणिनि के टीकाकार पतंजलि ईसवी पूर्व द्वितीय शती के मध्य में हुए। उन्होंने 'वासुदेवक' लोगों का उल्लेख किया है, जो वासुदेव कृष्ण के पूजक थे।[1] पतंजलि ने केशव (वासुदेव कृष्ण), राम (बलराम) तथा कुबेर के मन्दिरों की भी चर्चा अपने ग्रंथ में की है। एक अन्य महत्त्वपूर्ण बात जो पतंजलि के महाभाष्य में मिलती है वह यह है कि उनके समय में बलि-बंधन, कंस-वध (श्रीकृष्ण द्वारा) आदि नाटक होते थे। तत्सम्बन्धी कथाएँ पतंजलि के पहले से प्रचलित थीं।

दुष्टों का दलन करने में समर्थ शूरवीर वासुदेव कृष्ण का परिचय अन्य साहित्यिक ग्रंथों तथा कतिपय कलाकृतियों में भी उपलब्ध है। श्रीकृष्ण यदुवंशी क्षत्रिय थे। उनके एक पूर्वज शूरसेन थे, जिनके नाम पर ब्रज या मथुरा क्षेत्र का नाम 'शूरसेन' पड़ा। यहाँ श्रीकृष्ण की 'शौरि' संज्ञा विशेष रूप से

प्राध्यापक, कृष्णदत्त बाजपेयी, एच/१५, पद्माकरनगर, सागर—एम०पी०।

उल्लेखनीय है। क्षत्रिय के शौर्य-गुण का श्रीकृष्ण में प्राचुर्य था। महाभारत तथा हरिवंश में तत्संबंधी कथनों से इसकी पुष्टि होती है।

श्रीकृष्ण का लालन-पालन ब्रज के गोप-परिसर में हुआ। ग्वालबालों के बीच उन्होंने बाल्य और किशोर अवस्थाएँ बितायीं। परन्तु वहां उन्होंने अपने क्षत्रियगुणों का निरन्तर विकास किया तथा उनके द्वारा ब्रज के गोपजन को प्रभावित किया। उन्होंने ब्रज में गोपों का एक लड़ाकू दल भी तैयार किया। महाभारत में उन्हें 'नारायण-गोप' या 'गोप-नारायण' कहा गया और उनके लिये कहा गया कि वे गोकुल में ही संवर्द्धित हुए—"गोकुले नित्यसंवृद्धाः" (महाभारत, ८, ४, ३९)।

इन नारायण-गोपों ने श्रीकृष्ण के आदेश पर महाभारत-युद्ध में भाग लिया।

हरिवंश में श्रीकृष्ण के लिए एक सुन्दर अभिधान 'गोपवेश विष्णु' मिलता है :

पूतिमान्स रहस्यात्मा जगतोऽग्र्यस्य भाजनम्।
गोपवेषधरो विष्णुरुदग्राग्र्य तनुरूहः॥ (हरि, II, २५, २१)

अन्यत्र श्रीकृष्ण के साथ बलराम को भी 'गोपवेशधारी' कहा गया है। दोनों ही ब्रज में संवर्द्धित हुए थे :

'तावुभौ ब्रज संवृद्धौ गोपवेशविभुषितौ।' (हरि०, II, २७, ४०)

हरिवंश (II, २५, २३) आदि में द्विभुज कृष्ण का वर्णन है। उनके आयुधों में चक्र और गदा मुख्य हैं :

रूचिराग्रकरश्चास्य चक्रांकित इवेक्षते।
द्वितीय उद्यतश्चापि गदासंयोगमिच्छति॥ (हरि० II, २५, २६)

वासुदेव-विष्णु के जो प्रारम्भिक रूप कला में प्राप्त हुए हैं उनमें उनके उक्त दोनों आयुधों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया है। भारत में उनकी प्राचीनतम पाषाण मूर्ति मल्हार (जिला बिलासपुर, मध्य प्रदेश) से प्राप्त हुई है। इस काय परिमाण मूर्ति में अशोक कालीन ब्राह्मी लेख उत्कीर्ण है, जिससे पता चला है कि पर्णदत्त नामक व्यक्ति की भार्या भारद्वाजा के द्वारा विष्णु की यह चतुर्भुजी प्रतिमा (लगभग ई० पू० २०० में) प्रतिष्ठापित की गयी। इस प्रतिमा का गोपवेश उल्लेखनीय है। चारों ओर से कोरकर बनायी गयी यह मूर्ति ताड़पत्र का अधोवस्त्र धारण किये है। सर पर मुकुट है। उनके दायें हाथ में भारी गदा तथा बायें में चक्र है। ये वासुदेव के वीर रूप के परिचायक हैं। मूर्ति में कटि से लटकती हुई असि भी उल्लेखनीय है। साधारण दोनों हाथों में सामने वे शंख पकड़े थे। दुर्भाग्य से शंख को बाद के विकृतिकारों ने विक्षत कर दिया है। वासुदेव-विष्णु की अनेक परवर्ती प्रतिमाओं में शंख इसी रूप में धारण किये हुये मिलता है। वासुदेव-विष्णु की कतिपय कुषाणकालीन अष्टभुजी मूर्तियों में असि दर्शनीय है। उनकी द्विभुज तथा चतुर्भुज प्रतिमाओं के अतिरिक्त अष्टभुजी मूर्तियों के भी ध्यान प्राचीन साहित्य में मिलते हैं।

कुछ वर्ष पहले यूनानी शासक अगाथोक्लीज़ की एक दुर्लभ मुद्रा मिली थी।[२] इस मुद्रा के अग्रभाग पर श्रीकृष्ण का गोपवेश में अंकन है। वे धोती और दुपट्टे के रूप में पर्णवस्त्र धारण किये हुए हैं। मल्हार-

मूर्ति के साथ इनकी तुलना की जा सकती है। बायें हाथ में वे भारी चक्र धारण किये हैं। उनके सिर पर भी पत्तों का अलंकृत छत्र है। अग्र भाग पर यूनानी शासक का नाम ब्राह्मी लिपि में लिखा है। सिक्के के पृष्ठ भाग पर बलराम का अंकन है। उनके दायें हाथ में मूसल तथा बायें में हल है। वे भी पर्णवेशधारी हैं। इस शासक का समय ईसवीं पूर्व दूसरी शती का प्रारम्भ है।

शौरि कृष्ण के साथ उनके प्रमुख आयुध चक्र को विशेष महत्त्व प्राप्त हुआ। ब्रह्म के रूप में श्रीकृष्ण के जो विवरण प्राचीन साहित्य में उपलब्ध हैं उनमें चक्र पर विशेष बल दिया गया है। उदाहरणार्थ महाभारत का यह श्लोक द्रष्टव्य है :

कालचक्रं जगच्चक्रं युगचक्रं च केशव।
आत्मयोगेन भगवान् परिवर्तयतेऽनिशम्।। (महाभारत ५, ६६, १२)।

हल-मूसलधारी बलराम की शुंगकालीन एक पाषाण मूर्ति मथुरा में प्राप्त हुई थी, जो अब लखनऊ राज्य संग्रहालय में है।

उक्त मूर्तियों तथा घोसुंडी, नगरी, मथुरा आदि स्थानों से प्राप्त अभिलेखीय प्रमाणों से यह स्पष्ट है कि ई० पू० २०० या उसके पूर्व पांच वृष्णि महावीरों का महत्व रूढ़ हो चुका था। इन पांचों में से बलराम तथा कृष्ण को विशेष स्थान प्राप्त हुआ तथा उनके मन्दिरों का निर्माण भी होने लगा।

ईसवी प्रथम-द्वितीय शती से लेकर मध्यकाल के अन्त तक की जो कलाकृतियाँ मिली हैं, उनमें प्रायः श्रीकृष्ण के बाल-भाव का ही आलेखन है। प्राचीन शिलापट्टों पर उत्कीर्ण अधिकांश लीलायें कृष्ण-जन्म, पूतना-वध, शंकट-वध, यमलार्जुन-मोक्ष, कालिय-दमन, गोवर्धन-धारण एवं अरिष्ट, केशी तथा कंस आदि के वध की द्योतक हैं। इनके अतिरिक्त गोकुल-वृन्दावन की कतिपय अन्य लीलाओं का चित्रण भी प्राचीत मूर्तियों में मिलता है। युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ के पहले, भीम और अर्जुन के साथ श्रीकृष्ण, जरासंध की राजधानी गिरिव्रज (आधुनिक राजगृह) गये थे। वहीं भीम और जरासंघ के मध्य मल्लयुद्ध हुआ। इसका अत्यन्त रोचक चित्रण इलाहाबाद जिले में गढ़वा नामक स्थान से प्राप्त एक शिलापट्ट पर मिला है। यह पट्ट ईसवी पांचवी शती का है और अब लखनऊ संग्रहालय में सुरक्षित है। कृष्ण-लीला सम्बन्धी यह एक दुर्लभ कलाकृति है, क्योंकि कंस-वध के बाद श्रीकृष्ण के जीवन-सम्बन्धी बहुत कम दृश्य प्राचीन मूर्तिकला में मिले हैं।

श्रीकृष्ण का जन्म-स्थान मथुरा था। मथुरा तथा व्रज के कई अन्य स्थलों में उन्होंने लोकाह्लादिनी लीलायें कीं। व्रज में श्रीकृष्ण की अनेक पुरानी मूर्तियां मिली हैं। उनकी तथा बलराम की कुछ महत्वपूर्ण प्रतिमाएँ तुमैन (जिला गुना), एरण (जिला सागर), देवगढ़ (जिला ललितपुर), खजुराहो (जिला छतरपुर), मंडोर (जिला जोधपुर), सूरतगढ़ (जिला बीकानेर) आदि स्थानों में भी मिली हैं। बंगाल में पहाड़पुर, उड़ीसा में भुवनेश्वर, कर्णाटक में बादामी तथा तमिलनाडु में महाबलीपुर, आदि स्थानों की कला में श्रीकृष्ण की लीलाओं के विविध मनोरंजक रूप विद्यमान हैं। जावा के प्रंबनं तथा पनतारन नामक स्थानों के अतिरिक्त विदेशों में थाइलैण्ड (स्याम), कंबोडिया (कम्पूचिया), सुमात्रा, नेपाल, तिब्बत आदि में उपलब्ध अनेक कलाकृतियां प्रमाणित करती हैं कि उन देशों में कृष्णचरित बहुत लोकप्रिय हुआ।

श्रीकृष्ण के शैशव-काल से लेकर प्रौढ़ावस्था तक उनके द्वारा विरोधियों के दलन की कथाएँ साहित्य में उपलब्ध हैं । वे उनके असाधारण साहस, शौर्य तथा युद्धकला-नैपुण्य की परिचायक हैं । अपने ब्रज निवास के समय उन्होंने पूतना-वध से लेकर कंस-संहार तक के कार्य किये । उसके पश्चात् उन्होंने जरासंध, शिशुपाल, कालयवन आदि विरोधियों को समाप्त किया । महाभारत युद्ध में उनकी भूमिका विशेष महत्त्व की रही । इस युद्ध के माध्यम से अनीति और अत्याचार का दमन कर उन्होंने नीति परक व्यवस्था की स्थापना की । गणतंत्रात्मक शासन-पद्धति को उन्होंने तत्कालीन परिस्थितियों में भी श्रेयस्कर माना, यद्यपि अन्ततः उस व्यवस्था को चलाने में वे अनेक कारणों से सफल नहीं हो सके ।

ब्रजवासी कृष्ण की वीरता के परिचायक अनेक दृश्य भारत तथा उसके बाहर कई स्थानों से प्राप्त कलाकृतियों में उपलब्ध हैं । भीतरगाँव (जि० कानपुर) के गुप्त-कालीन मन्दिर के मृत्फलकों में केशी, वृषभासुर एवं कुवलयापीड़ के वध के अलावा कंस-वध का भी अंकन मिलता है । श्रावस्ती से कुछ बड़े आकार के मिट्टी के फलक मिले हैं, जिन पर केशी, धेनुक आदि के वध प्रदर्शित हैं । एरण (जिला सागर) में कई शिलापट्टों पर यमलार्जुन-उद्धार आदि के अतिरिक्त कंस का संहार भी दिखाया गया है । देवगढ़ में एक पाषाण-पट्ट पर अर्जुन के साथ श्रीकृष्ण प्रदर्शित हैं । अन्य शिलापट्टों पर शकट-वध, कंस-वध आदि के दृश्य हैं ।

देवराज इन्द्र का अभिमान तोड़ने तथा उसके कोप से ब्रजवासियों की रक्षा हेतु श्रीकृष्ण के द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाने की कथा बहुत प्रसिद्ध थी । गोवर्धन-धारण का दृश्य आरम्भिक गुप्तकालीन मिट्टी के एक फलक पर रंगमहल से मिला था । मध्य एशिया से प्राप्त एक मृदुभांड पर भी यह दृश्य अंकित है ।[3] मथुरा, मंडोर, बादामी आदि में भी गोवर्धनधारी कृष्ण की प्रतिमाएँ मिली हैं । भारत कला भवन की विशाल गोवर्धनधर मूर्ति विशेष उल्लेखनीय है । एलोरा में भी चतुर्भुज गोवर्धनधारी कृष्ण का आलेखन है ।

बंगाल के पहाड़पुर नामक स्थान में आठवीं-नवीं शती के कई कलापूर्ण फलक मिले हैं। उनमें से एक पर बलराम तथा कृष्ण के द्वारा क्रमशः चाणूर तथा मुष्टिक के साथ मल्ल युद्ध प्रदर्शित है ।

खजुराहो की चंदेलकालीन कला में पूतना-वध के अलावा बक, शकट, प्रलंब, अरिष्ट आदि असुरों का वध तथा कुवलयापीड़ एवं चाणूर, शल आदि का संहार प्रदर्शित हैं । वहाँ कंस-वध का दृश्य नहीं प्राप्त हुआ । खजुराहो की कृतियों की एक अन्य विशेषता यह है कि उनमें श्रीकृष्ण को शिशु या किशोरावस्था में दिखाने के बजाय युवावस्था में प्रदर्शित किया गया है ।

कालियदमन का एक उल्लेखनीय शिलापट्ट मथुरा में कंस-किला से मिला था जो उत्तर गुप्तकालीन है । दक्षिण भारत के धर्मराजगिरि आदि स्थानों से भी कालियदमन के दृश्य मिले हैं ।

देवगढ़ के एक खंडित शिलापट्ट पर अर्जुन के साथ आयुध-धारी श्रीकृष्ण का अंकन उल्लेखनीय है[4] यह गढ़वा वाले प्रसिद्ध पट्ट का स्मरण दिलाता है । उसमें श्रीकृष्ण गदा, चक्र तथा शंख लिये हुए खड़े हैं । उनके समीप अर्जुन हैं । भीम और जरासंघ मल्लयुद्ध में संलग्न हैं । श्रीकृष्ण को यहाँ चार भुजाओं वाला दिखाया है ।

वासुदेव-कृष्ण की अनेक प्राचीन कलाकृतियों में उनका गोपवेश तो परिलक्षित है, पर उन्हें माखन-चोर वंशीवादक या रासलीला वाले कृष्ण के रूप में नहीं आलेखित किया गया। उन्हें गदा, चक्र एवं शंखधर वीर के रूप में प्रदर्शित किया गया। यह वैदिक विष्णु तथा यदुवंशी क्षत्रिय कृष्ण का समन्वित रूप था,

गुप्तकाल में पंचदेवोपासना संवर्द्धित हुई। इन पांचों देवताओं (विष्णु शिव, सूर्य, देवी तथा गणेश) में विष्णु लोकरक्षक एवं लोकतत्व स्थापक होने के कारण सर्वाधिक आदृत हुए। अब सुपर्ण गरुड़ उनका वाहन बना। पंख पसारे हुए गरुड़ पर शंख, चक्र, गदाधारी विष्णु की एक दुर्लभ प्रतिमा मिली है।[५] यह प्रारंभिक गुप्तकालीन है। कुछ समय पहले प्राप्त रामगुप्त के अनेक ताँबे के सिक्कों पर इसी प्रकार के गरुड़ पक्षी का अंकन उल्लेखनीय है।

गुप्त-युग में कृष्ण विष्णु के साथ उक्त तीनों आयुधों में कमल जुड़ गया। इस प्रकार अब उनके आयूधों की संख्या चार हो गयी। गुप्त-काल में बौद्ध अनुकरण वाली अभयमुद्रा अब विष्णु की प्रतिमाओं में अगोचर हो गयी और मैत्रेय की अनुकृति वाला घट भी समाप्त कर दिया गया। यहाँ यह भी ध्यान देने की बात है कि गुप्त शासक अपने को "परमभागवत" लिखते थे, न कि परमवैष्णव।

चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य की 'चक्रविक्रम' प्रकार वाली दुर्लभ स्वर्ण मुद्रा पर अंकित देवता, उनके आयुध तथा सम्राट् की उक्त उपाधि भी विचारणीय है। अभी तक विष्णु के साथ सात्वत-भागवत वाली पुष्ट विचारधारा बलवती थी। उत्तर गुप्त युग से विष्णु के साथ श्री और भूदेवी का अंकन मिलने लगता है तथा विष्णु की संज्ञाओं में वृद्धि मिलने लगती है।

यहाँ पांचवी शती के उत्तरार्द्ध की भुमरा वाली विष्णु-मूर्ति का उल्लेख युक्तिसंगत होगा। विष्णु को अलंकृत मौक्तिकमाल के अन्तर्गत फुल्ले में वीरभाव में आसीन दिखाया गया है। बाएँ हाथ में धारण की गयी उनकी विशाल गदा मुकुट के सीध तक पहुँचती है। उनके एक ओर श्री तथा दूसरी ओर भूदेवी हैं। वासुदेव विष्णु का यह वीरभाव गुप्तकाल में विशेष आदृत हुआ। उस समय उन्हें सर्वव्यापी, सर्वशक्तिमान देव का रूप मिला। तत्कालीन अनेक मूर्तियों के अलावा मंदसौर से प्राप्त नरवर्मा के शिलालेख तथा अन्य कई लेखों से इसकी पुष्टि होती है। नरवर्मा के लेख में वासुदेव विष्णु की स्तुति महत्वपूर्ण है। अजन्ता आदि में निर्मित बुद्ध की अनेक पाषाण-प्रतिमाओं में भी विष्णु के इस सर्वशक्तिमान रूप की प्रेरणा दृष्टिगोचर होती है।

गुप्तकाल से अवतारवाद का उन्नयन हुआ, विष्णु के दस मुख्य तथा अनेक गौण अवतार स्थापित हुए। उनके वीर-रूप की स्मृति मुख्य अवतारों में स्पष्टतः दर्शनीय है। वराह, नृसिंह तथा वामन (त्रिबिक्रम) वीरत्व के परिचायक हैं। बाद के क्रम में परशुराम, दाशरथि राम और कृष्ण भी अत्याचार के दमन-कर्त्ता वीर-लक्षण सम्पन्न हैं।

विष्णु की त्रिमुख प्रतिमाओं के मध्यवर्ती विष्णु-मुख के साथ वराह तथा नृसिंह के रूप दर्शनीय हैं। त्रिविक्रम रूप वाली भी कई प्राचीन मूर्तियां मथुरा पवाया आदि से मिली हैं। ग्वालियर संग्रहालय में चतुर्मुख विष्णु की एक विशेष प्रतिमा है।[६] प्रतीहार कालीन इस चौकोर शिलापट्ट पर सामने गरुड़ासीन चतुर्भुज विष्णु हैं। पट्ट के तीन ओर क्रमशः त्रिविक्रम, नृसिंह तथा पृथ्वी का उद्धार करते हुए वराह की मूर्तियां हैं। चतुर्मुख विष्णु की मूर्तियां मध्यकाल में अन्य कई स्थानों से मिली हैं।

वासुदेव-विष्णु की मल्हार वाली मूर्ति कई दृष्टि से महत्व की है।[७] उसपर उत्कीर्ण मौर्य ब्राह्मी लेख के अनुसार उसका निर्माण-काल ई० पू० २०० के आसपास रखा जा सकता है। चतुर्भुज वासुदेव की इस प्रतिमा में उनके मुख्य आयुध गदा, चक्र और शंख उल्लेखनीय हैं। इस प्रकार की मूर्ति की परम्परा ईसवी चौथी शती तक थोड़े बहुत अन्तर के साथ जारी रही। यूनानी शासक, अगाथोक्लीज के सिक्के पर तथा मथुरा, उदयगिरि आदि अनेक स्थानों से प्राप्त वासुदेव-विष्णु की मूर्तियों से यह बात पुष्ट होती है।[८]

कुछ विद्वानों का यह विचार कि पंचाल शासक विष्णुमित्र (समय ई० पूर्व प्रथम शती) के एक मुद्रा-प्रकार पर विष्णु की प्रतिमा है, ठीक नहीं है। इस प्रकार के सिक्के पर सम्बन्धित आकृति विष्णु की न होकर गरुड़ की है।

प्रारम्भिक भारतीय कला में वासुदेव विष्णु को द्विभुज, चतुर्भुज या अष्टभुज रूप में दिखाया गया है। डॉ० नी० पु० जोशी ने इनका विस्तृत अध्ययन किया है।[९] यहां कुछ मुख्य लक्षों की ओर संकेत करना आवश्यक है :

१—देवता का कलंगी वाला उष्णीश मुकुट श्रीकृष्ण के गोपवेश का परिचायक है।

२—मुख्य आयुध गदा, चक्र और शंख मिलते हैं। उनके धारण करने के प्रकार में कुछ अन्तर मिलता है।

३—अष्टभुजी प्रतिमाओं में अन्य आयुधों के साथ असि तथा पर्वत भी प्रदर्शित हैं। असि का प्राचीतम रूप मल्हार वाली प्रतिमा में है। पर्वत गोवर्धन गिरि का द्योतक कहा जा सकता है। धनु और इषु (बाण) आयुध भी उल्लेखनीय है।

४—मथुरा से प्राप्त कुषाणकालीन कई विष्णु मूर्तियों में उनका एक हाथ अभयमुद्रा में मिलता है। वरदमुद्रा कम मिली है। कुछ मूर्तियों में हाथ में घट मिलता है, ये लक्षण बौद्ध प्रभाव के द्योतक हैं। मथुरा से बाहर वासुदेव विष्णु की जो मूर्तियाँ मिली है, उनमें उक्त बौद्ध लक्षणों का अभाव है।

विष्णु की चतुर्व्यूह तथा पंचव्यूह मूर्तियां भी उल्लेखनीय हैं। वृष्णि-सात्वत् वंश के पंचवीरों की कल्पना प्राचीन साहित्य तथा अभिलेखों से उपलब्ध है। मथुरा के मोरा-अभिलेख तथा मथुरा संग्रहालय की प्रसिद्ध चतुर्व्यूह-प्रतिमा विशेष महत्व की हैं। विष्णु स्मृति (१, १६) का 'एकव्यूहश्चतुर्वक्त्र' कथन इस दृष्टि से युक्तिसंगत है।

कोंडामोतु से प्राप्त पंचवीर-पट्ट यहां विशेष रूप से उल्लेख्य है। इस पर पांचों वृष्णि वीर अपने आयुधों सहित प्रदर्शित हैं। इस पट्ट की एक विशेषता यह है कि उस पर वासुदेव और प्रद्युम्न के बीच नृसिह को बैठा हुआ दिखाया गया है। वे उत्थित दो हाथों में क्रमशः गदा और चक्र धारण किए हैं। वासुदेव कृष्ण के एक हाथ में शंख है।

प्रारम्भिक गुप्त-युग तक की वासुदेव-विष्णु की अनेक मूर्तियों में कृष्ण के मयूर मुकुट के साथ वनमाला का अंकन भी दर्शनीय है, जो उनके गोप वेश का परिचायक है।

मध्यकाल में श्रीकृष्ण की वीरलक्षण-सम्पन्न प्रतिमाओं का निर्माण उत्तर तथा दक्षिण भारत के विभिन्न भागों में जारी रहा। दक्षिण भारत में बादामी के प्रारम्भिक चालुक्यों के समय से लेकर विजयनगर शासकों के समय तक श्रीकृष्ण के मंदिरों तथा मूर्तियों का निर्माण प्रचुर रूप में हुआ। उनकी मूर्तियाँ पत्थर तथा मृत्तिका के अतिरिक्त, धातु, हाथी दांत आदि की बनती थीं। चोलों के समय में श्रीकृष्ण की काँस की अनेक सुन्दर मूर्तियाँ निर्मित हुईं।

उत्तर-मध्यकाल में चित्रकला का क्षेत्र विवेच्य विषय के लिए बहुत उर्वर सिद्ध हुआ। राजस्थानी, बुन्देली, मालवा, पहाड़ी कलाओं के अतिरिक्त दक्षिण की चित्रकला में श्रीकृष्ण की व्रज लीलाएँ प्रभूत मात्रा में मिलती हैं। उनके अलावा द्वारका तथा महाभारत के कृष्ण के विविध रूप भारतीय चित्रकला में रूपायित किये गये।

अन्त में एक तथ्य पर विचार आवश्यक प्रतीत होता है। प्राचीन साहित्य तथा पुरातत्वीय प्रमाणों से भासित होता है कि श्रीराम का आविर्भाव कृष्ण के पहले हुआ। दोनों को विष्णु के मुख्य अवतारों में स्थान दिया गया। पर ऐसे प्राचीन प्रमाणों का अभाव है जिनसे गुप्तकाल के पहले राम के मन्दिर या मूर्ति बनने या उनके अनुयायियों के अस्तित्व का पता चलता हो। मेगास्थनीज, एरियन आदि विदेशी यात्रियों के विवरणों से मथुरा तथा केशवपुरा में हेराक्लीज देवता की पूजा का उल्लेख मिलता है। हेराक्लीज को कृष्ण का ही परिचायक 'हरिकेशव' या 'हरिकृष्ण' माना जा सकता है।

वासुदेव-कृष्ण के अनुयायी 'वासुदेवकों' के प्राचीन उल्लेख, ईसवी पूर्व में उनके देवकुलों तथा मूर्तियों का निर्माण, ईसवी पूर्व द्वितीय शती के यूनानी शासक अगाथोक्लीज के सिक्के पर बलराम के साथ वासुदेव कृष्ण का अंकन, एक अन्य यूनानी राजा ऐटिअल्काइडिस के द्वारा उन्हें 'देवदेव' कहना तथा उनके मन्दिर के सामने विदिशा में गरुड़ध्वज की स्थापना आदि अनेक प्रमाण उपलब्ध हैं। ई० पूर्व दूसरी शती के नानाघाट के प्रसिद्ध लेख में वैदिक देवों के साथ 'संकर्षण वासुदेव' को भी देव माना गया है।

श्रीराम के सम्बन्ध में यह विचारणीय है कि उन्होंने आर्य-संस्कृति के दुर्दान्त विरोधी रावण का संहार करके आर्य सभ्यता को विंध्य के दक्षिण में व्यवस्थित रुप से प्रसारित किया। उन्होंने निषादों, गिरिजनों आदि से मैत्री सम्बन्ध स्थापित किए और आर्य मर्यादा का उत्कृष्ट ढंग से पालन किया। तो भी यह विचारणीय है कि गुप्तकाल के पहले श्रीराम देवरुप में अधिष्ठित नहीं हुए, जैसा कि कृष्ण हुए, यद्यपि रामकथा की परम्परा कृष्ण-कथा से पहले की है।

श्रीकृष्ण के सम्बन्ध में यह ध्यान देने की बात है कि राजा न होकर भी उन्होंने राजनीति का असाधारण परिचय दिया। उन्होंने अपने समय की विशृंखलित आर्य मर्यादा को पुनः संस्थापित किया। देश के लिए गणतंत्र व्यवस्था की उपादेयता का परीक्षण किया। धरती और जनजीवन के साथ उनका अटूट सम्बन्ध बना रहा। उन्होंने अत्याचार के दमन एवं ऋत की व्यवस्था-हेतु इन्द्र तथा वरुण के सम्मिलित गुणों का निर्वाह किया और कर्मपरक जीवन-दर्शन को प्रतिष्ठित किया। संभवतः इन्हीं कारणों से श्रीकृष्ण को भारतीय संस्कृति में अप्रतिम स्थान प्राप्त हुआ।

संदर्भ

१—सुत्तनिपात की निद्‌देस टीका, मिलिंदपञ्ह आदि ग्रन्थों से भी इसकी पुष्टि होती है ।

2—ARTS ASIATIQUE, XXVI (1913) pp. 113-23.
A. K. Narain, JNSI, Vol. XXXV (1973), p. 73-77.
Doris Srinivasan in Archives of Asian Art, XXXII (1979) pp. 39-54 fig. 23-24.

3—R. C. Agarwal, JISOA, Vol. II (New Series) p. 69.

४—नीलकण्ठ पुरुषोत्तम जोशी, प्राचीन भारतीय मूर्ति विज्ञान, पृ० १०४ ।

५—वही, पृ० ८६, चित्र ५६, मथुरा संग्रहालय संख्या ५६-४.

६—डोरिस श्रीनिवासन, वही, पृ० ४५-४७, चित्र १५-१८ ।

७—द्रष्टव्य बाजपेयी, मल्हार (सागर, १९७८) पृ० २७, फलक १० ।

८—विस्तार के लिए, द्रष्टव्य जोशी, वही, पृ० १०४-११३ तथा कैटलॉग आफ द ब्रह्मैनिकल स्कल्पचर्स इन द स्टेट म्यूज़ियम, लखनऊ पृ० ७-८, १५-१६ ।

९—जोशी, प्राचीन भारतीय मूर्ति विज्ञान, पृ० ७४ तथा आगे ।
जे० एन० बनर्जी, डेवलपमेंट आफ हिन्दू आइकोनोग्राफी, पृ० १९०-१९१ ।

खजुराहो–शिल्प में कृष्ण–लीला

रामाश्रय अवस्थी

वसुदेव-देवकी के पुत्र कृष्ण विष्णु के आठवें अवतार माने जाते हैं। उनका जीवन-चरित्र अनेक पुराणों-हरिवंश, भागवत, विष्णु आदि तथा अन्य विभिन्न ग्रन्थों में प्राप्त होता है। उनका व्यक्तित्व इतना उदात्त, लोकरंजक एवं व्यापक रहा है कि न केवल भारतीय साहित्य में उसका बहुमुखी वर्णन मिलता है, वरन् ललित-कलाएं भी उससे ओतप्रोत हैं। शिल्पियों के लिए तो कृष्ण-लीला अत्यन्त प्राचीन काल से एक मधुर विषय रही है और उन्होंने कृष्ण की जीवन-झांकी विविध रूपों में अंकित कर अपनी कला को धन्य माना है। ऐसे अनेक चित्रण भारत के विभिन्न भागों में, काश्मीर से महाबलीपुरम् और बंगाल से सौराष्ट्र तक, पाए गए हैं। किन्तु इन सभी चित्रणों में विविधता और शिल्पीकरण की दृष्टि से खजुराहो-चित्रण बेजोड़ हैं।

खजुराहो में कृष्ण-लीला सम्बन्धी मूर्तियां अधिकांशतः लक्ष्मण मन्दिर में उत्कीर्ण हैं। इस मन्दिर के प्रदक्षिणापथ के चारों ओर, गर्भगृह जंघा पर इन ग्यारह दृश्यों की मूर्तियां हैं। पूतना-वध, शकट-भंग, तृणावर्त—वध, यमलार्जुन—उद्धार, वत्सासुर—वध, कालिय—मर्दन, अरिष्टासुर—वध, कुब्जानुग्रह, कुवलयापीड-वध, चाणूर-युद्ध तथा शल-युद्ध। ये सब अत्यन्त सुन्दर मूर्तियां हैं। इस प्रकार कृष्ण-लीला-चित्रण की दृष्टि से खजुराहो में यह सर्वाधिक महत्व का मन्दिर है। इस मन्दिर की यमलार्जुन-मूर्ति के सदृश एक सुन्दर मूर्ति पार्श्वनाथ नामक जैन मन्दिर में भी उत्कीर्ण है और इस दृश्य का एक छोटा अंकन विश्वनाथ मन्दिर में भी लेखक को मिला है। इसके अतिरिक्त, पूतना-वध का भी एक छोटा चित्रण इस मन्दिर में प्राप्त है। स्थानीय संग्रहालय में कृष्ण जन्म की एक सुन्दर मूर्ति सुरक्षित है। उपर्युक्त मूर्तियों के अतिरिक्त, खजुराहो में दो शिलापट्ट भी उपलब्ध हैं, जिनमें कृष्ण-लीला के अनेक दृश्य चित्रित हैं।

डॉ० रामाश्रय अवस्थी, रीडर, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

कृष्ण जन्म

खजुराहो संग्रहालय में सुरक्षित कृष्ण-जन्म की मूर्ति बड़ी सुन्दर है ।[1] इसमें कृष्ण की मां देवकी शेष-शय्या (एक पर्यंक पर व्यवस्थित शेष-कुण्डलियों) पर दाएं करवट लेटी हुई प्रदर्शित हैं । उनके साथ शिशु कृष्ण लेटे हुए हैं । विष्णु भगवान के ये बालरूप होने के कारण ही शेष इनको शय्या दे रहे हैं (इस सन्दर्भ में विष्णु की शेषशायी मूर्तियाँ द्रष्टव्य हैं) । देवकी विशाल किरीट-मुकुट (वैष्णव लांछन), हार, ग्रैवेयक, कुण्डल, कंकण, वलय, केयूर तथा मुक्ता-ग्रथित कटिसूत्र-आभूषणों से अलंकृत हैं । किरीट-मुकुट के ऊपर शेष-फणों का विशाल घटाटोप है । ऊपर की ओर मुड़ा हुआ उनका दाहिना हाथ उनके किरीट मुकुटधारी मस्तक को आश्रय दिए है और बायां वे अपने दाहिने स्तन पर रखे हैं, मानों निकट लेटे हुए कृष्ण को वे दूध पिलाने के लिए उद्यत हों, जिनका मुख इसी स्तन के पास है । मूर्ति खण्डित होने के कारण देवकी के चरण टूट गए हैं । सम्भव है अन्य स्थानों से प्राप्त ऐसी मूर्तियों के सदृश इसमें भी उनके चरणों का संवाहन करती हुई लक्ष्मी चित्रित रही हों । पर्यंक के नीचे एक पद्म के ऊपर एक शंख (दोनों वैष्णव लांछन) रखा है, जिसके सम्मुख बैठी हुई चामरधारिणी की एक नन्हीं-सी आकृति है । पर्यंक से अलग (घटाटोप के पीछे) एक अन्य अनुचरी बैठी है, जिसके दाहिने हाथ में चामर और बाएं में पूर्ण विकसित पद्म है । चित्रण के सबसे ऊपर पंक्तिबद्ध बैठे नवग्रहों की आकृतियाँ हैं, जिनमें से कुछ ग्रह मूर्ति खण्डित होने के कारण लुप्त हो गए हैं ।

खजुराहो की इस मूर्ति के सदृश निर्मित कृष्ण जन्म की तीन अन्य मध्य भारतीय मूर्तियाँ भी द्रष्टव्य हैं । इनमें एक ग्वालियर संग्रहालय[2] और दो धुबेला संग्रहालय[3] में सुरक्षित हैं । लगभग इसी प्रकार की अनेक मूर्तियाँ भारत के अन्य भागों में भी प्राप्त हुई हैं, जिन्हें कुछ विद्वानों ने कृष्ण जन्म और कुछ ने मां-शिशु, सद्योजाता,[4] यशोदा-कृष्ण, बुद्ध-जन्म, महावीर-जन्म अथवा महेश्वर-जन्म[5] माना है । निस्सन्देह ऐसी सब तथा कथित मां-शिशु मूर्तियों में कृष्ण-जन्म का ही चित्रण नहीं हुआ । उदाहरणार्थ खजुराहो संग्रहालय (सं० १८३७) की दूसरी मां शिशु मूर्ति दर्शनीय है, जिसे कृष्ण-जन्म नहीं माना जा सकता । इसमें पहली मूर्ति के सदृश मां और शिशु शेष-पर्यंक पर लेटे अवश्य हैं, किन्तु इसका और चित्रण पूर्णतया भिन्न है । इसमें मां के मस्तक पर करण्ड-मुकुट है, किरीट नहीं और शिशु के सिर पर घुंघराली केशराशि का अभाव है । मूर्ति में कहीं भी शंख, पद्म आदि कोई वैष्णव लांछन नहीं चित्रित है । मूर्ति के ऊपरी भाग में पंक्ति-बद्ध उत्कीर्ण पांच पुरुष-मस्तकों (चार जटा-मुकुट और एक किरीट मुकुट से युक्त), वृक्ष, सिंह पर आरूढ़ देवी, गणेश आदि का प्रदर्शन बड़ा ही विचित्र है । इस मूर्ति का अभिज्ञान कठिन है ।

पूतना-वध

खजुराहो में उपलब्ध पूतना–वध के चित्रणों में से सर्वोत्तम चित्रण वहां के लक्ष्मण मन्दिर में दर्शनीय है ।[6] इसमें बालकृष्ण राक्षसी पूतना का दूध पीते हुए प्रदर्शित हैं । राक्षसी ललितासन-मुद्रा में बैठी है और कृष्ण नग्न खड़े हैं । कृष्ण अपने दोनों हाथों से राक्षसी के बांये स्तन को जोर से दबा कर पी रहे हैं । दूध पीने के साथ ही साथ वे उसके प्राण भी पीते जा रहे हैं, जिससे उसके स्तनों में असह्य पीड़ा हुई है और उसका राक्षसी रूप प्रकट हो गया है । उसके गाल और पेट बिलकुल पिचके हुए हैं, नेत्र उलट

गए हैं, शरीर की नसें और अस्थियां उभर आई हैं और हाथ ऊपर की ओर फैल गए हैं—मानो वह रो रो कर कृष्ण से जीवन-दान की याचना कर रही हो। कृष्ण के मुख पर सन्तोष और प्रसन्नता तथा राक्षसी के मुख पर असह्य पीड़ा तथा भय के भावों को उभारने में शिल्पी को असाधारण सफलता मिली है।

पूतना-वध के छोटे छोटे तीन चित्रण खजुराहो में और उपलब्ध हैं—दो कृष्ण-लीला-पट्टों[7] में और एक[8] विश्वनाथ मन्दिर की एक रूपपट्टिका में। इनमें भागवतपुराण (स्कन्ध १०, अ० ६) के विवरण के अनुसार राक्षसी की गोद में लेटे हुए कृष्ण उसका एक स्तन पी रहे हैं।

कृष्ण लीला के इस दृश्य ने शिल्पियों को सदैव प्रोत्साहन प्रदान किया है। इस दृश्य के प्राचीनतम निदर्शन बादामी की गुफाओं (छठवीं शती ई०) में मिलते हैं, किन्तु खजुराहो के लक्ष्मण मन्दिर की मूर्ति कलाभिव्यक्ति की दृष्टि से इनसे बहुत आगे है।[9] राजस्थान के विभिन्न स्थानों, जैसे ओसियां,[10] केकीन्द (प्राचीन किष्किन्धा)[11] तथा अटरू[12] में प्राप्त इस लीला के मध्ययुगीन चित्रण भी द्रष्टव्य हैं।

शकट-भंग

इस दृश्य को प्रदर्शित करती एक स्वतन्त्र मूर्ति खजुराहो में उपलब्ध है और एक छोटा चित्रण कृष्ण-लीला-पट्ट में अंकित है। स्वतन्त्र मूर्ति[13] में चतुर्भुज कृष्ण एक छकड़े को उलटते हुए प्रदर्शित हैं। वे अपने दो प्राकृतिक हाथों से छकड़े के अग्रभाग को पकड़े हैं, बाएं पैर से उसे नीचे दबाए हैं और दाहिना पैर उसके ऊपर रखे हैं। उनका ऊपरी दाहिना हाथ कटक-मुद्रा में है और बांए में धारण किया गया पदार्थ कशा-सा प्रतीत होता है। यहां वे शिशु-रूप में नहीं, युवा-रूप में चित्रित हैं। उनके सिर पर घुंघराली केशराशि है और वे ग्रैवेयक, कुण्डल, मुक्ता-माला, केयूरों, वलयों, मुक्ताग्रथित मेखला तथा नूपुरों से अलंकृत हैं। वे नृत्य मुद्रा में प्रदर्शित हैं, मानों खेल-खेल में उन्होंने यह करतब कर दिखलाया हो।

इस दृश्य का एक छोटा चित्रण वहाँ उपलब्ध एक कृष्ण-लीला-पट्ट[14] में भी मिलता है। इसमें आलीढ़ मुद्रा में खड़े हुए बालकृष्ण अपने दोनों हाथों से छकड़े के जुआ को पकड़ कर उसे उलटते हुए प्रदर्शित है।

कृष्ण की इस लीला की कथा भागवतपुराण[15] में मिलती है। इसके अनुसार शिशु कृष्ण एक छकड़े के नीचे लेटे हुए थे, जिसे उन्होंने अपने पैर के धक्के से उलट दिया था।

कृष्ण लीला का यह दृश्य भारतीय शिल्पियों के बीच पर्याप्त लोकप्रिय रहा है। इसका प्राचीनतम चित्रण मण्डोर के गुप्तकालीन स्तम्भ में मिलता है, जिसमें शय्या पर पड़े शिशु कृष्ण अपने पैर के धक्के से छकड़े को उलटते हुए प्रदर्शित हैं।[16] गुप्तकालीन दूसरा चित्रण देवगढ़ में दर्शनीय है।[17] बादामी की दो गुफाओं (छठवीं शती ई०) में भी यह लीला अंकित मिलती है।[18] उपर्युक्त सभी चित्रणों के विपरीत खजुराहो में कृष्ण शिशु-रूप में चित्रित न हो कर बाल अथवा युवा रूप में चित्रित हुए हैं। खजुराहो के चित्रणों के सदृश युवा कृष्ण द्वारा शकट-भंग का दृश्य सोहागपुर में भी द्रष्टव्य है।[19] खजुराहो की भांति यह चित्रण भी मध्ययुगीन है और खजुराहो के शिलापट्ट में अंकित चित्रण के समरूप है। इस लीला के मध्ययुगीन चित्रण राजस्थान में भी मिले हैं।[20]

तृणावर्त-वध

खजुराहो में कृष्ण की इस लीला की मात्र एक सुन्दर मूर्ति[२१] (चित्र १) उपलब्ध है। इसमें कृष्ण तृणावर्त के स्कन्धों पर बैठे प्रदर्शित हैं। विकरालमुख तृणावर्त कृष्ण के पैरों को कस कर पकड़े है और उन्हें उड़ाकर लिए जा रहा हैं। भागवतपुराण[२२] के अनुसार तृणावर्त नाम का एक दैत्य कंस का निजी सेवक था। कंस की प्रेरणा से कृष्ण वध के उद्देश्य से वह झंझावात बन कर गोकुल आया और बैठें हुए शिशु कृष्ण को आकाश में उड़ा ले गया। यशोदा कृष्ण को अनुपस्थित देखकर और उन्हें आंधी में उड़ गया मानकर अत्यन्त व्याकुल होकर रोने लगीं। किन्तु कृष्ण के भारी बोझ को न सम्भाल सकने के कारण दैत्य अधिक न बढ़ सका और उसका वेग शान्त हो गया। कृष्ण ने उसका गला इस प्रकार जकड़ रखा था कि वह इस अद्भुत शिशु को अपने से अलग न कर सका। वह निश्चेष्ट हो गया, उसके नेत्र बाहर निकल आए, वाणी अवरुद्ध हो गई और अन्ततः उसके प्राण-पखेरू उड़ गये। वह कृष्ण के साथ नीचे आ गिरा। नीचे गिरे दैत्य के साथ कृष्ण को देख कर यशोदा और अन्य गोपियां विस्मय में पड़ गई और कृष्ण को जीवित पाकर सभी आनन्दविभोर हो उठीं।

इस मूर्ति में तृणावर्त की उड़ान का चित्रण है। उसके स्कन्धों पर नृत्य-मुद्रा में बैठे हुए कृष्ण का चित्रण शिशु-रूप में न हो कर युवा रूप में हुआ है। कृष्ण के सिर पर घुंघराले बाल है और वे हार, ग्रैवेयक, कुण्डलों, कंकणों, केयूरों, नूपुरों, कौस्तुभमणि और मेखला से अलंकृत हैं। तृणावंत भी कुण्डल, हार, ग्रैवेयक, उपवीत, वलय तथा मेखला-बद्ध वस्त्र धारण किए हैं।

कृष्ण-लीला का यह दृश्य शिल्प में बहुत कम अंकित हुआ है। बादामी के एक विशाल कृष्ण-लीला पट्ट[२३] (छठवीं शती ई०) में इस दृश्य का एक चित्रण अवश्य दर्शनीय है, जिसमें उड़ते हुए महाकाय राक्षस के स्कन्धों पर नन्हें–से कृष्ण बैठे प्रदर्शित हैं।

यमलार्जुन-उद्धार

इस लीला के कई चित्रण खजुराहो में मिलते हैं, जिनमें दो विशेष दर्शनीय हैं—एक है लक्ष्मण मन्दिर में और दूसरा पार्श्वनाथ मन्दिर में। लक्ष्मण मन्दिर की मूर्ति[२४] सर्व प्रथम उल्लेखनीय है। इसमें नृत्य करते हुए कृष्ण अपने दोनों हाथों से दो अर्जुन वृक्षों (यमलार्जुन) को उखाड़ते हुए प्रदर्शित हैं। यमलार्जुन-उद्धार की कथा भागवतपुराण[२५] में मिलती है। ये अर्जुन वृक्ष धनाध्यक्ष कुबेर के दो पुत्र नलकूबर और मणिग्रीव थे, जो देवर्षि नारद के शाप से वृक्ष बन कर यमलार्जुन नाम से प्रसिद्ध हुए। कृष्ण के सान्निध्य से ये दोनों यक्षकुमार शापमुक्त हुए थे। कृष्ण ने अपनी कमर में बंधे हुए ऊखल् से इन वृक्षों को उखाड़ा था, जिनसे दोनों यक्षकुमार प्रकट हुए थे। इस मूर्ति में युवा कृष्ण किरीट-मुकुट, कुण्डल, हार, ग्रैवेयक, कौस्तुभमणि, यज्ञोपवीत, कंकण, मुक्ताग्रथित मेखला और नूपुर धारण किए हैं और वे कटि के नीचे एक वस्त्र से आच्छादित हैं।

पार्श्वनाथ मन्दिर की मूर्ति[२६] आकार और निर्माण-शैली की दृष्टि से उपर्युक्त मूर्ति के सदृश है। दो शिलापट्टों में उत्कीर्ण इस दृश्य के चित्रण अपेक्षाकृत बहुत छोटे हैं।[२७] तीसरा चित्रण[२८] भी इन्हीं के

सदृश हैं । इन तीनों चित्रणों में पूर्ववत कृष्ण अपने दोनों हाथों से दो वृक्षों को उखाड़ते हुए प्रदर्शित हैं । खजुराहो की इन प्रतिमाओं के सदृश एक प्रतिमा पहाड़पुर[२९] (नवीं शती ई०) और एक (मध्ययुगीन) अटरू[३०] में भी द्रष्टव्य है । इस लीला की पूर्ववर्ती प्रतिमाओं में, भागवतपुराण के विवरण का पूर्ण अनुकरण कर, कृष्ण की कमर से बंधे ऊखल द्वारा वृक्षों का उखाड़ना प्रदर्शित किया गया है । ऐसे चित्रण बादामी की गुफाओं (छठी शती ई०) और सीरपुर के लक्ष्मण मन्दिर में द्रष्टव्य हैं ।[३१]

वत्सासुर वध

खजुराहो में उपलब्ध कृष्णायन के इस दृश्य में कृष्ण वत्सासुर का वध करते हुए प्रदर्शित हैं ।[३२] भागवतपुराण[३३] के अनुसार एक दिन कृष्ण और बलराम ग्वालबालों के साथ यमुना तट पर बछड़े चरा रहे थे । उसी समय एक दैत्य उन्हें मारने के उद्देश्य से बनावटी बछड़े का रूप धारण कर बछड़ों के झुण्ड में सम्मिलित हो गया । कृष्ण ने उसे पहचान लिया और पूंछ के साथ उसके दोनों पैर पकड़कर आकाश में घुमाते हुए उसे मार डाला । खजुराहो की इस मूर्ति में कृष्ण अपना बायां पैर पृथ्वी पर रखे हैं और दाएं पैर के बल बछड़े पर आरुढ़ हैं । वे अपने एक दाहिने हाथ से उसकी पूंछ और एक बाएं हाथ से उसका मुख मरोड़ रहे हैं । उनके ऊपरी दाएं बाएं हाथ कपित्थ-मुद्रा में प्रदर्शित हैं । युवा कृष्ण के सिर पर घुंघराली केशराशि है और वे कुण्डल, हार, ग्रैवेयक, यज्ञोपवीत, केयूर, कंकण, नूपुर तथा मेखला धारण किए हैं । छठवीं शती ई० से ही यह दृश्य शिल्पियों में लोकप्रिय रहा है । इसका प्राचीनतम चित्रण बादामी में द्रष्टव्य है ।[३४]

कालिय-दमन

खजुराहो में कालिय-दमन की एक सुन्दर मूर्ति[३५] (चित्र २) । इसमें कृष्ण अपने दाहिने पैर से कालिय नाग की पूंछ का मर्दन करते हुए नृत्य-मुद्रा में प्रदर्शित हैं । उनके दोनों अधः करों में कमलनाल है । बाएं कर के कमलनाल का निचला छोर नागराज के मुख में प्रविष्ट है, मानो इससे कृष्ण उसके मुख को पिरो रहे हों । उनका ऊपरी दाहिना हाथ नृत्य-मुद्रा में और बायां पूर्ण विकसित पद्म अथवा चक्र से युक्त है । कालिय का ऊर्ध्व शरीर पुरुषाकृत और अधः सर्पपुच्छाकृत है । उसके सिर पर नागत्व सूचक तीन फणों का घटाटोप है । उसकी डाढ़ी में बाल हैं और वह कुण्डल, हार, केयूर और कंकण धारण किए है । वह बड़ी दीनतापूर्वक अपने हाथ अंजलि-मुद्रा में जोड़े है और सिर ऊपर उठा कर कृष्ण से विनती करता हुआ प्रदर्शित है । कृष्ण किरीट मुकुट तथा अन्य सामान्य खजुराहो आभूषणों से अलंकृत हैं ।

कृष्ण लीला का यह दृश्य भारतीय शिल्प में अत्यन्त लोकप्रिय रहा है । इसका प्राचीनतम अंकन मण्डोर के गुप्तकालीन स्तम्भ[३६] में मिलता है, जिसमें प्रत्यालीढ-मुद्रा में प्रदर्शित कृष्ण अपने दाहिने पैर से कालिय की पूंछ का और बांए पैर से उसके फणों का मर्दन करते प्रदर्शित हैं । उनके दाहिने हाथ में कमल-पुष्पों का गुच्छा है बांए में पाश है, जिससे उन्होने कालिय को बांध रखा है । इस दृश्य की एक खण्डित मूर्ति मथुरा[३७] में उपलब्ध है । इसमें कृष्ण मुकुट, कुण्डल, हार एवं वलय धारण किए हैं । उनके द्वारा बांए हाथ में धारण किए गए पाश से स्पष्ट है कि उन्होंने नागराज पर विजय पा ली है । यह पाश नागराज के सिरके चारों

ओर लिपटा है । नागराज के सिर पर नागत्व सूचक फणों का घटाटोप प्रदर्शित है । कृष्ण के उठे हुए बांए चरण के निकट, हाथों में उपहार लिए हुए अवनतमुखी नागराज्ञी अपने पति की प्राणरक्षा के लिए प्रार्थना करती–सी प्रदर्शित है, जिनकी दयनीय मुद्रा के चित्रण में शिल्पी को अत्यधिक सफलता मिली है । कालिय-दमन की एक मृण्मूर्ति भी मथुरा से प्राप्त हुई है ।[३८] भुवनेश्वर से प्राप्त छठवीं शती ई० के ऐसे चित्रण में कदम्ब वृक्ष के साथ यमुना तट का भी प्रदर्शन हुआ है ।[३९] बादामी की गुफाओं में भी यह दृश्य अंकित मिलता है ।[४०] एक मध्य युगीन चित्रण ओसियां में भी देखा जा सकता है ।[४१] इन सभी प्रतिमाओं के अवलोकन से ज्ञात होता है कि खजुराहो-चित्रण में कुछ मौलिकता है । इसमें कालिय की डाढ़ी में बालों का चित्रण हुआ है, जैसा अन्य किसी स्थान की मूर्ति में नहीं मिलता और उसके मुख में कमलनाल प्रविष्ट कर उसे पाश-वद्ध करने का नवीन ढंग अपनाया गया है ।

अरिष्टासुर-वध

खजुराहो में उपलब्ध अरिष्टासुर वध की मूर्ति (चित्र ३) अत्यन्त सुन्दर है ।[४२] इसमें द्विभुज कृष्ण अपने दाहिने हाथ से वृषभ (अरिष्टासुर) के दाहिने सींग को और बाएं हाथ से उसके मुख को जोर से मरोड़ रहे हैं और अपने दाहिने पैर से उसे दबाकर वश में किए हुए नृत्य करते प्रदर्शित हैं । युवा कृष्ण के सिर पर घुंघराली केशराशि है और वे सामान्य आभूषणों से अलंकृत हैं । उनके मुख-मण्डल पर झलकता अलौकिक शान्ति का भाव, बड़े सहज भाव से अरिष्टासुर को वश में करने की उनकी मुद्रा और असुर की अपार वेदनाजनित दयनीयता विशेष दर्शनीय है ।

यह मूर्ति भागवतपुराण[४३] की कथा के ठीक अनुरूप निर्मित है, जिसमें यह कहा गया है कि कृष्ण ने अरिष्टासुर के सींग पकड़ लिए और उसे पृथ्वी पर गिरा कर अपने पैरों से इस प्रकार कुचला जैसे कोई गीला कपड़ा निचोड़ता है ।

एक कृष्ण-लीला-पट्ट में अंकित अरिष्टासुर वध का एक और दृश्य खजुराहो में मिलता है, जिसमें प्रत्यालीढ-मुद्रा में खड़े कृष्ण अपने दाहिने हाथ से सम्मुख खड़े वृषभ के दाहिने सींग को और बांए हाथ से उसके मुख को मरोड़ते प्रदर्शित हैं । यह दृश्य मण्डोर के गुप्तकालीन स्तम्भ[४४] और बादामी की गुफाओं[४५] में भी चित्रित है । इस लीला के मध्ययुगीन चित्रण राजस्थान के विभिन्न स्थानों में भी मिले हैं ।[४६]

कुब्जानुग्रह

खजुराहो में उपलब्ध कुब्जानुग्रह की मूर्ति[४७] विशेष दर्शनीय है (चित्र ४) । इसमें कंस-भवन में प्रवेश करने के पूर्व मथुरा नगरी में विचरण करते हुए कृष्ण बलराम और उनके सम्मुख खड़ी हुई कुब्जा का चित्रण है । कुबड़ी युवती के रूप में चित्रित कुब्जा अपने हाथ ऊपर उठा कर अंगराग कृष्ण को भेंट कर रही है, जिसे कृष्ण प्रसन्नतापूर्वक अपने दाहिने हाथ में ग्रहण कर रहे हैं । मन्द मन्द मुस्कराते हुए सुन्दर सुकुमार रसिक के रुप में चित्रित कृष्ण बलराम की ओर मुड़कर उनसे कुब्जा की भेंट स्वीकारनें की अनुमति ले रहे हैं । कृष्ण की भांति बलराम भी द्विभुज हैं । उनका दाहिना हाथ चिन्मुद्रा में है और बांए में वे हल धारण किए

हैं। कृष्ण किरीट मुकुट, वनमाला तथा अन्य सामान्य आभूषणों से अलंकृत है। कृष्ण के समान बलराम भी अलंकृत हैं, किन्तु उनके सिर पर मुकुट न होकर नागत्व-सूचक फणों का घटाटोप है।

यह अत्यन्त सजीव मूर्ति है। कृष्ण, बलराम और कुब्जा-तीनों का चित्रण भावपूर्ण है। कृष्ण के मुस्कराते मुख पर चपलता का भाव चित्रित है और उनके द्वारा भेंट स्वीकृत होने पर कुब्जा आनन्द से फूली नहीं समा रही है। कृष्ण की सुन्दरता, सुकुमारता, रसिकता, मन्द मुस्कान, चारु चितवन और उनके प्रेमालाप पर उसने अपना हृदय न्योछावर कर दिया है। कृष्ण की चपलता के विपरीत बलराम में गम्भीरता है और उनमें बड़े भाई की गुरुता का भाव प्रदर्शित करने में शिल्पी ने असाधारण कौशल दिखलाया है।

इस कृष्ण-लीला के अन्य शिल्प निदर्शन बहुत ही कम उपलब्ध हैं। खजुराहो के अतिरिक्त, सोहागपुर[४८] के दो अर्धचित्रों में भी यह दृश्य अंकित मिलता है।

कुवलयापीड-वध

कृष्ण द्वारा कुवलयापीड नामक हाथी के वध का एक सुन्दर चित्रण[४९] भी खजुराहो मे उपलब्ध है। इसमें त्रिभंग खड़े हुए विनतमुख तथा चतुर्भुज कृष्ण अपने दो हाथों से कुवलयापीड की सूड़ जोर से मरोड़ रहे हैं और अपने बाएं पैर से कुवलयापीड को नीचे दबाए हैं। उनके ऊपरी दाहिने हाथ में गदा है जिससे उस पर प्रहार करने को उद्यत है। उनका ऊपरी बायां हाथ खण्डित है। वे किरीट-मुकुट तथा अन्य सामान्य आभूषणों से आभूषित हैं। कुवलयापीड पर उन्होंने पूर्ण विजय पाली है, जो अत्यन्त पीड़ित दिखाई पड़ रहा है। इस चित्रण का आधार भागवतपुराण[५०] की वह कथा है, जिसमें यह उल्लेख है कि कृष्ण ने कुवलयापीड की सुड़ पकड़ कर उसे धरती पर पटक दिया था और उसके धराशायी हो जाने पर उन्होंने सिंह के समान खेल ही खेल में उसे पैरों से दबा कर मार डाला।

कुवलयापीड-वध का प्राचीनतम चित्रण बादामी[५१] (छठवीं शती ई०) में मिलता है और तब से यह दृश्य निरन्तर मूर्तिकारों में लोकप्रिय रहा है, किन्तु खजुराहो की यह मूर्ति अत्यन्त प्रभावशाली है, और विलक्षण भी। सामान्यतः अन्य स्थानों की मूर्तियों में कुवलयापीड कृष्ण की तुलना में बहुत ही बड़ा प्रदर्शित है, किन्तु खजुराहो में यह कृष्ण से छोटा है, जिसे कृष्ण बड़े सहजभाव से वश में किए है।

चाणूर-वध

एक मूर्ति में कृष्ण कंस के एक मल्ल, सम्भवतः चाणूर, की टांग खींच कर उसका वध करते प्रदर्शित हैं।[५२] इसमें चतुर्भुज कृष्ण अपने एक बांए हाथ से मल्ल की गर्दन जोर से पकड़े हैं और दाएं-बाएं दो प्राकृतिक हाथों से उसकी दाहिनी टांग खींच रहे हैं। शेष एक दाहिने हाथ से वे गदा ऊपर उठा कर मल्ल पर प्रहार करने को उद्यत हैं। टांग खीचे जाने पर मल्ल अपना संतुलन खो बैठा है और वह द्वन्द्व युद्ध में पराजित होकर पूर्णतया कृष्ण के वश में है। अपना दाहिना हाथ वह सिर के ऊपर उठा कर गदा के प्रहार से अपनी रक्षा करने के लिए प्रयत्नशील है और अत्यन्त भयभीत दिखाई पड़ रहा है। कृष्ण किरीट-

मुकुट, कुण्डल, हार, ग्रैवेयक, अंगद, वलय, मेखला, नूपुर और वनमाला धारण किए हैं। चाणूर की डाढ़ी के बालों का प्रदर्शन हुआ है और वह भी कुण्डल, ग्रैवेयक, वलय तथा मेखला से अलंकृत हैं।

कृष्ण-चाणूर-युद्ध का एक चित्रण खजुराहो के एक कृष्ण-लीला-पट्ट में भी मिलता है। इसमें चाणूर उपर्युक्त मूर्ति के सदृश पराजित नहीं चित्रित है, वरन् वह द्विभुज कृष्ण से मल्ल युद्ध करता प्रदर्शित है। इस चित्रण से मिलने जुलते चित्रण बादामी की गुफाओं और सीरपुर के लक्ष्मण मन्दिर में प्राप्त हैं।[५३]

शल-वध

एक अन्य मूर्ति में श्री कृष्ण एक मल्ल से युद्ध करते प्रदर्शित हैं।[५४] यह कंस का शल नामक मल्ल हो सकता है। द्विभुज कृष्ण अपने दाहिने हाथ से गदा उठाकर उस पर प्रहार करने को उद्यत हैं और बाएं हाथ से प्रतिद्वन्दी के उठे हुए दाहिने हाथ को पकड़े हैं। उसने गदा के प्रहार से अपने सिर की रक्षा करने के लिए यह हाथ उठा लिया है। उसका बायां हाथ तर्जनी-मुद्रा में है। कृष्ण किरीट-मुकुट वनमाला तथा अन्य सामान्य आभूषणों से विभूषित हैं। शल कुछ भीमकाय चित्रित है और वह भी मुकुट और वनमाला को छोड़ कर कृष्ण के सदृश आभूषण धारण किए है। द्वन्द्वयुद्ध के इस दृश्य में ओजस्विल, उत्तेजना और शक्ति के प्रदर्शन में शिल्पी को अपूर्व सफलता मिली है। इस दृश्य के अन्य अंकन बादामी और सीरपुर में भी द्रष्टव्य हैं।[५५]

केशी-वध

खजुराहो में केशी-वध की कोई स्वतन्त्र मूर्ति नहीं मिली है, किन्तु यहां उपलब्ध दोनों कृष्ण-लीला पट्टों में कृष्ण की इस लीला का चित्रण हुआ है। केशी-वध की कथा भागवतपुराण[५६] में मिलती है। केशी एक दैत्य था, जो कंस की प्रेरणा से अश्व के रूप में आकर कृष्ण को मारना चाहता था। पहले पट्ट[५७] में कृष्ण और अश्व केशी के बीच हो रहे युद्ध का प्रदर्शन है। प्रचण्ड केशी अपने आगे के पैर उठाए कृष्ण पर झपटता हुआ प्रदर्शित है और कृष्ण अपने दाहिने हाथों से उस पर प्रहार कर रहे हैं। दूसरे पट्ट[५८] में खड़े हुए केशी के पैर ऊपर नहीं उठे हैं और उस पर प्रहार करते हुए कृष्ण उसके सम्मुख हैं। इसमें कृष्ण की आकृति खण्डित है।

कृष्ण की यह लीला भारतीय मूर्तिकला में कुषाणकाल से ही लोकप्रिय रही है। इस लीला के प्राचीनतम चित्रण (कुषाणकालीन) मथुरा से प्राप्त हुए हैं। ऐसा एक चित्रण मथुरा संग्रहालय[५९] में और एक कराची संग्रहालय[६०] में सुरक्षित है। मण्डोर के एक गुप्तकालीन स्तम्भ में भी केशी वध का सुन्दर अंकन है।[६१] इसी काल का एक सुन्दर चित्रण बलभी (सौराष्ट्र) से उपलब्ध हुआ है।[६२] एक चित्रण सीरपुर के लक्ष्मण मन्दिर (६०० ई०) में देखा जा सकता है।[६३] इनके अतिरिक्त मध्य-युगीन अनेक चित्रण राजस्थान के विभिन्न स्थानों, जैसे आबानेरी[६४], ओसियां[६५] किराडू[६६], तथा अटरू[६७] में पाए गए हैं।

कृष्ण-लीला-पट्ट

खजुराहो में कृष्णायन के अनेक दृश्यों से अंकित दो शिलापट्ट प्राप्त हुए हैं। पहला शिलापट्ट[६८]

विशाल है और सुरक्षित अवस्था में है । इसके आधे भाग में कंस की कारागार का चित्रण है, जिसमें अनुचर-अनुचरियों के अतिरिक्त वसुदेव और नवजात कृष्ण के साथ देवकी प्रदर्शित हैं । कारागार का बोध कराने के लिए चित्रण के प्रारम्भ और अन्त में एक-एक खड्गधारी रक्षक खड़ा प्रदर्शित है । चित्रण के प्रारम्भ में खड्गधारी रक्षक के निकट लम्बकूर्च वसुदेव बैठे हैं, जिनकी ओर मुख किए दो अनुचरियां खड़ी हैं । ये कृष्णजन्म का समाचार देने के लिए वसुदेव के पास आई हुई प्रतीत होती हैं । इनके पश्चात् कृष्ण-जन्म का दृश्य है जिसमें नवजात कृष्ण के साथ देवकी अर्धशायी प्रदर्शित हैं । उनके पास तीन अनुचरियां हैं । चित्रण के अन्त में खड़ी हुई देवकी नवजात शिशु को, यशोदा के पास ले जाने के लिए, वसुदेव को दे रही हैं ।

शिलापट्ट के शेष आधे भाग में कृष्ण-लीला के कई दृश्य अंकित है—प्रारम्भ में बाललीला का एक सुन्दर चित्रण है । इसमें दो गोपियां दधि मथ रही हैं और नन्हें कृष्ण दधि-भाण्ड का आश्रय लिए हुए खड़े हैं, मानो नवनीत के लिए मचल रहे हों । दूसरा दृश्य पूतना-वध का है, जिसमें राक्षसी की गोद में लेटे हुए शिशु कृष्ण दूध के साथ उसके प्राण पी रहे हैं । इस दृश्य के पश्चात एक स्थूलकाय व्यक्ति के दक्षिण स्कन्ध पर शिशु कृष्ण बैठे चित्रित हैं । सम्भवतः यह तृणावर्त-वध का दृश्य है । उसके पश्चात् क्रमशः यमलार्जुन उद्धार, अरिष्टासुर और केशी का वध तथा अन्त में कृष्ण-चाणूर का द्वन्द्वयुद्ध चित्रित है । अन्तिम चार दृश्यों में कृष्ण युवा-रूप में और शेष सभी दृश्यों में वे शिशु अथवा बाल रूप में चित्रित हैं ।

दूसरा शिलापट्ट[९] अपेक्षाकृत छोटा है और इसका एक भाग खण्डित है । इसमें पूतना वध, यमलार्जुन-उद्धार, कृष्ण द्वारा कंस के एक मल्ल का वध, शकट-भंग और केशी-वध के दृश्य अंकित हैं ।

सन्दर्भ

1. खजुराहो संग्रहालय, सं॰ 1610 : डा॰ उर्मिला अग्रवाल ने भ्रान्ति से इसे सद्योजाता माना है । (Agrawala. U., *Khajuraho Sculptures and their Significance*, p. 81, Fig. 59).
2. Thakore, S. R., *Catalogue of Sculptures in the Archaeological Museum, Gwalior, M. B., p. 13*; Coomaraswamy, A. K., *History of Indian and Indonesian Art*, pp. 86, 242. Fig. 178.
3. Dikshit, S. K., *A Guide to the State Museum, Dhubela*, pp. 28-29, Pls., XII, XIII.
4. द्रष्टव्य वही, पृ॰ 28 ।
5. द्रष्टव्य Agrawala, R. C., *Indian Historical Quaaterly*, Vol. XXX, No. 4, pp. 343-44.
6. लक्ष्मण मन्दिर, अन्तर्भाग, गर्भगृह, उत्तर की ओर, ऊर्ध्व मूर्ति-पंक्ति में उत्कीर्ण, तुलनीय Deva, K., *Lalit Kālā*, No, 7, p. 89, Pl. XXXIV, Fig. 11, Agrawala, U. *op. cit.*, p. 40, Fig. 17.
7. खजुराहो संग्रहालय, सं॰ 1350 : तथा पार्श्वनाथ मन्दिर के निकट. दक्षिण पूर्व की ओर बने एक आधुनिक मन्दिर में जड़ा प्राचीन पट्ट ।
8. विश्वनाथ मन्दिर, प्रदक्षिणापथ, दक्षिणी बाहरी दीवार के ऊपर बनी एक रूपपट्टिका में उत्कीर्ण ।
9. Deva, K., *op. cit.*, p. 89.

10. Agrawala, R. C., *op cit*, p. 346.
11. वही, पृ० 348 ।
12. अग्रवाल, रत्नचन्द्र, मरु-भारती, वर्ष 8, अंक 1, (जनवरी, 1960), पृ० 68 ।
13. लक्ष्मण मन्दिर, अन्तर्भाग, गर्भगृह, दक्षिण की ओर, ऊर्ध्व मूर्ति-पंक्ति में उत्कीर्ण; तुलनीय Deva, K., *Op. cit.*, p. 87, Pl. XXXII, Fig. 6; Agrawala, U., Op. cit., p. 40, Fig. 18.
14. पार्श्वनाथ मन्दिर के निकट, दक्षिण-पूर्व की ओर बने एक आधुनिक मन्दिर में जड़ा प्राचीन पट्ट ।
15. भागवतपुराण 10, 7 ।
16. Deva, K., op. cit., p. 87, Agrawala, R. C., *Journal of the Asiatic Society, Letters and Science*, Vol. XXIII, No. 1, p. 63, Pl. 1, Fig. 1.
17. Vats, M. S., *Memoir of the Archaeological Survey of India*, No. 70, Pl. XVIII, b.
18. Deva, K., *op. cit.*, pp. 87-88.
19. Banerj, R. D., *Memoir of the Archaeological Survey of India*, No. 23, pp. 100-103, b; See also Deva, K., Op. cit., p. 88.
20. Agrawala, R. C., *Indian Historical Quarterly*, Vol. XXX, No. 4, pp. 341, 346, 350.
21. लक्ष्मण मन्दिर, अन्तर्भाग, गर्भगृह, दक्षिण की ओर, ऊर्ध्व मूर्ति-पंक्ति में उत्कीर्ण, तुलनीय यहां भ्रान्ति से इस मूर्ति को नरवाहन पर आरुढ़ निर्मित माना गया है ।
    Deva, K., op. cit., p. 83; Agrawal, U., op, cit., p. 90, Fig. 68.
22. भागवत पुराण, 10, 7 ।
23. Geoetz, H., Journal of Oriental Institute Baroda Vol. I, No. 1, pp. 51 ff., Pl. II, Fig. 4(n) ; see also Deva, K., op. cit., p. 83.
24. लक्ष्मण मन्दिर, अन्तर्भाग, गर्भगृह, उत्तर की ओर उत्कीर्ण, तुलनीय
    Deva, K., op. cit., p. 88, Pl. XXXIII, Fig. 9.
25. भागवतपुराण, 10, 10 ।
26. पार्श्वनाथ मन्दिर, बहिर्भाग, दक्षिण की ओर, मध्य मूर्ति पंक्ति में उत्कीर्ण ।
27. पार्श्वनाथ मन्दिर के निकट, दक्षिण-पूर्व की ओर बने एक आधुनिक मन्दिर में जड़ा प्राचीन पट्ट ।
28. विश्वनाथ मन्दिर, प्रदक्षिणापथ, दक्षिणी बाहरी दीवार के ऊपर बनी एक रुपपट्टिका में उत्कीर्ण ।
29. Dikshit, K. N., Memoir of the Archaeological Survey of India, No. 55, Pl. XXVIII, d; See also Deva, K., op. cit., p. 88.
30. अग्रवाल, रत्नचन्द्र, मरु-भारती, वर्ष 8, अंक 1 (जनवरी, 1960), पृ० 68 ।
31. Deva, K., op. cit., p. 89.
32. लक्ष्मण मन्दिर, अन्तर्भाग, गर्भगृह, ऊर्ध्व मूर्ति-पंक्ति, उत्तर की ओर उत्कीर्ण, तुलनीय
    Deva, K., op. cit., p. 89, P-l XXXII, Fig. 5.
33. भागवतपुराण, 10, 11 ।
34. Deva, K., op. cit., p. 89.

कालिय-दमन, लक्ष्मण मंदिर, खजुराहो

कुब्जानुग्रह, लक्ष्मण मंदिर, खजुराहो

तृणावर्त-वध, लक्ष्मण मंदिर, खजुराहो

अरिष्टासुर-वध, लक्ष्मण मंदिर, खजुराहो

35. लक्ष्मण मन्दिर, अन्तर्भाग, गर्भगृह, ऊर्ध्व मूर्ति-पंक्ति, पश्चिम की ओर उत्कीर्ण, तुलनीय Deva, K., op. cit.. pp. 85-86, Pl. XXXII, Fig. 4.
36. Archaeological Survey of India, Annual Reports (New Series), 1905-06, pp. 136 ff., Figs. 1-2, 1909-10, pp. 93 ff., Pl. XLIV; See also Deva, K., op. cit., p. 86; Agrawala R. C. Journal of the Asiatic Society, Letters and Science, Vol. XXIII, No. 1, p. 64, Pl. 1.
37. बाजपेयी, कृ० द०, कला-निधि, वर्ष 1, अंक 2, पृ० 124, फलक 3, व्रजभारती, वर्ष 15, अंक 3, पृ० 33-34, और भी देखिए : कृष्णदेव, उपर्युक्त, पृ० 86 ।
38. Eotz, H., op. cit. Pl. 1; Fig. 1; See also Deva, K., op. cit., p. 86.
39. Goetz, H., op. cit., Pl. 1, Fig. 2; See also Deva, K., op. cit., p. 86.
40. Deva, K., op. cit., p. 86.
41. Agrawala, R. C., Indian Historical Quarterly, Vol. XXX, No. 4, p. 346.
42. लक्ष्मण मन्दिर, अन्तर्भाग, गर्भगृह, ऊर्ध्व मूर्ति-पंक्ति, उत्तर की ओर उत्कीर्ण, तुलनीय Deva, K., op. cit., p. 88, Pl. XXXIV, Fig. 10; Agrawal, U., op. cit., p. 40.
43. भागवतपुराण, 10, 36 ।
44. Archaeological Survey of India, Annual Reports (New Series), 1909-10, Pl. XLIV; See also Deva, K., op. cit., p. 88; Agrawala, R. C., Journal of the Asiatic Society, Letters and Science Vol. XXIII, No. 1, p. 64, Pl, Pl. 1 Fig. 2.
45. Deva, K., op. cit., p. 88.
46. Agrawala, R. C., Indian Historical Quarterly, Vol. XXX, No. 4 pp. 346, 348, 350.
47. लक्ष्मण मन्दिर, अन्तर्भाग, गर्भगृह, ऊर्ध्व मूर्ति-पंक्ति, पश्चिम की ओर उत्कीर्ण, तुलनीय Deva, K., op. cit., pp. 86-87, Pl. XXXIII, Fig. 8.
48. Banerji, R. D., op. cit., pp. 103-06, Pls. XLIII, XLIV; See also Deva, K., op. cit., p. 87.
49. लक्ष्मण मन्दिर, अन्तर्भाग, गर्भगृह, ऊर्ध्व मूर्ति-पंक्ति, दक्षिण की ओर उत्कीर्ण : तुलनीय डा० उर्मिला अग्रवाल ने इस मूर्ति को गजारूढ़ कुबेर मानने की भूल की है ।
    Deva, K., op. cit., p. 85, Pi. XXXI, Fig. 3; Agrawal, U., op. cit., p. 92, Fig. 69.
50. भागवतपुराण, 10, 43 ।
51. Deva, K., op. cit., p. 85.
52. लक्ष्मण मन्दिर, अन्तर्भाग, गर्भगृह, ऊर्ध्व मूर्ति-पंक्ति, दक्षिण की ओर उत्कीर्ण, तुलनीय Deva, K,, op. cit., pp. 84-85, Pl, XXXI, Fig. 2.
53. Deva, K., op. cit., p. 85.
54. लक्ष्मण मन्दिर, अन्तर्भाग, गर्भगृह ऊर्ध्व मूर्ति-पंक्ति, पश्चिम की ओर उत्कीर्ण, तुलनीय Deva, K., op. cit., p. 86, Pl. XXXII, Fig. 7.

55. Deva, K., op. cit., p. 86.
56. भागवतपुराण, 10, 37 ।
57. खजुराहो संग्रहालय, सं० 1350 ।
58. पार्श्वनाथ मन्दिर के निकट, दक्षिण-पूर्व की ओर बने एक आधुनिक मन्दिर में जड़ा प्राचीन पट्ट ।
59. Joshi, N. P. Mathura Sculptures, No. 58. 4476, pp. 68-69, Fig. 64.
60. Agrawala, R. C., Indian Historical Quarterly, Vol. XXXVIII, No. 1, p. 86.
61. Agrawala, R. C., Journal of the Asiatic Society, Letters and Science, Vol. XXIII, No. 1, p. 64, Pl. 1, Fig. 2.
62. Shah, U.P., Sculptures from Samalaji and Baroda, pp. 24-25, 118, Fig. 12, Journal of Indian Museums, Vol. VIII, Pl. V, Fig. 9, Vol. IX, Pl. XXI, Fig. 21.
63. Deva, K., Journal of the Madhya Pradesh Itihasa Parishad, No. 2, p. 40.
64. Agrawala, R. C., Bharatiya Vidya, Vol. XVI, No, 2. pp. 79-80, Lalit Kala, Nos. 1-2, pp. 131-32, Pl. LIII, Fig. 4,
65. Agrawala, R. C., Indian Historical Quarterly, Vol. XXX, No. 4, p. 346.
66. वही, पृ० 350 ।
67. अग्रवाल, रत्नचन्द्र, मरु भारती, वर्ष 8, अंक 1 (जनवरी, 1960) पृ० 68 ।
68. खजुराहो संग्रहालय, सं९ 1350 : तुलनीय
69. पार्श्वनाथ मन्दिर के निकट, दक्षिण-पूर्व की ओर बने एक आधुनिक मन्दिर में जड़ा प्राचीन पट्ट । Agrawala, U., op. cit., pp. 39-40, Fig. 16.

KṚṢṆĀVATĀRA IN SCULPTURAL ART

S. D. Trivedi

This small paper deals precisely and exclusively with the incarnatory position of Kṛṣṇa in sculptural art. Also it is more in the context of delineation of other incarnations of Viṣṇu. In literature much importance has been attached to the episodes of Kṛṣṇa's life and it was but natural for the artists to follow the tradition while chiselling in stone. However, we have to scrutinize all available material in the background of literary corroboration for proper identification of independent Avatāra images of Kṛṣṇa.

Incarnations (avatāras) are menifested forms of God assumed for some specific purposes. After the completion of the mission of his life he returns to his original self. The philosophy of this doctrine is contained in Śrīmadbhagavadgītā[1] and in other works. The names of incarnations vary with descriptions of different texts and so also their number. Later on the list became stereotyped to ten and the names of incarnations given are (1) Matsya (fish) (2) Kūrma (tortoise) (3) Varāha (boar) (4) Nṛsimha (man-lion) (5) Vāmana (dwarf) (6) Paraśurāma (7) Rāma (8) Kṛṣṇa (9) Buddha (10) Kalkin. Some texts mention the name of Balarāma deleting either Kṛṣṇa or Buddha.

Kṛṣṇa is regarded as incarnation in the great epics.[2] Several Purāṇas like Viṣṇu Purāṇa,[3] Vāyu Purāṇa,[4] Padma Purāṇa,[5] Skanda Purāṇa,[6] Brahma Purāṇa[7] mention the name of Kṛṣṇa in the series of incarnations. Some of the important Purāṇas viz. Agni Purāṇa,[8] Viṣṇudharmottara Purāṇa,[9] Matsya Purāṇa[10] omit the name of Kṛṣṇa from the list. But on the whole, literary references confirm that five incarnations viz. Varāha, Nṛsimha, Vāmana, Rāma (Rāghava) and Kṛṣṇa were widely accepted and became popular.

It is an established fact that avatāra images started being made in the Kuṣāṇa period. Images of Varāha, Nṛsimha, Hayagrīva, Vāmana have been found to this

---

Dr. S. D. Trivedi, Director, Government Museum, Jhansi (U.P.)

effect.[11] The theory of incarnation had been vigorously evolved in the Gupta period hence more representations of them in plastic art. In mediaeval period the incarnations are shown in two ways—firstly independent images and secondly avatāras depicted in series. In early mediaeval period it was almost a tradition that Viṣṇu images carved on stele include the incarnation figures. In most of cases the number is ten but sometimes lesser, even only two have got represented. Besides Daśāvatāra paṭṭas are also found in this period.

I have examined a number of Viṣṇu-images decked with daśāvatāra figures and believe that Kṛṣṇa's inclusion as avatāra is a rare feature. Three Rāmas—Dāśarathi, Jāmadagneya and Bala invariably find the place while Buddha and Kalkin are last in the series. What are possible reasons for exit of Kṛṣṇa from Daśāvatāra representations ? Before dealing this problem it would be proper to discuss those rare icons where Kṛṣṇa-vatāra is shown alongwith other incarnations.

In one Pāla sculpture[12] of Lucknow Museum representing Viṣṇu (Fig. 1) daśāvataras have been carved out in which Kṛṣṇa (Fig. 2) is included after Rāma (Rāghava) deleting Balarāma. He is standing straight (sthānaka) on lotus petals bearing Kirīṭa mukuta and long Vanamālā. He holds mace in the normal right hand and lotus in the upper right hand. In his left hands in the same order the emblems are disc and conch. The Daśāvatāras alongwith innumerable gods and goddesses have been shown on the back of Paśuvarāha image (Fig. 3) from Jhansi[13] also preserved in the State Museum, Lucknow. Here again Kṛṣṇa (Fig. 4) has been represented in lieu of Balarāma He is shown seated between Rāma and Buddha carrying mace in right upper hand, disc in left upper hand. A conch is held in lower left hand while the lower right hand is in the attitude of protection (Abhaya). Kṛṣṇa is often described as *Śaṅkhacakragadādharah* in the Purānas.

The images bearing conch, disc, mace and lotus are identified as Viṣṇu hence as per our state of knowledge no independent cult image of Kṛṣṇāvatāra is found right from Kuṣāṇa period to early mediaeval period. Here I do not count those images which are related to the life events of god and also shown with Balarāma and Ekānanśā or with others. It shows that the independent images of Kṛṣṇāvatāra were not made as we find the innumerable icons of Varāha, Nṛsimha, Vāmana and Rāma. This statement is tenable simply because we search the form of Kṛṣṇa as flute-player (Veṇugopāla) and cowherd-god (Gopāla-Kṛṣṇa). Kṛṣṇa is Pūrṇāvatāra and highly venerated by Hindus. It appears that most of the independent images of the god attributed to Viṣṇu are really representations of Vāsudeva-Kṛṣṇa,[14] It is for this reason that he is deleted from avatāras and the principal image denotes Kṛṣṇa himself. To give weight to this theory I may furnish a few supporting points ;

H. 107 Viṣṇu with daśavatāras.

Details of Kṛṣṇāvatāra.

(1) The identity of Vāsudeva-Kṛṣṇa has been established with Viṣṇu from the epic times.[15] He was elevated to the supreme God. Garuḍārūḍha-Viṣṇu is none but Kṛṣṇa himself.[16] In Mahābhārata[17] Yudhisṭhara eulogized Kṛṣṇa in the form of Viṣṇu. In the Bhīṣmaparva[18] of the same work Nārāyaṇa and Viṣṇu both were identified with Vāsudeva. Among the incarnations of Viṣṇa Kṛṣṇa was most popular and none receives more widespread worship than Kṛṣṇa.

(2) The names of twenty-four forms[19] of Viṣṇu are mostly synonymic of Kṛṣṇa and his kins. Their emblems are disc, mace, conch and lotus and only their placement in the hands matters. The name of Kṛṣṇa is also included and his emblems are the same.

(3) Kṛṣṇa's iconography is not given in the iconographic texts in the context of incarnations. It can be established on the basis of icons found so far. On one panel[20] depicting Bhīma-Jarāsandha fight Kṛṣṇa is shown with disc, conch and mace while normal right hand is held Akimbo. On the mutilated panel[21] of Deogarh (Dist. Lalitpur) Kṛṣṇa is shown alongwith Arjuna holding the same emblems. In another image[22] of Kṛṣṇa-Balarāma-Ekānanśā preserved in the Lucknow Museum two emblems mace and lotus are still extant and rest two hands are badly mutilated. In the Rani Mahal collection, Jhansi an image[23] of Kavalayāpīḍavadha depicts Kṛṣṇa holding śankha, çakra, gadā in the hands. Kṛṣṇa shown on the images[24] of Tīrthankara Neminātha carries the same emblems. It is interesting to note that the figure of Kṛṣṇavatāra shown on the Pāla sculpture[25] (Fig. 1) held the emblems in the way as allotted to Viṣṇu under Çaturvinśatimurti.

(4) On some icons[26] of so called Viṣṇu another small figure of Viṣṇu is made either on the top or in corner. It is just to complete the Brahmanical Trinity (Brahmatrayī). This is not deliberately made a duplication by artist but the principal image represents Vāsudeva-Kṛṣṇa.

If this surmise could arouse the interest of scholars, Viṣṇu images would require a fresh study.

REFERENCES

1. Bhagvadgītā 4, 7-8.
2. Ramāyaṇa 117, 5, 12-31, Mahābhārata, Śānti Parva 339, 103-4.
3. Viṣṇu Purāṇa 3-17-10.
4. Vāyu Purāṇa 98.71-117.
5. Padma Purāṇa 5.230-252.
6. Skanda Purāṇa, Vaisnava Khanda 18. 16-45.

7. Brahma Purāṇa 180. 18-42, 213. 1-43.
8. Agni Purāṇa 49. 1-9.
9. Viṣṇudharmottara 3.85.
10. Matsya Purāṇa 47. 234.50.
11. Joshi, N. P., Catalogue of the Brahmanical Sculptures in the State Museum, Lucknow (part 1) p. 119.
12. Lucknow Museum No. H. 107 Bhattasali did not find a single example of Kṛṣṇāvatāra while dealing with Pāla sculptures. He said that Kṛṣṇa is nowhere accepted as incarnation in Bengal. Bhattasali, N. K., Iconography of Buddhist and Brahmanical Sculptures in the Dacca Museum, p. 97.
13. Lucknow Museum No. 0. 84.
14. Dr. Joshi holds the identical view about Kuṣāṇa and Gupta images of Viṣṇu. Joshi, N. P. Prāchīna Bhāratīya Mūrti Vijyāna p. 104.
15. Bhandarkar, R. G., Vaisnavism, Saivism and minor religious systems, p. 34
16. तं वव्रे वाहनं कृष्णेगरूत्मन्तं महावलं ।
    ध्वज चक्रे भगवानुपरि स्थास्यसीतितम् ।। महाभारत १, २९, १६ ।
    In Osia temple Balarāma is shown on one panel and on the other corresponding figure is Kṛṣṇa holding the same emblems as of Viṣṇu and riding on Garuḍa. This information was kindly given by Sri R. C. Agrawala, Director, Museums and Archaeology, Rajasthan, Jaipur.
17. *Mahābhārata*, *Santiparvan* (Chap. 43) quoted by Bhandarkar, Vaisnavism, Saivism and minor religious systems, p. 35.
18. Ibid p. 34.
19. Bidyabinod, B. B., M. A. S. I. No. 2 pp. 23-33, Awasthi R. A., Khajuraho Ki Deva Pratimanyen, p. 88.
20. Lucknow Museum No. H. 88
21. Hartel Herbert, Indische Skulpturan 1, pls. 33-35.
22. Lucknow Museum No. G. 58.
23. Rani Mahal collection Jhansi, No. 133.
24. Lucknow Museum No. 66. 53 Mathurā Museum No. D. 7.
25. Lucknow Museum No. H. 107
26. Government Museum Jhansi No. 79. 16.

EARLY INSCRIPTIONAL REFERENCES TO RĀDHĀ

S. P. Tewari

The name of Rādhā, as per belief and also general knowledge of an average devotee even to-day, is found inseparably linked with that of Kṛṣṇa. It may not be exaggerating the truth if we say that there are believers who hardly know about *Rukmiṇi*, *Satyabhāmā* or *Jāmbavatī*, but they know and believe in almost every episode of *Rādhā-ramaṇa*, *Rādhā-Kṛṣṇa* or *Rādhā-vallabha*. *Rādhā* is usually mentioned as a prominent *gopi* of Gokula attached to Kṛṣṇa and her character and the association with Kṛṣṇa is depicted variously in literature. She is sometimes referred to simply as a regular wife of Kṛṣṇa; at other times as a young lady married to an indistinct cowherd (*gopa-vanitā*) but intensely enamoured of Kṛṣṇa who, though, then a child or small boy, used to mysteriously transform himself into a young lover and have amarous indulgence with her, even to the extent of quenching her sexual lust; sometimes as an intelligent guide of Kṛṣṇa in worldly affairs; at other times as an ardent devotee pining for supreme contact or union with Kṛṣṇa; and so forth. A rational justification or spiritual interpretation of their mutual attachment is offered almost unfailingly and it is also usually emphasized that the apparently inconsistent element in their love-episode is not real and as such does not hamper their true divine roles or missions.

May be whatever it may, but the name of Rādhā, in the centuries succeeding the '*Gita-govinda*' of Jayadeva, acts like a central theme of Kṛṣṇaism around which revolves the activity of plastic art, painting, dance-drama and poetry, almost everything. It adds a real prosperity, wealth, bounty or success (cp. the Vedic etymology of the word *Rādhā*)[1] to the cult of Kṛṣṇa and no wonder that the Hindī poets of the later date made it a moto to praise the love-episodes of Kṛṣṇa and Rādhā for achieving both the ends of their lives (cp. *āge ke sukavi rijhihain tau hoihai kavitāī na tu Rādhikā Kanhāi sumirana ko bahāno hai*).

Dr. S. P. TEWARI, Dy. Superintendent Epigraphist, Office of the Chief Epigraphist, Archaeological Survey of India, MYSORE.

Inspite of such an inseparable identity of Rādhā with Kṛṣṇa, what puzzles an expert and may surprise a lay devotee of the faith is that she makes her appearance in literature at a comparatively late stage. The works like *Viṣṇupurāṇa*, *Harivaṁśa* or the *Bhāgavata* which purport to deal with the Kṛṣṇa legend at full length in all its details and do due justice to the *gopīs* in general are absolutely quiet about the name of Rādhā. This 'unexpected factor' remarks Prof. Katre[2] 'forces one to conclude that Rādhā was unknown to the composers of these works', and it is this very absence of the name of *Rādhā*, in the above works, which led the scholars like D. N. Apte and C. V. Vaidya[3] to sum up that Rādhā made her first literary appearance by the end of the 12th century through the *Gita-govinda* of Jayadeva, because even the *Purāṇas* and the *Upa-purānas* like *Padma*, *Brahma-vaivarta*, *Varāha*, *Linga* and the *Devī-bhāgavata* which do mention her, are considered as pretty late[4]. This hypothesis of Vaidya and others has been promptly refuted by Prof. Katre who provides ample evidences about Rādhā from the literary texts like the *Gāthā-saptāśati* of *Hāla*[5], *Pança-tantra* of Vishnuśarman[6], Veṇīsaṁhāra of *Bhaṭṭa Nārāyaṇa*[7], *Dhvanyāloka* of *Anandavardhana*[8], *Kāvya-mimānsā* of Rajasekhara[9], *Nala champū* of Trivikrama, *Yaśastilaka champū* of Somadeva[10], *Vakrokti jivita* of *Kuntala*[11], *Sarasvati Kaṁṭhābharaṇa* of Bhoja[12], *Kāvyānuśāsana* of Hemachandra, *Naishadha-charita* and the *Aryā* sapta-śati etc. which all belong to the period prior to the composition of *Gītagovinda*.

Apart from the fact that a lot of work has been done on *Viṣṇu*, Vaiṣnavism and the various manifestations of *Viṣṇu Kṛṣṇa*[13], probably prior to the learned discourse of Prof. Katre, no serious attempt had been made to look into the antiquity of the association of Rādhā with Kṛṣṇa. More deplorable in this regard is the plight of those who have worked on miniature paintings, etc., which invariably deal with the picturization of rooms regarding the love-episodes of Rādhā and Kṛṣṇa. It is not our aim to go into details here, nor to minimise the praiseworthy works of the scholars in this field. We also do not aim to prevail on literary sources and the citations therefrom which are provided more than enough by Katre. What we aim here is to provide a little more authenticity to the views of Katre from the field of Epigraphy by discussing the two important mentions of Rādhā in this field which have somehow not only escaped the attention of Prof. Katre but many other pioneers from the field of Epigraphy as well.

Out of these two references from the inscriptions, the one which is later in date was brought to the notice of scholars earlier, whereas the one which may be considered as earlier in date came to light almost after a quarter of a century later. Besides this the record which is later is clearly dated whereas the earlier one is dated partly on the basis of an incomplete[14] text and partly on the style of its writing. It is therefore, we proceed first with the evidence which is of an absolutely certain date then the one which is of less certain a date[15].

Varied indeed are the ways in which the weaver is instructed as to the design to be woven, that is to say, what colour of wool to select for each knot. At Mirzapur the weaver works from a coloured plan on squared paper, which shows each knot separately. At Agra, this same plan would be sung out knot by knot by a reader to the weavers who repeat it back to him, all this being in a strange language full of 'chala', 'bacha' and 'byaneen' in which each colour has a specific name, 'meethi' for light blue, 'sabza' for dark green, 'gulnar' for rose and so on. This accounts for the singsong audible constantly in a carpet factory. The Srinagar weaver reads the design from 'talim' written by a scribe on strips of paper, using special symbols for numbers and colours. Not till a large part of the carpet has been woven does it become apparent what the design will be. This 'talim' method has been borrowed from the Kashmiri weaver of 'kani' or loom woven shawls.

The industry began its colourful career with dye stuffs obtained from natural products. Reds came from Majith roots (RUBIA CORDIFOLIA) or from lac insects (COCCUS LACCA), blues from indigo (INDIGOFERA TINCTORIA) and yellows from pomegranate rind (PUNICA GRANATUM) or from walnut husk (JUGLANS REGIA) or from myrobalan (TERMINALIA CUEBULA). Over the last hundred years, however, the use of synthetic aniline dyes has become universal. These have the advantage of ease of procurement and application. While the dyer of the last century was something of an alchemist, with his strange decoctions of plant and insect juices, today's dyer is a chemist with a sharp eye for hue. The romance has gone out of the craft but in its place has arisen a technology well able to take care of greatly expanded production.

Let us now examine a few typical Indian carpets. First a Mirzapur woven carpet with a Chinese design using some eight colours. It is a largish carpet intended to cover a sittingroom floor. The colour of the field is 'old ivory', in strict conformity to type. The general effect is a little stark because of the preponderance of heavy deep blue lines and key patterns. The field is sparsely covered with typical Chinese motifs. These could be the Swastika (a symbol of good luck), the Dragon of Heaven, the Cloud design, the lightning-and-fire design or the Yang-and-Ying. They could be the Phoenix, the Lion, the bat. Or they could be the attributes of the eight Taoist Genii such as the fan, the sword, the lotus flower, or the eight Buddhist emblems of happy sugury. In each case the presentation is exact though neither the designer nor the weaver has the faintest notion of the meaning of the symbolism. The wool used is the best Indian, still far short

of the silky Chinese. The pile is deep and rich, and the pattern is sharply incised by carving of the pile tufts.

Turn now to an Agra carpet with a Persian design. The weave being very fine, the size is somewhat small, say 6'×9'. The first impression is of a Baroque richness of design and colour. As many as 24 colours may have been used. If the background is bright, say a ruby red or a Prussian blue, the balance with the secondary colours is so perfect that the harmony is palpable. Every motif, large or small, is faithfully rendered from the old masters. Every floral ornament, be it a palmette or a rosette, is completely stylised, with only the remotest resemblance to nature. Every animal and bird is the product of the fertile imagination of some Iranian artist. Take the case of the Boston hunting rug. Even in a rug so nearly naturalistic as this one, the mythical beast in the lower field has the head and trunk of an elephant of monstrous size, the wings of an eagle, the blood-stained claws of a lion, and a tail so long that after being tied into a knot, it has enough left to hitch round the body of an elephant. All this is a far cry from the sturdy naturalism of the Hindu designer of an earlier age.

A few words now about a typical Kashmir woven Turkoman. This one is a red Bokhara of the Tekke tribe. The 'GUL' or stylised flower is precisely copied from the original. The entire design is geometric. The principal GUL and its subsidiary repeat alternately in the length and breadth of the field. The border is made up of stripes of smaller motifs, also geometrical. The colours are confined to seven, red, rose, black, blue, bottlegreen, gold and ivory. The only points of departure from the original are the weave, which is here Persian, and the base fabric, which is made of cotton instead of wool. The carpet has a very fine weave, perhaps 500 knots to the square inch, and a lustre like real silk.

For our last carpet we will describe a room size Savonnerie from Bhadohi. This is in imitation of the French, Louis XV style. If all the shades of a single colour are counted separately, there may be 36 hues in all. Set on an Ivory field is an oval medallion with multitudes of flowers and leaves, every one a faithful reproduction of nature. Perhaps there is a basket of flowers or a pair of butterflies. A sky-blue ribbon twists and turns through the design in gay abandon. Edging the ground is border with a similar profusion of naturalistic motifs. The structure is still Persian, but the pile is deep, and is carved to accentuate the design. The effect is of great richness, but with no disturbing mystery as with the Persian style or mystic symbolism as with the Chinese. It is a wealthy man's carpet, bordering on extravagance in design. A little more and it would be hideous rococo.

To return to mandane matters, the Indian carpet industry holds promise of years of work for designers and weavers. For nothing makes a home like a carpet, and there is no carpet like the Indian.

डा० वासुदेवशरण अग्रवाल स्मृति व्याख्यानमाला

राज्य संग्रहालय लखनऊ, प्राच्य विद्याओं के ज्ञाता, मथुरा, लखनऊ एवं दिल्ली संग्रहालयों के अध्यक्ष स्व० डा० वासुदेवशरण अग्रवाल की स्मृति में एक वार्षिक व्याख्यान-माला का आयोजन कर रहा है।

डा० अग्रवाल का ७ अगस्त, १९०४ ई० को मेरठ जनपद के खेड़ा ग्राम में जन्म हुआ। सन् १९२७ ई० में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर और "इण्डिया ऐज़ नोन टू पाणिनि" विषय पर पी-एच० डी० एवं डी० लिट्० उपाधियों से सम्मानित हुए।

मथुरा संग्रहालय में डा० अग्रवाल ने संग्रहालयाध्यक्ष पद पर राजकीय सेवा में प्रवेश किया और १९३१ से १९३९ ई० के बीच संग्रहालय के संग्रह में महती वृद्धि तथा बहुविध योगदान किया। तत्पश्चात् वह लखनऊ संग्रहालय के अध्यक्ष बनकर आये और यहां की वीथिकाओं का पुनर्गठन किया। वह भारतीय संग्रहालय परिषद् के संस्थापक सदस्यों में थे।

डा० अग्रवाल १९४६ से १९५१ तक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में दिल्ली के मध्येशिया संग्रहालय के अध्यक्ष पद पर रहे। अपने इस कार्यकाल में उन्होंने राष्ट्रीय संग्रहालय, दिल्ली, की स्थापना की पृष्ठभूमि तैयार की।

तत्कालीन कुलपति श्री गोविन्द मालवीय के आमंत्रण पर डा० अग्रवाल ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में भारतीय कला एवं वास्तु विभाग में प्रोफेसर पद का कार्यभार सम्हाला और अन्तिम समय अर्थात २२ जुलाई, १९६६ ई० तक इसी पद को सुशोभित करते रहे।

डा० अग्रवाल, नागपुर में भारतीय मुद्रा समिति, पटना में भारतीय संग्रहालय परिषद्, बम्बई में अखिल भारतीय प्राच्य कांग्रेस के कला एवं प्राविधिक सत्र, कटक में अखिल भारतीय कांग्रेस के अन्तर्गत प्राचीन भारतीय इतिहास के अध्यक्ष एवं सन् १९६५ ई० में गौहाटी में २२वें अखिल भारतीय प्राच्य अधिवेशन में प्रधान अध्यक्ष रहे।

डा० अग्रवाल प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति, पुरातत्व, कला और लोक कला, हिन्दी तथा

संस्कृत के मर्मज्ञ थे। लोक कला के उन्नयन और संवर्धन के लिए उन्होंने 'जनपद आन्दोलन' का सूत्रपात किया तथा वह "जनपद" पत्रिका के सम्पादक भी रहे।

प्रो० अग्रवाल ने "इण्डिया प्राकृत टेक्स्ट सोसाइटी" तथा नेपाल अक्षयनिधि हिन्दू विश्वविद्यालय संस्कृत प्रकाशन के प्रधान सम्पादक के रूप में भी काम किया। भारतीय कला और संस्कृति के महान उन्नायक के रूप में उन्होंने ५० से अधिक पुस्तकों का प्रणयन और सैकड़ों महत्वपूर्ण शोध निबन्ध लिखे। उनके प्रमुख आकार ग्रन्थ "इण्डिया ऐज़ नोन टु पाणिनि" के अतिरिक्त हर्षचरित—एक सांस्कृतिक अध्ययन, कादम्बरी—एक सांस्कृतिक अध्ययन, जायसी के पद्मावत पर संजीवनी टीका, प्राचीन भारतीय लोक धर्म, मातृभूमि, कला और संस्कृति, पृथ्वी पुत्र, भारत सावित्री, कल्पवृक्ष, वामन और मत्स्य पुराणों पर टीका आदि प्रशंसनीय कृतियां हैं। भारतीय कला, स्टडीज इन इण्डियन आर्ट, गुप्त कला आदि पुस्तकें भारतीय कला, वास्तु एवं प्रतिमा विज्ञान के शोध कर्ताओं के लिए अत्यन्त उपयोगी हैं। उनका यू० पी० हिस्टारिकल सोसाइटी में १९४८ से ५३ तक के अंकों में प्रकाशित मथुरा संग्रहालय कैटालाग विषय की वैज्ञानिक शोध-परक व्याख्या प्रस्तुत करता है। उन्होंने कला और प्रतिमा विज्ञान पर विभिन्न विषयों पर अनेक लघु-ग्रन्थों का प्रणयन तथा अनेक महत्वपूर्ण ग्रन्थों का सम्पादन एवं अनुवाद भी किया। इससे संस्कृति तथा हिन्दी जगत का बड़ा उपकार हुआ।

डा० अग्रवाल वैदिक वाङ्मय के विशेषज्ञ थे। ऋग्वैदिक अकादमी के संस्थापक निदेशक के रूप में उन्होंने वेदान्त विषयक अनेक शोधात्मक पुस्तकें लिखीं, जिनमें 'स्पार्क्स फ्राम वैदिक फायर', वेद रश्मि, वेद विद्या, उरु ज्योति, गीता नवनीत, शिव महादेव आदि प्रमुख हैं। ये कृतियाँ उनकी भारतीय दर्शन एवं अध्यात्म के गहन ज्ञान की परिचायक हैं। उनकी वैदिक शब्दावली की व्याख्या और विश्लेषण अद्वितीय है।

प्रो० अग्रवाल सच्चे राष्ट्र भक्त थे और किशोरावस्था में ही भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। सादा वस्त्रों में लिपटा डा० अग्रवाल का कृशकाय शरीर सौम्यता की मूर्ति था। डा० अग्रवाल स्वयं घोर परिश्रमी थे और दूसरों से भी कठोर श्रम की अपेक्षा रखते थे। उन्होंने कभी चाय तक नहीं पी। पूर्ण शाकाहारी डा० अग्रवाल का व्यक्तित्व आत्मसंयम, कठोर अनुशासन और उच्चादर्शों का संपुजन और प्रेरणा स्रोत था। वह वास्तव में भारतीय ऋषि परम्परा में थे।

संस्कृति तथा साहित्य के अजस्र स्रोत डा० अग्रवाल की स्मृति में एक वार्षिक व्याख्यानमाला के शुभारंभ से सांस्कृतिक कार्य विभाग, उ० प्र० तथा राज्य संग्रहालय, लखनऊ स्वयं को गौरवान्वित अनुभव करते हैं।

भवानी शंकर शुक्ल | **रमेश चन्द्र शर्मा**
निदेशक, सांस्कृतिक कार्य उ०प्र० | २३-१-१९८१ | निदेशक, राज्य संग्रहालय, लखनऊ

कला में कृष्ण संगोष्ठी–विहंगम दृष्टि

इन्दु प्रकाश पाण्डेय

भारतीय मन सदा से ही ऐसे तत्व का अन्वेषी रहा है, जिसमें वह इहलोक में रहकर भी सच्चिदानन्द उस परमतत्व की रसानुभूति करता रहे। इस दृष्टि से कृष्ण तत्व की प्राप्ति उसकी महान उपलब्धि थी जो हमारी संस्कृति की विविध विधाओं में विविध रुपों में प्रस्फुटित होता हुआ जनमानस को अद्यावधि आप्लावित एवं आह्लादित करता रहा है। भारतीय कला व साहित्य परम्परा में श्रीकृष्ण मात्र सूक्ष्म आत्मतत्व न रहकर साकार विष्णु अवतार और उनकी प्रभुता का वास्तविक रूप भी हैं। उनकी इसी लोकप्रियता को भारतीय कला में निर्धारण हेतु राज्य संग्रहालय, लखनऊ द्वारा ५-७ सितम्बर १९८० में आयोजित की गयी संगोष्ठी के माध्यम से देश-विदेश के अनेक मूर्धन्य विद्वानों एवं इतिहासकारों के विचार यहाँ संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत किये गये हैं।

अपने उद्घाटन भाषण से सम्बोधित करते हुए सुप्रसिद्ध प्राच्य विद्याविद, पद्मभूषण श्री सी० शिवराम मूर्ति ने कृष्ण तत्व को बोध गम्य बनाते हुए बड़े अनूठे ढ़ंग से परिभाषित किया। चर-अचर सम्पूर्ण सृष्टि में रमें हुए इसकी सत्ता का आभास उन्होंने वेदों, उपनिषदों, महाभारत, भागवत तथा गीता के सुबोध उदाहरणों द्वारा कराया। वंशी विभूषित श्याम की अभिराम छटा का आनन्द देते हुए उनके शारीरिक सौष्ठव की एक विश्लेषणात्मक व्याख्या उनके द्वारा प्रस्तुत की गयी। अपने 'दक्षिण भारत में कृष्ण प्रतिमायें' शीर्षक से एक रोचक शोधपूर्ण वार्ता से उन्होंने श्रोताओं का ज्ञानवर्द्धन किया। दक्षिण के मन्दिरों में कृष्ण के अंकन का सार्थक बोध कराते हुए कलाविद ने वहां के शिल्प में उनकी प्रिय संगिनी राधा को अनुपस्थित बताया।

इसी विचार बिन्दु में राज्य संग्रहालय, लखनऊ के भू० पू० निदेशक, डा० नीलकण्ठ पुरुषोत्तम जोशी ने "कृष्ण-द्विभुजी या चतुर्भुजी" शीर्षक पर प्रकाश डाला। अनेक साहित्यिक एवं पुरातात्विक साक्ष्यों के आधार पर उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि आराध्य रूप में कृष्ण का चित्रण चतुर्भुजी और अवतारी मानव रूप में द्विभुजी दिखाया जाता है। इनके कला में अवतार संबंधी स्वतंत्र चित्रण की एक गुत्थी को

श्री इन्दु प्रकाश पाण्डेय, प्राविधिक सहायक, राज्य संग्रहालय, लखनऊ।

सुलझाने के प्रयास में झांसी राजकीय संग्रहालय के निदेशक डा० शिव दयाल त्रिवेदी ने "तक्षणकला में कृष्णावतार की स्थिति" निबंध को प्रस्तुत करते हुए कहा कि अपवाद स्वरूप कुछ दशावतार फलकों को छोड़कर कहीं भी कृष्ण का अवतार रूप में स्वतंत्र चित्रण नहीं मिलता। इसके लिए कला और साहित्य से कई तर्क संगत प्रमाण देते हुए उन्होंने बताया कि कृष्ण को सदा ही विष्णु का वास्तविक रूप माना गया है और इसीलिए दशावतार की प्रधान विष्णु प्रतिमा ही कृष्ण का प्रतिनिधित्व करती है।

श्रीकृष्ण का लोक जीवन में यद्यपि माधुर्य रूप ही अधिक प्रिय हुआ, पर लोकनायक के रूप में भी वे कभी पीछे नहीं रहे। उनके इसी पक्ष पर ऐतिहासिक दृष्टिकोण अपनाते हुए सागर विश्वविद्यालय, मध्य प्रदेश के भू० पू० प्रो० कृष्ण दत्त बाजपेयी ने "कला में वीर कृष्ण" की झांकी अपने निबन्ध द्वारा प्रस्तुत की। पांचवी शती ई० पू० की पाणिनि विरचित "अष्टाध्यायी" से लेकर अनेक साहित्यिक साक्ष्यों को प्रस्तुत करते हुए उन्होंने बताया कि मल्हार (जिला बिलासपुर, म० प्र०) से मिली चतुर्भुज विष्णु प्रतिमा भारत की प्राचीनतम प्रतिमा मानी जा सकती है, इसमें मौर्ययुगीन लिपि में अभिलेख भी है। मानव कृष्ण के संहारक एवं योद्धा स्वरूप की चर्चा करते हुए उन्होंने साहित्य और शिल्प में उनके वीर भाव को प्रदर्शित करते हुए अनेक उद्धरणों को आलोकित किया।

इस धरती पर अवतरित होकर कृष्ण ने उस आध्यात्म तत्व को साकार स्वरूप प्रदान किया। अब वे मात्र मनीषियों और तत्वदर्शियों का विषय न थे, वे वसुदेव-देवकी पुत्र यशोदानन्दन हो गये थे। इनके आगमन से भारतीय कलाओं को मुखर अभिव्यक्ति मिली और वे निरन्तर पुष्पित-पल्लवित होती रहीं। उनके लीलादृश्यों को हमारी सांस्कृतिक थाती अब तक संजोये हुए है जिसको उद्घटित करने के प्रयास में हमारे कुछ अन्य विचारक आपके समक्ष हैं।

राजस्थान की पुरासम्पदा को लेकर श्री रत्नचन्द्र अग्रवाल, निदेशक, राजस्थान पुरातत्व तथा संग्रहालय ने "राजस्थान पुरातत्व" में कृष्ण लीला अंकन पर प्रकाश डाला। उनके अनुसार वहाँ कृष्ण संबंधी सर्वप्रथम उल्लेख सर्वतात के दूसरी शती ई० पू० के घोसुण्डी अभिलेख में मिलता है। इसके पूजा शिलाप्राकार, जो कि ३०० फुट लम्बा और १५० फुट चौड़ा है, पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यहाँ अन्य अभिलेखों में उल्लिखित "शैलभुजा" शब्द तथा इस नारायण वाटक की विस्तृत माप से परिलक्षित होता है कि इसके भीतर बलराम और कृष्ण की विशाल मूर्तियाँ रही होंगी। बीकानेर, रंग महल की मृण्मूर्तियों में उन्होंने मुख्य रूप से गांधार शैली से प्रभावित मूंछ युक्त गोवर्धनधारी का उल्लेख करते हुए बताया कि उनका यह त्राता रूप राजस्थान में बहुत प्रसिद्ध हुआ और इसको वहाँ के अभिलेख में प्राय: आये "गोवर्धनकारितो" शब्द से और बल मिलता है। मंडोर से प्राप्त गुप्त कालीन स्तम्भों पर भी कृष्ण लीला के दृश्य वक्ता को प्राप्त हुए हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश पुरातत्व संगठन के निदेशक श्री राम चन्द्र सिंह ने वासुदेव पूजा के पुरातात्विक आधार प्रस्तुत करते हुए मथुरा के मोरा तथा दोर्जाम्ब अभिलेखों को उद्धृत किया जिसमें पंचवृष्णि वीरों (संकषर्ण, वासुदेव, अनिरुद्ध, प्रद्युम्न और साम्ब) की पूजा का उल्लेख हुआ है। भीतर गांव (जि० कानपुर) के गुप्तकालीन मन्दिर में कृष्ण लीलाअंकन के अनेक दृश्यों को उन्होंने स्लाइड्स के माध्यम से दिखाया।

उड़ीसा के पुरातत्व को समेटे हुए वहाँ के संग्रहालय अधीक्षक डा० एच० सी० दास ने अपने गवेषणात्मक निबन्ध में उड़ीसा के मन्दिरों में कृष्ण का अंकन निर्धारित करते हुए सूचित किया कि सिंहनाद मन्दिर में पूतनावध, मनिकेश्वर (कटक जिला) में कालियदमन, जगन्नाथ (पुरी जिला) मन्दिर में गोवर्धन-धारण, लिंगराज में दधिमथती यशोदा के साथ बाल कृष्ण, सोमनाथ में चीरहरण तथा गोपियों के साथ उनके नृत्य आदि दृश्य उल्लेखनीय हैं। उनकी स्वतंत्र मूर्तियाँ जैसे चतुर्भुजी कृष्ण और गोपीनाथ अनेक मन्दिरों की आज भी श्री वृद्धि कर रही हैं। इन्हीं लीला दृश्यों को लखनऊ विश्वविद्यालय के डा० रामाश्रय अवस्थी ने खजुराहों के कुछ मन्दिरों में भी पाया तथा उनके चित्र भी उन्होंने स्लाइड्स द्वारा दिखाये। जैन पार्श्वनाथ मन्दिर तथा विश्वनाथ मन्दिर में भी यमलार्जुन मूर्ति होने की सूचना उन्होंने दी। तृणावर्तवध में उन्होंने युवा-कृष्ण का चित्रण बताया जबकि इसे भी अन्य बाल लीला दृश्यों के सदृश बाल कृष्ण ही चित्रित होना चाहिए था।

प्रतिहार मन्दिरों में कृष्ण लीलांकन पर एक लेख, पुरातत्व सर्वेक्षण भारत सरकार के मन्दिर सर्वेक्षण अधीक्षक श्री राकेश दत्त त्रिवेदी ने प्रस्तुत किया। कृष्ण को विभिन्न रूपों में प्रतिष्ठापित करते हुए श्री त्रिवेदी ने प्रतीहारकालीन चित्रणों में भागवत के कथानक को पूर्ण रूपेण अनुस्यूत पाया। विशेष रूप से उन्होंने ओसियां (जोधपुर-राजस्थान) के प्रारम्भिक मन्दिरों की चर्चा की जिसमें क्रमशः कारागार में कृष्ण जन्म, योगमाया-वध करने को उद्यत कंस, पूतनावध, शकट भंग, अरिष्टासुर वध, कालियमर्दन आदि दृश्यों का सफलतापूर्वक चित्रांकन किया है। यह प्रेक्षणीय है कि यहाँ पर केवल कृष्ण के बालरूपों को ही अभिव्यक्ति मिली है, महाभारत के वीरकृष्ण का चित्रण यहाँ नहीं मिलता।

प्रस्तर अंकनों में कृष्ण लीला के विविध आयामों के दर्शन उपरोक्त विद्वानों के लेखों से हुए, अब मृणकला में इनकी क्या अभिव्यक्ति मिली है, इसके लिए प्रस्तुत है डा० सतीश चन्द्र काला का "मृणकला में कृष्ण" लेख। इसमें इनके अनुसार चतुर्थ शती ई० की मृणकला से कृष्ण का चित्रण मिलने लगता है। उन्होंने रंगमहल (बीकानेर-राजस्थान) की गोवर्धनधारी तथा दानलीला की मृण्मूर्तियों पर गांधार शैली का का स्पष्ट प्रभाव बताया जिसे श्री रत्न चन्द्र अग्रवाल ने भारत की सर्वप्राचीन दानलीला मूर्ति माना है। देवगढ़ के मन्दिर में चीरहरण, भीतरगाँव तथा सहेट-महेट की मूर्तियों में कुबलयापीड़ तथा केशीवध और अहिछत्रा से प्राप्त मूर्तियों में कृष्ण बलराम चित्रण यहाँ अवलोकनीय है। बड़ौदा तथा इलाहाबाद संग्रहालय को कुछ मूर्तियों में क्रमशः कालियदमन और प्रलम्बासुर वध के दृश्य उन्हें अंकित मिले हैं। पहाड़पुर से प्राप्त मृण्मूर्तियों में कालियमर्दन दृश्य को उन्होंने विशेष महत्व का बताया।

लघु चित्रकला का अपना अलग स्थान है। चित्रकार की तूलिका किस प्रकार रंगों का सामांजस्य स्थापित कर आपको विस्मृत करने में सक्षम है, इस पर अपने विचार प्रकट करते हुए बनारस हिन्दू विश्व-विद्यालय के प्रोफेसर डा० राय आनन्द कृष्ण ने चित्रकला के संक्षिप्त इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रारम्भिक कला का आधार भागवत का दशम स्कंध और 'गीत गोविन्द' को तथा बाद के चित्रणों का आधार रीति काव्यों को बताया जिसमें "बिहारी सतसई" का प्रमुख स्थान है। विभिन्न शैलियों के चित्रों को स्लाइड्स के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए उन्होंने एक चित्र की विशेष व्याख्या की, जिसमें प्रयुक्त हुए

केवल दो रंगों-राधा तथा माधव द्वारा सम्पूर्ण चित्र को सजाकर कितनी सूक्ष्मता एवं संजीवता से सर्वत्र राधा-माधव के व्याप्त होने की आध्यात्मिक भावना को चित्रकार ने साकार किया था।

इसी विचार क्रम में लखनऊ राज्य संग्रहालय के निदेशक श्री रमेश चन्द्र शर्मा ने अपने संग्रहालय के चित्र संग्रह के विशेष संदर्भ में अपने विचार व्यक्त करते हुए "कांगड़ा शैली में कृष्ण" विषयक एक रोचक सदीप व्याख्यान प्रस्तुत किया। कांगड़ा चित्रों के सृजन की परिस्थितियों एवं वातावरण का सूक्ष्म विवेचन करते हुए उन्होंने इन्हें एक जीवन्त दर्शन बताया तथा इनके वर्ण-विन्यास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। मुगल तथा कांगड़ा चित्रशैली में बाह्य तथा अन्तरंग संयोजन की भिन्नताओं को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कांगड़ा चित्रशैली की उच्च आध्यात्मिक पृष्ठभूमि प्रस्तुत की तथा कृष्ण लीला चित्रावली की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। इसी शृंखला में लखनऊ विश्वविद्यालय के डा० किरन कुमार थप्ल्याल ने अपने शोध पूर्ण निबन्ध में राज्य संग्रहलय के चित्र अनुभाग के राजस्थानी शैली के कुछ जैन चित्रों की सदीप व्याख्या प्रस्तुत की। "सांझी कला" पर एक भावपूर्ण अभिव्यक्ति व्रज भूमि की डा० प्रेमलता पालीवाल के व्याख्यान में देखने में आयी। इसमें उन्होंने व्रज में आश्विनमास के पितृपक्ष में राधाकृष्ण को समर्पित विभिन्न रंगों की "सांझी" की बड़ी मनोरम तकनीकी, धार्मिक व आध्यात्मिक झाँकी दर्शायी। व्रज लोक शैली में विकसित यह कला अपना अनूठा स्थान रखती है। इसी क्रम में कृष्ण कला से संबंधित राज्य संग्रहालय, लखनऊ के संकलन में सुरक्षित कुछ सचित्र ग्रन्थों की समीक्षा राजकीय संग्रहालय, अल्मोड़ा के निदेशक श्री वी० एन० श्रीवास्तव तथा लखनऊ क्षेत्र के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री शहीर मुस्तफा नकवी ने अपने सदीप व्याख्याओं में प्रस्तुत की। इनमें अकबर के समय लिखी हरिवंश पुराण की सचित्र पोथी विशेष उल्लेखनीय है।

कृष्ण तथा उनके सम्प्रदाय की भारत तथा उससे बाहर देशों में स्थिति निर्धारण का सराहनीय प्रयास डा० बी० एन० पुरी, भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वारा किया गया। उन्होंने आन्तरिक और बाह्य साहित्यिक एवं पुरातात्विक सामग्रियों के आधार पर कृष्ण को मध्येशिया तथा पूर्वी द्वीप समूह के अनेक द्वीपों में प्रतिष्ठित बताया।

कृष्ण के विविध पक्षों के विविध निबन्धों में अनेक विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किये, पर उनकी चिरसंगिनी राधा का अभिलेखीय अन्वेषी प्रयास मैसूर के अभिलेख उपाधीक्षक डा० शीतला प्रसाद तिवारी के निबन्ध के माध्यम से प्रकाश में आया। जबकि अधिकांश लोगों ने कृष्ण चरित्र के विशद कोष भागवत आदि पुराणों में राधा की अनुपस्थिति को स्वीकारते हुए जयदेवकृत बारहवीं शती के "गीतगोविन्द" को ही राधा का जन्मदाता माना है। अभिलेखीय साहित्य में राधा की उपस्थिति का यह कदाचित प्रथम साक्ष्य है। इनके द्वारा प्रस्तुत प्रथम अभिलेख धारवाड़ के राजा वाक्पति मुंज का है। जिसकी तिथि वि० सं० १०३१ अर्थात ९७४ ई० है, जिसमें कृष्ण के लिये "राधाविरहातुर" शब्द प्रयुक्त हुआ है। दूसरा अभिलेख मंडोर (राजस्थान) से प्राप्त है जिसकी तिथि नवीं शती मानी गयी है। इसमें कृष्ण के लिये "सौरिः" तथा "राधा" और "गोकुल" शब्दों का स्पष्ट उल्लेख है। प्रस्तोता के अनुसार इस समय तक राधा साधारण

Seminar on 'Kṛṣṇa theme in Art' *in* Lucknow Museum, Sept. 5-7, 1980.

"गोपवनिता" न होकर कृष्ण जीवन की एक विशेष पात्र रूप में प्रतिष्ठित हो चुकी थी। अतः उनका सुझाव है कि राधा की तिथि प्रस्तुत अभिलेखीय प्रमाण से और पहले की हो सकती है।

साहित्य जगत में तो कृष्ण उसके प्राणतत्व ही हैं। इसी भावना में "कृष्ण कला की अनारंग पृष्ठभूमि" से अपने उद्गार प्रकट करते हुए डा० विद्यानिवास मिश्र ने कृष्ण तत्व का अत्यन्त हृदय ग्राही चित्र उपस्थित किया। उनके अनुसार सारी कलाओं के स्रोत वे ही हैं। उन्होंने कृष्ण की लीलाओं को मात्र सांसारिक लीला रूप में ही नहीं देखा, बल्कि उसे एक सूक्ष्म आत्मानन्द के रूप में पाया। उनके पुष्टि मार्ग में नौ सेव्य स्वरूपों पर व्रज के प्रसिद्ध विद्वान डा० प्रभुदयाल मीतल ने सारगर्भित शोध निबन्ध प्रस्तुत किया। डा० सुरेश अवस्थी ने भारतीय तथा भारतीयेत्तर रंगमंच में कृष्ण के स्थान को निर्धारित किया। उनके अनुसार भारत तथा उसके बाहर अनेक रंगमंचों में कृष्ण के भागवत कथानक का स्पष्ट प्रभाव किसी न किसी रूप में देखने को मिलता है। मथुरा से पधारी डा० सरोजिनी कुलश्रेष्ठ ने लोकगीतों में कृष्ण की लोकप्रियता को दर्शाया। डा० ज्योति प्रसाद जैन ने परम्परा में कृष्ण का निर्धारण करते हुए उन्हें बाइसवें तीर्थंकर आरष्टिनेमि का चचेरा भाई बतलाया। इस साहित्य में उनके समस्त परिवार को हिन्दू शास्त्रों जैसा ही वर्णित किया गया है, पर उनका स्थान नेमि की अपेक्षा गौण रखा गया है। अन्त में उनके द्वारा कृष्ण विषयक जैन साहित्य की एक विस्तृत सूची भी दी गयी।

इस संगोष्ठी का एक महत्वपूर्ण निबन्ध डा० डोरिस श्रीनिवासन, जार्ज मैसन विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका, का है, जिसमें उन्होंने "मथुरा में प्रारम्भिक कृष्ण प्रतिमा" शीर्षक से एक शोधपूर्ण विवेचन प्रस्तुत किया। उनके अनुसार कुषाणकाल की मथुरा में प्रारम्भिक कृष्ण चित्रण वासुदेव कृष्ण की अपेक्षा गोपाल कृष्ण की लोकप्रियता को दर्शाता है। मथुरा संग्रहालय की कृष्ण कलाकृतियों को लेकर एक सूची परक निबन्ध वहीं के निदेशक डा० अरविन्द कुमार श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया। संगोष्ठी के अवसर पर श्री शैलेन्द्र कुमार रस्तोगी, श्री शिव बिलास बाजपेई तथा श्री अमर सिंह के भी कला में कृष्ण की अभिव्यक्ति प्रकट करते हुए लघु निबन्ध प्राप्त हुए। राज्य संग्रहालय, लखनऊ की पुस्तकालयाध्यक्षा कु० सुषमा श्रीवास्तव ने इस अवसर पर श्रीकृष्ण विषयक पर एक उपयोगी संदर्भ सूची प्रस्तुत की।

संगोष्ठी का उद्घाटन पद्मभूषण श्री शिवराम मूर्ति ने आगन्तुक विद्वानों का स्वागत उत्तर प्रदेश, सरकार के सांस्कृतिक सचिव डा० जे० पी० सिंह ने, तथा अध्यक्षता भारत सरकार की संयुक्त शिक्षा सलाहकार श्रीमती कपिला वात्सायन ने किया। उन्होंने कृष्ण के व्यक्तित्व तथा भारतीय कला और संस्कृति पर उनके प्रभाव पर अपने विचार भी व्यक्त किये। संगोष्ठी की समाप्ति पर अपने विदाई भाषण से उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक कार्य, की निदेशिका श्रीमती मंजुलिका गौतम ने आये हुए विद्वानों को हार्दिक बधाई दी। अन्त में संग्रहालय के निदेशक, श्री रमेश चन्द्र शर्मा ने सभी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और भविष्य में पुनः ऐसे ही सहयोग की अपेक्षा की।

संगोष्ठी के शुभारम्भ के दिन ही कला में कृष्ण विषयक एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई जिसका उद्घाटन उ० प्र० के सांस्कृतिक कार्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डा० जे० पी० सिंह ने किया।

गीता के अनुसार अवतार का कारण

अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोऽपिसन् ।
प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय संभवाम्यात्ममायया ।। ४.६ ।।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत ।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ।। ४.७ ।।

परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम् ।
धर्म संस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे ।। ४.८ ।।

यादगारे सुलहेकुल—राष्ट्रीय एकता प्रदर्शनी

अशफ़ाक़ अहमद ख़ाँ

सम्राट अकबर की उदार और सह-अस्तित्व की नीति "सुलहेकुल" की स्मृति में सांस्कृतिक कार्य विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा एक विशेष सांस्कृतिक प्रदर्शनी दीवाने आम, लाल किला, आगरा के बरामदे में आयोजित की गई जिसमें उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार, राज्य पुरातत्व संगठन तथा राज्य संग्रहालय, लखनऊ ने संयुक्त रूप से अभिलेखों, छायाचित्रों और विभिन्न कलाकृतियों के माध्यम से सम्राट अकबर की शांति प्रिय तथा धर्म समन्वय की नीति को आलोकित किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन भारत सरकार के माननीय गृहमंत्री श्री ज्ञानी जैल सिंह जी के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ जो ३१ अक्तूबर से २ नवम्बर १९८० तक देश-विदेश के पर्यटकों एवं दर्शकों का ज्ञान वर्धन कराती रही।

अकबर सर्वप्रथम मुसलमान शासक था जिसने भारतीय प्रजा में सभी धर्म के लोगों के प्रति सहिष्णुता की भावना को अपने सम्राज्य की एक महत्वपूर्ण नीति के रूप में अपनाया और उसको पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ कार्यान्वित किया। उदारता अकबर को पैतृक सम्पत्ति के रूप में मिली थी क्योंकि बाबर तथा हुमायूँ भी अपने समय के हिसाब से बहुत उदार थे। अकबर के शिक्षकों में से मीर अब्दुल लतीफ क़ज़यानी के उदार और सहिष्णुतापूर्ण व्यक्तित्व ने अकबर पर और भी गहरा प्रभाव डाला। कहा जाता है कि सम्राट की सुलहेकुल की नीति के प्रेरक भी अब्दुल लतीफ क़ज़यानी ही थे जिन्हें उनकी उदारता और व्यापक दृष्टिकोण रखने के कारण ईरान में सुन्नी तथा भारत में शिया समझा जाता था।

अकबर ने अपनी सुलहेकुल की नीति के अन्तर्गत सभी धर्म के मतावलम्बियों तथा सभी वर्ग के लोगों में एकता की भावना उत्पन्न करने का प्रयास किया। उसने प्रजा में यह भावना जागृत की कि राज्य में अन्य धर्म के लोगों का भी पूरा योगदान है तथा उनका शासक अकबर विदेशी होते हुये भी पूर्ण रूपेण भारतीय है। उसने भारतीय रीति-रिवाज, कला, स्थापत्य आदि को पूर्ण रूप से अपने विचारों के साथ

श्री अशफ़ाक़ अहमद ख़ाँ, मुद्राविद्, राज्य संग्रहालय, लखनऊ।

मिलाकर एक नया रंग दिया और फलस्वरूप एक मिश्रित शैली का विकास हुआ जिसको मुग़ल शैली के नाम से जाना जाता है ।

सभी धर्मों को जानने की जिज्ञासा से इबादत खाने में विभिन्न मतावलम्बियों से विचार विमर्श करने के कारण उसके विचारों में सभी धर्मों की अच्छी बातों का सामंजस्य उत्पन्न हुआ । उस पर हिन्दू, बौद्ध, जैन, पारसी तथा ईसाई धर्मो का भी अधिक प्रभाव पड़ा और उसने इन सभी धर्मों की बहुत सारी बातों को अपनाया । अनेक धर्म सम्प्रदायों के आचार्यो से सतसंग और विचार कर उनकी सभी महत्वपूर्ण बातों का निचोड़ लेकर अकबर ने १५८२ ई० में एक नये धर्म का सूत्र पात किया जिसे हम दीन-ए-इलाही के नाम से जानते हैं । सुलहेकुल के आदर्शों पर प्रतिष्ठित दीन-ए-इलाही की मान्यता के लिये सम्राट ने कभी किसी को बाध्य नहीं किया । उसका अभिप्राय केवल धर्म समन्वय की भावना को उत्पन्न कर राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना था जिससे कि राज्य में शान्ति उत्पन्न हो सके और साम्राज्य समृद्ध और शक्तिशाली बन सके । सर्व धर्म समन्वय अथवा सुलहेकुल की भावना का सम्राट ने न केवल अनेकों माध्यमों से प्रचार और प्रसार किया बल्कि इन आदर्शों को उसने अपने जीवन में पालने का पूरा प्रयत्न किया । तीर्थ यात्रा कर तथा जज़िया करों को न केवल उठा लिया गया अपितु मंदिरों के निर्माण पर लगे प्रतिबन्धों को हटाकर अनेकों मन्दिरों के निर्माण तथा उपासक संतों तथा आचार्यों के निर्वाह हेतु राज्य से सहायता भी प्रदान की जाने लगी ।

प्रदर्शनी में अकबर महान की सुलहेकुल नीति की झाँकी विभिन्न माध्यमों से प्रस्तुत की गई थी । सम्राट के अनेकों फ़रमान और अभिलेखों से उसकी उदार धार्मिक नीति का परिचय मिलता है । ये फ़रमान सन्तों, महात्माओं, देवालयों की सहायता आदि से सम्बन्धित हैं । प्रदर्शनी में वे फरमान प्रदर्शित थे जिनके द्वारा सम्राट ने वृन्दावन के गोविन्द देव मन्दिर तथा मदन मोहन मन्दिर के रखरखाव, प्रयोग तथा इलाहाबाद संगम के मन्दिरों की सुरक्षा तथा मदद-ए-माश के लिये आदेश जारी किये थे । वैचारिक क्रांति के फलस्वरूप अनेकों संस्कृत तथा फ़ारसी ग्रन्थों का एक दूसरी भाषा में अनुवाद हुआ । इनमें से बहुत से ग्रन्थ कलात्मक चित्रों से अलंकृत हुये ।

प्रदर्शित हस्तलिखित ग्रन्थों में अकबर के आदेश से संस्कृत से फ़ारसी भाषा में किये गये अनुवाद तथा समकालीन लेखकों की कृतियों की हस्तलिखित प्रतियाँ जैसे अकबर-नामा, आईन-ए-अकबरी, एयार-ए-दानिश, सचित्र नल दमन तथा महाभारत, रामायण, लीलावती, मुनतख़ब-उत-तवारीख़ इत्यादि प्रमुख है ।

स्थापत्य में अकबर की उदार विचारधारा का परिचय तत्कालीन स्मारकों से मिलता है जिसमें मन्दिर, मस्ज़िद, भवनों के हिन्दू-मुस्लिम अलंकरण प्रतीक उत्कीर्ण हैं । यह स्मारक छाया चित्रों के माध्यम से प्रदर्शनी में प्रदर्शित किये गये थे । सम्राट अकबर की धार्मिक सहिश्रुष्णुता के कारण वृन्दावन में अनेकों मन्दिरों का निर्माण हुआ जिनमें गोविन्द देव मन्दिर, गोपीनाथ मन्दिर, मदनमोहन मन्दिर तथा युगल किशोर मन्दिर मुख्य हैं । इन मन्दिरों में हिन्दू स्थापत्य कला की विशेषताएँ जैसे कमलाकृतियों से अलंकृत ब्रैकेट, लिंटल रेखाकृति तथा गजपृष्ठाकृति छतों के साथ साथ मुस्लिम स्थापत्य कला की विशेषतायें जैसे मेहराब तथा गुम्बदाकार छतें भी स्पष्ट रूप से झलकती हैं । इसी काल में हिन्दू मन्दिरों का निर्माण पूर्णतया

मुस्लिम शैली में भी हुआ है जिनमें अकबरपुर (जिला कानपुर) के शुकुल तालाब एवं मन्दिर, कलारिन का हरि मन्दिर तथा मछरेहटा (जिला सीतापुर) में हरिद्वार विशेष उल्लेखनीय है। फतेहपुर सीकरी में बीरबल का महल हिन्दू एवं मुस्लिम कला का एक अनूठा उदाहरण है। अकबर द्वारा बनवाई गई शेख़ सलीम चिश्ती की दरगाह तथा ख़ैराबाद (जिला सीतापुर) में फ़ैज़ी द्वारा निर्मित छोटे मख़दूम शाह की दरगाह में हिन्दू स्थापत्य कला का प्रभाव अपना एक अनूठा उदाहरण है। ये कलाकृतियों से अलंकृत है तथा इसकी गुम्बदाकार छत पर हिन्दू मन्दिरों की तरह आमलक तथा कलश प्रतिष्ठापित हैं। शेख सलीम चिश्ती की दरगाह के द्वार पर अर्धमण्डप का होना हिन्दू स्थापत्य कला का प्रतीक है। फतेहपुर सीकरी के बने राज भवनों के हिन्दू मुस्लिम अलंकरणों का जवाब नहीं है।

हिन्दू-मुस्लिम समन्वित विचार धारा का सुन्दर प्रस्फुटन मुग़ल काल के लघु चित्रों में हुआ। मुगल शैली के नाम से भारतीय चित्र कला की नवीन धारा प्रवाहित हुई जिसमें हिन्दू तथा मुसलमान दोनों चितेरों ने अपनी तूलिका का कमाल दिखाया। फ़ारसी विषयों और भारतीय पृष्ठभूमि तथा भारतीय चरित्र और फ़ारसी वेषभूषा ने चित्रकला के क्षेत्र में नई क्रान्ति पैदा कर दी। कला में सुलहेकुल की भावना अकबर काल में लिखित और चित्रित हस्तलिखित ग्रन्थों, लघुचित्रों आदि से अभिव्यक्त होती है। प्रदर्शनी में इस समय के कुछ महत्वपूर्ण चित्र भी लगाये गये थे जिन्हें अकबर के दरबारी चित्रकारों तथा उसके समकालीन चित्रकारों ने तैयार किये थे जिनमें हिन्दू मुस्लिम एकता की स्पष्ट झलक मिलती है। अकबर के समय में रामायण कथानक पर बहुत ही सुन्दर चित्र बने। इनमें से कुछ चित्र भारत कला भवन वाराणसी से प्रदर्शन हेतु आगरा लाये गये थे। इन चित्रों की पृष्ठभूमि तथा वेशभूषा भी मुग़ल है किन्तु विषय हिन्दू हैं। इनमें से एक चित्र में भीम को हनुमान की पूँछ हटाते हुये दिखाया गया है। ईसाई धार्मिक नेताओं के सम्पर्क में आने के के कारण अकबर के समय के कुछ चित्रों में ईसाई विषय को भी अपनाया गया जैसे मेरी के साथ शिशु ईसा मसीह का चित्र जो बहुत ही सुन्दर है। प्रदर्शनी में प्रदर्शित राज्य संग्रहालय, लखनऊ के एक चित्र में राम तथा वशिष्ठ को वार्तालाप करते हुए दिखाया गया है इसमें काली दाढ़ी के साथ मुग़ल वस्त्र पहने वशिष्ठ बिल्कुल मुग़ल दिखाई पड़ते हैं। इसी चित्र में एक यज्ञ का भी दृश्य है जिसमें हिन्दू पुरोहितों के साथ मुसलमान भी दिखाई दे रहे हैं जो अकबर की धार्मिक नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इसी प्रदर्शनी में राज्य संग्रहालय, लखनऊ की अकबर कालीन फ़ारसी भाषा में अनुदित हरिवंश पुराण की एक सचित्र पाण्डुलिपि भी प्रदर्शित थी। अकबर के समय में कथाग्रन्थ पंचतन्त्र का "अनवार-ए-सुहेली" के नाम से अनुवाद किया गया तथा अनेक मुसलमान तथा हिन्दू दरबारी चित्रकारों जिनमें मिसकीन, साँवला, जगन्नाथ, फर्रुख़चेला, बसावन इत्यादि प्रमुख है, ने मुगल परिवेश को आधार बनाकर आकर्षक चित्र बनाए। इन चित्रों के रंगीन छाया चित्र भी प्रदर्शनी में लगाये गये थे।

आईन-ए-अकबरी में कुछ चित्रकारों के नाम इस प्रकार दिये गये हैं।

१—दसवन्त
२—बसावन
३—केशव
४—लाल
५—मुकुन्द
६—मिस्कीन

७—फर्रूख़ चेला
८—मधु
९—जगन
१०—महेश
११—खेमकरन
१२—तारा
१३—साँवलां
१४—हरिबंस
१५—राम

इन नामों का भी एक चार्ट बनाकर जनसाधारण की जानकारी हेतु प्रदर्शित किया गया था। प्रदर्शनी में वृन्दावन शोध संस्थान से प्राप्त कुछ हस्तलिखित ग्रन्थों के कुछ पृष्ठ भी प्रदर्शित थे जिनसे पता चलता है कि अकबर के समय में लाहौर तथा आगरा में कुछ संस्कृत ग्रन्थों का अनुवाद हुआ।

एक प्रदर्शन कक्ष में अकबर द्वारा चलाये गये इलाही सम्वत् के सिक्कों को प्रदर्शित किया गया था। इनमें से १६०५ ई० में चलाये गये "राम सिय" टंके की प्रतिकृति जनता के अत्याकर्षण का केन्द्र बन गई थी क्योंकि एक मुसलमान शासक द्वारा राम और सीता की आकृति का अपने सिक्के पर अंकन एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात थी। जबकि उससे पूर्व के शासक अपने सिक्कों पर कलमा आदि लिखा करते थे। यह अंकन अकबर की उदार सुलहेकुल नीति का जीता जागता अनूठा उदाहरण है और इस बात का द्योतक है कि अकबर की सुलहेकुल नीति केवल एक दिखावा नहीं थी अपितु सम्राट उसको लागू करने के लिये पूर्ण रूप से गम्भीर था।

प्रदर्शनी को विभिन्न प्रकार से ज्ञानवर्धक और जनसाधारण के लिये मनोरंजक बनाने की चेष्टा की गई थी। उपयुक्त स्थानों पर लगाए गए कक्ष परिचय पटों तथा वस्तु परिचय पट्टियों तथा सुलहेकुल परिचायक पटों से दीन-ए-इलाही" के प्रमुख सिद्धान्तों, तत्कालीन धर्माचार्यों, महात्माओं, विद्वानों तथा कलाकारों और सम्राट के प्रमुख सामन्तों के नामों की भी जानकारी मिलती थी। इनमें से कुछ निम्न प्रकार से हैं :—

विद्वान

१–मधुसरस्वती, २–मधुसूदन, ३–नारायण मिश्र, ४–हरिजी सूर, ५–यदरूप नारायण, ६–मधुभट्, ७–श्री भट्ट, ८–विष्णु नाथ, ९–राम कृष्ण, १०–वलभद्र मिश्र, ११–वासुदेव मिश्र, १२–रमण भट्ट, १३–गोपी नाथ तथा भगीरथ भट्टाचार्य आदि (स्रोत आईन-ए-अकबरी)।

अकबर के मंत्री और हिन्दी के प्रसिद्ध भक्त कवि अब्दुररहीम ख़ानख़ाना के श्री कृष्ण के प्रति उद्गार व्यक्त करने वाले निम्न दोहे को सुन्दर ढंग से पट्टिका पर लिखकर दर्शकों के ज्ञान वृद्धि हेतु लगाया गया था :—

"रहिमन कोऊ का करै, ज्वारी चोर लबार।
जो पत राखन हार है, माखन चाखन हार॥

इसी प्रकार समकालीन प्रसिद्ध कृष्ण भक्त रसखान के ब्रज प्रेम को लौकिक करने वाले दोहे भी पट्टिका द्वारा प्रदर्शित किये गये थे जो निम्न प्रकार से हैं :—

अकबर का रामसीय टंका
(प्रतिकृति राज्य संग्रहालय, लखनऊ)

केन्द्रीय गृहमंत्री ज्ञानी ज़ैलसिंह द्वारा राष्ट्रीय एकता प्रदर्शनी का उद्घाटन।
यादगारे सुलहेकुल, दीवानेआम, आगरा ३१-१०-१९८०

मानस हौं तो वही रसखान,
बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।
जो पशु हौं तो कहा बस मेरो,
चरौं नित नन्द की धेनु मँझारन।
पाहन हौं तो वही गिरि को,
जो धरयों कर छत्र पुरन्दर धारन।
जो खग हौं तो बसेरो करौं,
मिलि कालिन्दी कूल कदम्ब की डारन।

अकबर स्वयं भी हिन्दी में कविता करता था। बीरबल के निधन पर उसके द्वारा कहे गये दोहे को भी दर्शकों ने बहुत सराहा था :—

"दीन देखि सब दीन, अके न दीन्हों दुसह दुख।
सो अब हम कहं दीन, कछु नहि राख्यों बीरबल।।

इसी प्रकार गोकुल के गुसाईं विट्ठल राय को गोरखनाथ के मन्दिर के रखरखाव आदि के बारे में सम्राट अकबर द्वारा जारी किये गये फ़रमानों का अनुवाद भी लिखकर जनसाधारण के सूचनार्थ लगाया गया था। इनमें से एक फ़रमान का अनुवाद निम्न प्रकार से यहाँ प्रस्तुत है :—

"इस वक्त में यह फ़रमान आलीशान सादिर हुआ कि मोज़े गोकुल में गुजरधार मतेसिल परगने महाबन ठाकुर द्वारे के ख़र्च वास्ते गुसाईं बिट्ठल राय को नसल बाद नसल मुक़र्रर कर सुपुर्द किया गया"

(तहरीर तारीख़ १५ ख़ुरदाद माह इलाही सन् ३८ मुताबिक सन् १५९४ ईस्वीं व सम्वत १६५१ विक्रमी।

प्रदर्शित सामग्री, सांस्कृतिक कार्य विभाग, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत राजकीय अभिलेखागार, राज्य पुरातत्व संगठन तथा राज्य संग्रहालय, लखनऊ द्वारा आयोजित की गई थी। इसमें कुछ अन्य संस्थायें जैसे भारत कला भवन, वाराणसी, वृन्दावन शोध संस्थान, वृन्दावन, रज़ा पुस्तकालय, रामपुर, राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली ने भी अपने संकलन से महत्वपूर्ण सामग्री भेजी थी। इसके अतिरिक्त श्री एच० के० वातल व श्री वी० एस० तिवारी, आगरा ने भी प्रदर्शनी हेतु कुछ चित्र प्रदान किये थे।

प्रदर्शनी में राजकीय संग्रहालय, मथुरा से लाए गये साहित्य, चित्र, चित्रकार्ड, प्लास्टर अनुकृतियां भी उचित मूल्य पर विक्रय हेतु उपलब्ध थीं। इनमें सम्राट अकबर व उसके समकालीन संत स्वामी हरिदास जी तथा भक्त कवि सूरदास जी की अनुकृतियाँ मुख्य थीं।

अकबर के समय में लिखित महाभारत के आश्रम पर्व की प्रति

[वृन्दावन शोध संस्थान, वृन्दावन]

सांस्कृतिक कार्य विभाग उ० प्र० द्वारा आयोजित

ग्राउज स्मारक व्याख्यानमाला

७ से ९ मार्च १९८०

फ्रेडरिक सामन ग्राउज़

फ्रेडरिक सामान ग्राउज १९ वीं शती के प्रमुख प्राच्य विद्याविद् थे। उनका जन्म इंग्लैण्ड के दक्षिण-पश्चिमी सफोक के छोटे ग्राम बिल्डेस्टन में १८३७ में हुआ था। पिता रावर्ट ग्राउज के वह तृतीय पुत्र थे। आक्सफोर्ड से एम० ए० परीक्षा उत्तीर्ण कर १८६० में वह बंगाल सिविल सर्विस में प्रविष्ट हुए और एशियाटिक सोसायटी के सदस्य भी मनोनीत हुए। १८७१ में वह मथुरा में ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट होकर आए और एक वर्ष बाद जिला मजिस्ट्रेट बन गए। १८७८ में उनका बुलन्दशहर के लिए स्थानान्तरण हुआ, जहाँ वह १८८३ तक कलक्टर रहे। ग्राउज ने फतेहपुर, मैनपुरी और फतहगढ़ (फर्रुखाबाद) में भी जिला कलक्टर का पद सम्हाला। १ जनवरी १८७९ को उन्हें सी० आई० ई० उपाधि मिली। किन्तु अत्यधिक परिश्रम तथा स्थानान्तरणों से खिन्न रहने के कारण वह क्षय रोग से ग्रस्त हुए और समय से पूर्व ही उन्हें पेंशन लेकर इंग्लैण्ड लौटना पड़ा; जहाँ १९ मई, १८९३ को हसलमेर में उनका निधन हुआ।

हिन्दी सेवा

भारतीय प्रशासनिक सेवा में बहुत कम ऐसे अंग्रेज अधिकारी हुए हैं; जिन्होंने भारत को स्वदेश से भी अधिक आतमीयता प्रदान की और भारतीय संस्कृति, कला, भाषा आदि के समुन्नयन, प्रोत्साहन तथा सम्वर्द्धन के लिए जिन्होंने अपना जीवन बलिदान कर दिया। ग्राउज का व्यक्तित्व ऐसा ही बहुमुखी था।

वह अनेक भाषाओं के विद्वान थे, और मुख्य रूप से अंग्रेजी, संस्कृत, हिन्दी तथा फारसी में निष्णात थे। अंग्रेज होते हुए भी उन्होंने हिन्दी के लिए जितना महान् कार्य किया, वैसा हिन्दी के बहुत ही कम महारथी कर पाए हैं। तुलसी-कृत रामचरित मानस का उत्कृष्ट अंग्रेजी अनुवाद कर उन्होंने भारत की अमूल्य सांस्कृतिक और साहित्यक निधि-का विश्व से साक्षात्कार कराया। इसके साथ ही रामचरित मानस को पाठ्यक्रम में स्थान दिलाने का श्रेय भी ग्राउज को है। उनके मानस अनुवाद की तत्कालीन समीक्षकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है। हिन्दी के सुनियोजित विकास के लिए हिन्दी व्याकरण के पठन-पाठन में भी ग्राउज ने पहल की। ब्रज के अनेक कवियों के स्फुट छंदों का अंग्रेजी अनुवाद कर ग्राउज ने उन्हें व्यापक प्रसिद्धि प्रदान की। उन्होंने सुप्रसिद्ध विद्वान ग्रियर्सन के विरोध में हिन्दी की नागरी लिपि का समर्थन किया। वह हिन्दुस्तानी के नहीं, अपितु शुद्ध हिन्दी के पक्षधर थे।

इतिहासकार

ग्राउज के व्यक्तित्व का दूसरा पक्ष है—उनका इतिहासकार का स्वरूप। इसका सर्वोत्तम प्रमाण उनका मथुरा जिले का गजेटियर है, जो 'मथुरा मेमोयर' के नाम से प्रसिद्ध है। सौ वर्ष से अधिक समय व्यतीत होने पर तथा अनेक पुरातात्विक शोधों के सम्पन्न होने पर भी यह ग्रंथ अभी तक व्रज के इतिहास के अध्ययन के हेतु आकर ग्रन्थ के रूप में समादृत है। इस ग्रन्थ को उन्होंने शासकीय गजेटियर से सर्वथा भिन्न रूप प्रदान किया और प्रशासनिक एवं ऐतिहासिक तथ्यों के साथ ही व्रज के पारम्परिक, पौराणिक और सांस्कृतिक स्वरूप को भी पूर्णतया आलोकित किया है। यद्यपि कुछ स्थलों पर उनकी मान्यताओं में पूर्वाग्रह प्रतीत होता है तथापि उनकी चिन्तन तथा तर्क शैली सराहनीय है। ग्रन्थ के अन्त में स्थानों के नाम की विवेचना उनके उच्च कोटि के भाषा शास्त्री स्वरूप को मुखरित करती है। बुलन्दशहर का गजेटियर भी उनकी इतिहास-परक विद्वता का परिचायक है।

भारतीय शिल्प के प्रशंसक व समुद्धारक

ग्राउज के व्यक्तित्व का तीसरा पक्ष है—भारतीय शिल्प शास्त्र और वास्तु शैली का विशिष्ट ज्ञान तथा उसके उद्धार के लिए प्रयास। मथुरा जिले में उन्होंने अनेक प्राचीन मन्दिरों का जीर्णोद्धार कराया, जिनमें वृन्दावन का गोविन्ददेव का मन्दिर प्रमुख है। इसके साथ ही उन्होंने तत्कालीन स्थापत्य को भी विकसित होने के अनेक अवसर प्रदान किए। ग्राउज का १८७८ में जब मथुरा से बुलन्दशहर को स्थानान्तरण हुआ तो वह मिरचू और यूसुफ नामक दो कुशल वास्तुकारों को अपने साथ ले गये और उनके तथा अन्य स्थानीय शिल्पियों के सहयोग से बुलन्दशहर में अनेक कलात्मक भवनों का निर्माण कराया। ग्राउज ने तत्कालीन भारतीय वास्तु शास्त्र पर दो लघु ग्रन्थ लिखे हैं, जिनकी भूमिका में उनका भारतीय शिल्प सौष्ठव के प्रति सहज अनुराग झलकता है। ग्राउज को पश्चिमी तड़क भड़क से वितृष्णा थी और वह उनके अंधानुकरण के कटु आलोचक थे। उन्होंने ऐसे भारतीयों को भी प्रताड़ित किया है, जो सरकारी सेवा में प्रोन्नति के लालच से अथवा अन्य किसी लोभ से भारतीय संस्कृति और परम्परा की उपेक्षा कर पाश्चात्य जगत का अनावश्यक अनुकरण करने की होड़ लगाते रहते हैं। ग्राउज का विश्वास था कि श्रेष्ठ कार्य करने वाले को अधिक वेतन दिया जाय, चाहे उसका अक्षर ज्ञान भले ही कम हो। इसी उद्देश्य से वह भारतीय कारीगरों, शिल्पियों के बड़े गुण-ग्राही थे। वास्तव में भारत में उनके जीवन का आरम्भ ही कलकत्ते में आयोजित भारतीय कला प्रदर्शनी की व्यवस्था से हुआ था। अतः उन्हें भारतीय कला की विशेषताओं को आरम्भ से ही बारीकी से पहचानने का अवसर मिला।

चिन्तक

ग्राउज के व्यक्तित्व का चौथा पक्ष है—उनका दार्शनिक जीवन और अध्यात्म प्रधान चिन्तन। अनेक भाषाओं के पण्डित होने के साथ ही उन्होंने भारतीय तत्व-चिन्तन का भी गम्भीर अध्ययन किया था। मथुरा मेमायर में व्रज के अनेक वैष्णव सम्प्रदायों की समीक्षा करते हुए ग्राउज का दार्शनिक चिन्तक स्वरूप

उभरा है। फलतः उन्होंने विभिन्न सम्प्रदायों के गुण और दोषों का अपनी तार्किक दृष्टि से विस्तृत विवेचन किया है। ग्राउज ने अपने निबन्धों में इस पाश्चात्य भ्रान्ति का निराकरण किया कि कृष्ण क्राइस्ट का ही स्वरूप हैं! अनेक वैष्णव सन्तों में गोस्वामी तुलसीदास को उन्होंने मूर्धन्य इसलिए माना है कि उन्होंने भारतीय संस्कृति का सर्वोत्कृष्ट तथा सर्व लोकप्रिय सार प्रस्तुत करते हुए भी स्ययं अपने नाम से कोई सम्प्रदाय नहीं चलाया। उन्होंने मथुरा के वैष्णव स्वरूप के साथ प्राचीन बौद्ध और जैन स्वरूप का भी वर्णन किया है। दार्शनिक चिन्तक होने के अतिरिक्त एक सत्यनिष्ठ विद्वान थे। जब उन्होंने रामचरित मानस का पर्याप्त अंग्रेजी अनुवाद कर डाला तब उन्हें पता लगा कि उनसे पहले भी मानस का अंग्रेजी अनुवाद कलकत्ता के फोर्ट विलियम कालेज के अदालत खाँ ने किया है। उन्होंने इस तथ्य को अयोध्या काण्ड के संस्करण में प्रकाशित करते हुए अदालत खां की अनुवाद शैली के दोषों से भी अवगत कराया।

लोकोपकारी प्रशासक

एफ० एस० ग्राउज के व्यक्तित्व का पाँचवा पक्ष है—एक प्रशासक के रूप में उनकी उपलब्धि। उनकी साहित्य साधना से उच्च अधिकारी प्रसन्न नहीं थे और उनकी इच्छा के विरुद्ध स्थानान्तरण करते रहे। इसी कारण ग्राउज प्रायः खिन्न और रोग ग्रस्त रहे तथापि एक जिलाधीश को जनता के लिए जितना कुछ करना चाहिए उससे कहीं अधिक उत्तरदायित्वों का निर्वाह ग्राउज ने किया। उनके समय मथुरा में कृषि के उपयोग के लिए नहरें निकाली गयीं, रेलवे लाइन बिछायी गयीं, मथुरा से हाथरस तक की छोटी लाइन का उपयोग १९ अक्टूबर, १८७५ को ग्राउज के समय ही हुआ और मथुरा-अछनेरा पर मिट्टी पड़नी आरम्भ हुई। गरीब घर बनाये गये, कुछ सड़कों का निर्माण हुआ। ये सभी कार्य बड़े जनोपयोगी थे। वल्लभ सम्प्रदाय का विशेष केन्द्र स्थान गोकुल, जो अत्यन्त उपेक्षित अवस्था में था ग्राउज के समय रूपान्तरित हो गया तथा वहां एक संस्कृत पाठशाला आरम्भ की। ग्राउज घोर अध्यवसायी और परिश्रमी थे। अनेक असुविधाओं का सामना करते हुए उन्होंने जिन परिस्थितियों में साहित्य साधना और विशेष रूप से मानस का अंग्रेजी अनुवाद किया उससे उनके तपस्वी जीवन पर प्रकाश पड़ता है। जिला प्रशासक के रूप में इतना घोर परिश्रम भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए एक महती प्रेरणा है।

पुरावेत्ता

ग्राउज के व्यक्तित्व का छठा और महत्वपूर्ण पक्ष है कि वह एक विशिष्ट पुरावेत्ता थे और उन्होंने अपने मथुरा काल में यहां के अनेक पुरा स्थलों का सर्वेक्षण किया एवं महत्वपूर्ण कला रत्न प्राप्त किये। इन पुरावशेषों की विशेषताओं पर उन्होंने तत्कालीन शोध पत्रिकाओं में अनेक निबन्ध लिखे और कुछ मूर्ति-लेखों का भी अध्ययन और प्रकाशन किया।

मथुरा संग्रहालय की स्थापना

ग्राउज का ब्रज की प्राचीन संस्कृति के अध्ययन और अनुशीलन में सर्वोत्कृष्ट योगदान था—१८७४

में मथुरा संग्रहालय की स्थापना। इससे पूर्व मथुरा क्षेत्र से मिली कला राशि उत्खनन कर्ता की इच्छा के अनुसार यत्र-तत्र भेजी जाती रही और ब्रज क्षेत्र का साँस्कृतिक सम्पदा कोष शनैः शनैः रिक्त होने लगा। ग्राउज ने इस शून्यता का आकलन किया और मथुरा की कला निधि को स्थानीय रूप से ही सुरक्षित करने का संकल्प करते हुए एक छोटे से अतिथि भवन को परिवर्तित कर संग्रहालय का श्री गणेश किया। इस भवन का परिवर्द्धन भी १९ वीं शताब्दी की तक्षण कला का एक सुन्दर मानक है। इससे ज्ञात होता है कि ग्राउज शिल्पियों को अपना कौशल प्रदर्शित करने का पूर्ण अवसर प्रदान करते थे। मथुरा संग्रहालय अब विशाल बट वृक्ष के रूप में भगतसिंह पार्क में विकसित हो रहा है और प्राचीन भारतीय कला के शोध तथा अध्ययन के हेतु यह अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति अर्जित कर चुका है।

इस प्रकार ग्राउज का भारतीय संस्कृति और हिन्दी के प्रति महान् योगदान है। ब्रज के लिए उनकी अविस्मरणीय देन है। उनके यशस्वी कृतित्व की स्मृति में व्याख्यान माला का श्रीगणेश करते हुए सांस्कृतिक कार्य विभाग उत्तर प्रदेश तथा मथुरा संग्रहालय परिवार को असीम हर्ष है। इससे संस्कृति के विविध पक्ष आलोकित होते रहेंगे।

रमेशचन्द्र शर्मा
निदेशक, राजकीय संग्रहालय, मथुरा

७.३.१९८०

मंजुलिका गौतम
निदेशक, सां० कार्य उ० प्र०

WORKS OF F. S. GROWSE

1. Mathura—A District Memoir 1874, 1880, 1883.
2. The Ramayana of Tulsi Das (Translation) 1883.
3. Bulandshahr or Sketches of an Indian District 1884.
4. Indian Architecture of Today, Two parts, 1885-86.
5. Supplement to the Fatehpur Gazetteer 1887.

A glimpse of Growse Memorial Lecture at Mathurā Museum, 7.3.1980.

निवेदन

१ पत्रिका उत्तर प्रदेश के संग्रहालय एवं पुरातत्व से सम्बन्धित सभी विषयों पर लिखे शोधपूर्ण लेखों का स्वागत करती है।

२ लेख हिन्दी या अँग्रेज़ी भाषा में हों।

३ लेखकों के मतों के लिये सम्पादक मण्डल का उत्तरदायित्व नहीं है।

४ पत्रिका के लिए प्रकाशनार्थ आने वाले लेख क्रमश: 15 जून एवं 16 दिसम्बर तक कार्यकारी सम्पादक के पास भेजे जायें।

५ लेख कागज के एक ही ओर दोहरे स्पेस में टंकित हों एवं सम्बन्धित चित्रों एवं रेखा चित्रों के विषय में स्पष्ट निर्देश हों।

६ अस्वीकृत लेख तभी वापस भेजे जायेंगे जब उनके साथ लेखक के द्वारा उचित मात्रा में डाक टिकट भेजे गये हों।

७ प्रकाशनीय सामग्री सम्बन्धी सम्पादक का निर्णय अन्तिम होगा।

८ लेख के प्रकाशित होने पर लेखक को, पत्रिका के अंक की एक प्रति तथा उसके लेख की 25 अतिरिक्त प्रतियाँ भेंट की जायेंगी।

९ पत्रिका में प्रकाशित हुए लेख, चित्र या छाया चित्र पूर्ण रूप से या अंश रूप से पुन: मुद्रित करने के लिए पूर्वानुमति लेना आवश्यक है।

१० पत्रिका सम्बन्धी सभी प्रकार का पत्र-व्यवहार कार्यकारी सम्पादक, संग्रहालय पुरातत्व पत्रिका, राज्य संग्रहालय, लखनऊ 226001 के पते पर किया जाय।

MUSEUM PUBLICATIONS FOR SALE

Books	Authors	Price Per Copy Rs. P.
1. Catalogue of Brahmanical Sculptures in the State Museum, Lucknow, Part I	Dr. N. P. Joshi	26.00
2. Catalogue of Gandhara Sculptures in the State Museum, Lucknow	Dr. N. P. Joshi & Sri R. C. Sharma	17.35
3. Catalogue of Indo-Greek Coins in the State Museum, Lucknow	Dr. A. K. Srivastava	9.72
4. Catalogue of Śaka Pahlava Coins of North India in the State Museum, Lucknow.	Dr. A. K. Srivastava	16.00
5. Supplementary Catalogue of Mughal Coins in the State Museum, Lucknow	Sri C. R. Singhal	20.00
6. Coin Hoards of Uttar Pradesh in the State Museum, Lucknow. Vol. I	Dr. A. K. Srivastava	27.00 (Bound) 22.00 (Paperbound)
7. Mathurā Kī Murtikalā (Hindi)	Dr. N. P. Joshi	19.50

Research Journals

Bulletin of Museums & Archaeology in U. P.

Nos. 3 to 18	3.00 (per No.)
Nos. 19-20 June-Dec. 1977 (Joint issue)	10.00
Nos. 21-24 June 1978-Dec. 1979 (Joint issue)	20.00

Note : Prices are liable to change; Postage extra. Attractive terms for Booksellers. Contact the Director, State Museum, Lucknow-226001. Telephone No. 43107.

TABLE OF TRANSLITERATION

अ	आ	इ	ई	उ	ऊ	ए
a	ā	i	ī	u	ū	e
ऐ	ओ	औ	अं	अः	ऋ	ऌ
ai	o	au	ṁ	ḥ	ṛ	lṛ

क्	ख्	ग्	घ्	ङ
k	kh	g	gh	ṅ
च्	छ्	ज्	झ्	ञ
ç	ch	j	jh	ñ
ट्	ठ्	ड्	ढ्	ण्
ṭ	ṭh	ḍ	ḍh	ṇ
त्	थ्	द्	ध्	न्
t	th	d	dh	n
प्	फ्	ब्	भ्	म्
p	ph	b	bh	m
य्	र्	ल्	व्	श्
y	r	l	v	ś
ष्	स्	ह्	क्ष्	त्र्
ṣ	s	h	kṣ	tr
		ज्ञ्		
		jñ		

AVAILABLE FOR SALE

(i) Spare Treasure Trove Coins
(Dehli Sultans and Mughal Emperors, etc.)

(ii) Photographs of antiquities housed in the Museum.

(iii) Plaster Casts of antiquities in the Museum Collection.

Order should be placed with
The Director,
State Museum, Lucknow-226001
(Phone : 43107 and 49798)

PNAR MUDRAK, 117 NAZIRABAD, LUCKNOW (Ph. 43757)